सुप्रभात
रांची, गुरुवार
26.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 341

## रथ यात्रा

### भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व माता सुभद्रा का नेत्रदान आज



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर केवल आस्था और विश्वास का केंद्र नहीं है, बल्कि यह आदिवासी और सदान समुदाय के सम्मिलित सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। इसी आस्था के दरबार में 26 जून को दोपहर बाद भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और माता सुभद्रा का नेत्रदान अनुष्ठान संपन्न होगा। अगले दिन 27 जून को ऐतिहासिक रथ मेला का आयोजन होगा, जिसमें लाखों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए जुटेंगे।

## न्यूज डायरी

### झारखंड के कई जिलों में आज भारी बारिश

**रांची।** झारखंड के दक्षिण पश्चिमी जिलों में 26 जून को भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार ने पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पलामू, गढ़वा, चतरा, सिमडेगा और लातेहार में भारी बारिश होने की आशंका है। इसके अलावा 28 जून तक गर्जन और तेज हवा चलने की आशंका है।

### छठ पूजा के बाद बिहार विधानसभा चुनाव संभव

**नयी दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों में चुनाव आयोग पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इस बार 22 सालों के बाद राज्य में मतदाता सूची का व्यापक पुनरीक्षण किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, फाइनल मतदाता सूची जारी होने के तुरंत बाद, अक्टूबर के पहले सप्ताह में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है। संकेत मिल रहे हैं कि विधानसभा चुनाव दिवाली और छठ पूजा के बाद कराये जा सकते हैं।

### अमरनाथ यात्रा की शुरूआत 3 जुलाई से

**जम्मू।** इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हो रही है, इसके मद्देनजर सुरक्षा के पूरे इंतजाम कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अमरनाथ यात्रा 9 अगस्त को समाप्त होगी। इस बार बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए 10 एसपी, 15 डिप्टी एसपी, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए हैं।

# शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए रवाना

**वाशिंगटन।** भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए रवाना हो गए। फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से बुधवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम मिशन-4 स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने चार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरी। इसे फाल्कन 9 रॉकेट के माध्यम से कक्षा में प्रक्षेपित किया जायेगा। यान को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में पहुंचने में 28 घंटे का समय लगेगा। अंतरिक्ष स्टेशन धरती से करीब 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर है। यह पृथ्वी के चारों ओर एक निश्चित कक्षा में 28 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घूमता है। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु की इस मिशन में



पायलट की भूमिका है। उनके साथ इस मिशन में अनुभवी नासा अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन, पोलैंड से ईएसए अंतरिक्ष यात्री स्लावोज उज्नान्स्की विस्नीव्स्की और हंगरी से तिबोर कापू भी शामिल हैं। इस मिशन की अवधि 14 दिन है। नासा के अनुसार, लॉन्चिंग के अगले दिन 26 जून की शाम लगभग 4 बजकर 30 मिनट पर ड्रैगन कैप्सूल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा।

नासा और स्पेसएक्स के सहयोग से एक्सिओम स्पेस ने इस मिशन को तैयार किया है। यह कमर्शियल और वैश्विक अंतरिक्ष एक्सप्लोरेशन में एक बड़ा कदम है। किसी भी भारतीय एस्ट्रोनॉट (शुभांशु शुक्ला) की आईएसएस के लिए ये पहली उड़ान है जबकि अंतरिक्ष में जाने वाले वे दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले वर्ष 1984 में अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

### प्रभावितों के रोजगार और पुनर्वास का किया जायेगा समाधान

# संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी, ₹5940 करोड़ होगा खर्च

**केंद्रीय कैबिनेट**

एजेंसी

**नयी दिल्ली/धनबाद।** केंद्र सरकार ने बुधवार को झारखंड के धनबाद स्थित झरिया कोयलांचल के लिए संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत कुल 5,940.47 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। योजना का उद्देश्य वर्षों से चली आ रही आग, भूमि धंसान और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की गंभीर समस्याओं का समाधान करना है। संशोधित मास्टर प्लान चरणबद्ध तरीके से लागू होगा, जिसमें सबसे पहले आग और



धंसान से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में काम शुरू किया जाएगा। सरकार ने इस योजना में केवल पुनर्वास ही नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका निर्माण को भी प्रमुखता दी है, ताकि विस्थापित परिवार केवल नए घरों में न रहें बल्कि आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं पुनर्वास नीति के तहत, विस्थापित परिवारों को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा

- सभी प्रभावित परिवारों को ₹1 लाख की आजीविका अनुदान राशि दी जायेगी, वे ₹3 लाख तक की संस्थागत ऋण सहायता भी प्राप्त कर सकेंगे

जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़े।

**बुनियादी ढांचों का विकास :** इस योजना में पुनर्वास स्थलों पर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दिया जायेगा। इनमें सड़कें, बिजली, जल आपूर्ति, सीवरेज, अस्पताल, स्कूल, कौशल विकास केंद्र और सामुदायिक भवन शामिल हैं। यह सभी कार्य संशोधित झरिया मास्टर प्लान के कार्यान्वयन समिति की सिफारिशों के आधार पर किए जाएंगे।

केंद्रीय कैबिनेट के फैसले के अनुसार संशोधित मास्टर प्लान के तहत झरिया वैकल्पिक आजीविका पुनर्वास कोष की स्थापना की जाएगी, जो आजीविका से जुड़ी गतिविधियों और कौशल विकास प्रयासों को समर्थन देगा। इस कार्य में क्षेत्रीय बहु-कौशल विकास संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। इस संशोधित योजना से न केवल झरिया की गंभीर पर्यावरणीय और मानवीय समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि यह स्थानीय निवासियों को दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक उन्नति की ओर भी अग्रसर करेगी।

# सिल्ली के एक घर में घुसा बाघ वन विभाग ने किया रेस्क्यू

### अंधेरे में अहले सुबह घर घुस गया था बंगाल टाइगर

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली/मुरी।** रांची जिले के सिल्ली प्रखंड के मारदू गांव में बुधवार को पूरण चंद महतो के घर में एक बाघ घुस गया। इससे लोगों में हडकंप मच गया। बाघ घुसने की सूचना सिल्ली थाना और मुरी ओपी को दी गयी। सूचना मिलते ही प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचा और वन विभाग को इसकी सूचना दी। अनुमंडल दण्डाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने मुरी ओपी क्षेत्र के मारदू गांव में घटनास्थल से 200 मीटर की परिधि में जान माल की सुरक्षा को देखते हुए निषेधाज्ञा लागू कर दी। घर में बाघ घुसने के मामले में पूरण चंद महतो ने बताया कि सुबह 4:30 बजे वह उठकर दरवाजा खोलकर बाहर निकले, इसी क्रम में बाघ अंधेरे का फायदा उठाते हुए



घर में घुस गया। जब वे घर के अंदर घुसे तो बाघ को देखकर घबरा गये। धैर्य और साहस जुटाकर घर में सो रहे अपने तीनों बच्चों को लेकर बाहर भाग खड़े हुए और बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। बाघ ने किसी को क्षति नहीं पहुंचायी। वन विभाग सिल्ली, पलामू और ओरमांझी की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर बाघ को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर अपने साथ ले गए। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# रांची मेन रोड दंगा के आरोपी महबूब को नहीं मिली अग्रिम बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 में रांची के मेन रोड पर हुए दंगा मामले में आरोपी महबूब आलम को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। बुधवार को सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

गौरतलब है कि 10 जून 2022 को जुमे की नमाज के बाद रांची के मेन रोड इलाके में उपद्रव, पत्थरबाजी और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना के बाद डेली मार्केट थाना में बड़ी संख्या में लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में हजारों लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। महबूब आलम को भी इसी मामले में आरोपी बनाया गया है, जिसको लेकर उन्होंने अग्रिम जमानत की मांग की थी।, लेकिन हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद उसे खारिज कर दिया।



## गैस एजेंसी के ग्राहकों को दूसरी एजेंसी में भेजे जाने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में गैस एजेंसी के ग्राहकों को दूसरी एजेंसी में भेजे जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने गैस कंपनी के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसके तहत गैस एजेंसी के ग्राहकों को दूसरी गैस एजेंसी में स्थानांतरित किया जा रहा है। अदालत ने मामले में केंद्र सरकार और बीपीसीएल से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी। इस संबंध में देवी गैस एजेंसी सहित 12 गैस एजेंसियों की ओर से याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान गैस एजेंसियों की ओर से अधिवक्ता रूपेश सिंह ने अदालत को बताया कि 21 फरवरी 2025 को गैस कंपनी इंडेन और बीपीसीएल एक संकल्प जारी कर ग्राहकों का स्थानांतरण कर रही थी। कंपनी की ओर से कहा गया था कि जो मजबूत गैस एजेंसी है और जहां ग्राहकों की संख्या अधिक है, वहां के ग्राहकों को कमजोर और कम ग्राहक वाली गैस एजेंसी को स्थानांतरित किया जाएगा। यह प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई थी। प्रार्थियों की ओर से बताया गया कि ग्राहक उनकी वर्षों की गाढ़ी कमाई हैं, जिनके लिए एजेंसी ने खर्च भी किया है। अब इनकी मेहनत का फल किसी दूसरी एजेंसी को कैसे दिया जा सकता है। स्थानांतरण के लिए न तो ग्राहक और न ही एजेंसी से अनुमति ली जा रही है। एकतरफा कार्रवाई उचित नहीं है। कंपनियों की ओर से कहा गया कि कंपनी और गैस एजेंसी के समझौते के तहत उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। ग्राहक कंपनी के होते हैं, गैस एजेंसी के नहीं। इसलिए उनका आदेश उचित है। सुनवाई के बाद अदालत ने कंपनी के आदेश पर रोक लगाते हुए केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।


### नोटरी पब्लिक

शपथ पत्र सं.- 10837
मैं, मनोज उराँव, पिता- राजकुमार उराँव, निवासी- आदर चट्टी, थाना- घाघरा जिला- गुमला, झारखण्ड। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (JH0820040039184) में मेरा नाम मनोज कुमार उराँव अंकित है। मेरे आधार (307765532790) में नाम मनोज उराँव और पिता का नाम राजकुमार उराँव दर्ज है जो सही है। मनोज उराँव एवं मनोज कुमार उराँव एक ही व्यक्ति हैं। मेरे जानकारी में उपरोक्त सभी कथन सत्य है। ये शपथ पत्र दिनांक 21.06.2025 को संपन्न हुआ।

### NAME CHANGE

I , Payal Jalan, W/o Rajesh Jalan, R/o - House No.76 Near Uma Shanti Apartment, P.O - Ranchi University, P.S - Gonda, Saraitand Hatma Ranchi that maiden name was Mala Kumari, D/O Ram Bhagat Agrawal. That After marriage my name is changed Vide Affidavit - 1238 Dated - 23.6.2025 since then I will be known as Payal Jalan for all purposes.


### राज्य में जल जीवन मिशन की सीएस ने तमाम उपायुक्तों के साथ की समीक्षा

# जल जीवन मिशन की सफलता में सभी उपायुक्त लीडरशिप दें : मुख्य सचिव



**क्या है योजना की फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| कुल योजनाए : | 97,535 |
| पूर्ण योजनाएं : | 56,332 |
| ग्राम समिति को सुपुर्द योजनाएं : | 24,781 |
| कुल गांव : | 29,398 |
| नल जल से जुड़े गांव : | 6,963 |
| कुल घर : | 62,54,059 |
| नल से पानी आपूर्ति वाले घर : | 34,42,332 |

लक्ष्य : दिसंबर 2028 तक सभी घरों में नल से जल पहुंचाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हर घर नल से जल को लेकर चल रहे जल जीवन मिशन की झारखंड में वर्तमान स्थिति को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान मिशन के आड़े आ रही समस्याओं का समाधान निकालने की कोशिश की गई। वर्चुअल माध्यम से जुड़े तमाम जिले के उपायुक्तों को मुख्य सचिव ने मिशन के सुचारू क्रियान्वयन में लीडरशिप देने का निर्देश दिया। कहा कि मिशन के कार्यों में समन्वय स्थापित करने के लिए सक्रिय सहभागिता निभायें। इसकी नियमित समीक्षा करें।

**इलाके के मुखिया के साथ नियमित अंतराल पर बैठक करें**

मुख्य सचिव ने कहा कि इलाके के मुखिया के साथ नियमित अंतराल पर बैठक करें। इससे इलाके की अच्छी जमीनी जानकारी मिलेगी। इस फीडबैक का उचित उपयोग करें। अधूरा कार्य और पूरा भुगतान का मामला सामने आने पर उसे गंभीरता से लें। उसकी जांच कराएं और समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे जब भी किसी काम से फील्ड में जाएं, तो वहां के जल जीवन मिशन के कार्यों को जरूर देखें। उसका आकलन करें और जरूरत पड़ने पर मौके पर ही समस्या का समाधान करें।

**सभी उपायुक्तों को मिलेंगे दो इंजीनियर**

सीएस ने कहा कि जल जीवन मिशन की सफलता के लिए सभी उपायुक्तों को दो कमिटेड इंजीनियर दिये जा रहे हैं। वे उपायुक्तों के अधीन कार्य करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि उनका टेक्निकल सेल बना कर पूरा काम लें। रोज उन्हें काम सौंपे और उसकी रिपोर्ट लें। मुख्य सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्यकारी एजेंसी को पांच साल तक रख-रखाव की जिम्मेदारी तय है। निर्देश दिया कि प्रशासनिक स्तर की बाधा को उपायुक्त प्राथमिकता के स्तर पर अपनी लीडरशिप में दूर कराएं। पूरी हो चुकी योजना को ग्राम समिति को सुपुर्द करने का निर्देश दिया।

## जेपी के आह्वान से भयभीत इंदिरा गांधी ने लगाया था आपातकाल : कर्मवीर सिंह



- भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि 21 महीनों तक नहीं हुई थी कोई राजनीतिक जनसभा, भाजपा मुख्यालय में मना संविधान हत्या दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने बुधवार को संविधान हत्या दिवस पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण को याद किया। पार्टी मुख्यालय में जेपी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। श्री सिंह ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से इंदिरा गांधी की सांसद के रूप में सदस्यता समाप्त हो चुकी थी। उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिये था। लेकिन, इंदिरा गांधी ने न सिर्फ न्यायालय के आदेश की अवमानना की। बल्कि देश के संविधान को ही कुचल डाला। उन्होंने कहा कि 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में देश भर से जुटे लाखों लोकतंत्र सेनानियों को संबोधित करते हुये जेपी ने आह्वान किया था कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। लेकिन, आधी रात को देश में एक काले अध्याय की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि आज संविधान बचाने की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को तार-तार किया है। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को दिल्ली में ही ऐतिहासिक सभा के बाद 21 महीनों तक देश की जुबान को आपातकाल के माध्यम से कुचल दिया गया था। कोई राजनीतिक सभा इस दौरान नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा कि भारत की जनता प्राचीन काल से लोकतंत्र प्रेमी है। यह देश लोकतंत्र की जननी है। भारत की जनता लोकतंत्र को कुचलने वाले को सबक सिखाना जानती है।

## बंधु तिर्की ने दिल्ली में कांग्रेस नेताओं से की मुलाकात

### संगठन को नये तेवर और कलेवर में ढालने पर जोर



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने दिल्ली प्रवास के तीसरे दिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। बंधु तिर्की ने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा, कांग्रेस अल्प संख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सह सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी से मुलाकात की। झारखंड में संगठन के काज-काज और विस्तार के लिहाज से ये मुलाकात खास रही। इस दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने राज्य में कांग्रेस के सांगठनिक कार्यकमों की विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत चल रहे अभियान से भी अवगत कराया। कांग्रेस झारखंड में संगठन को नये तेवर और कलेवर में ढालने में जुटी हुई है। संगठन के अंदर जातीय और सामाजिक संतुलन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। खासकर एसटी/ एससी/ ओबीसी के बीच से नेतृत्वकारी चेहरा को राजनीति के मैदान में मौका देने पर संगठन काम कर रही है।

## कांग्रेस की सत्ता की भूख का परिणाम था आपातकाल : सुदेश महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आपातकाल के 50 वर्ष होने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख का परिणाम था। 25 जून 1975 को भारत के इतिहास में एक काला अध्याय लिखा गया, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को कुचल दिया। आज जब राहुल गांधी संविधान बचाओ की बात करते हैं तो यह हास्यास्पद लगता है।

श्री महतो ने कहा कि आपातकाल वह दौर था जब नागरिकों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ताला लगा दिया गया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया गया। सुदेश महतो ने इस घटना को भारतीय लोकतंत्र पर एक गहरा आघात बताया, जिसने देश की जनता को मजबूर और असहाय बना दिया।

श्री महतो ने कहा कि तत्कालीन सरकार ने अपनी शक्ति को बनाए रखने के लिए लोकतंत्र की आत्मा को दबाने का प्रयास किया। प्रेस पर सेंसरशिप, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और संवैधानिक अधिकारों का हनन उस दौर की सबसे दुखद तस्वीर थी। उन्होंने कहा कि यह समय हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र कितना नाजुक हो सकता है, और इसे संरक्षित करने के लिए हमें सतर्क और संगठित रहना होगा।

**झारखंड में भी लोकतंत्र की रक्षा की आवश्यकता : डॉ भगत**

मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि आपातकाल ने देश के युवाओं और सामान्य नागरिकों को यह सिखाया कि सत्ता का दुरुपयोग कितना खतरनाक हो सकता है। झारखंड जैसे राज्य, जहां लोग अपनी पहचान और अधिकारों के लिए लंबे समय से संघर्ष करते रहे हैं, वहां लोकतंत्र की रक्षा करना और भी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आपातकाल के दौरान जेल में बंद उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को याद किया, जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया।

**जेपी आंदोलन ने संघर्ष के लिए प्रेरित किया : प्रभाकर**

झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि 1975 की थोड़ी बहुत यादें उनके जेहन में हैं, क्योंकि वह उस वक्त 7 वर्ष के थे और दुमका में आंदोलनकारियों का जुलूस निकलता देख प्रेरित होते थे। आपातकाल में उनके पिता को दुमका और मामा को रांची में बिना कारण गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने वर्तमान संदर्भ में आपातकाल से सीख लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज भी कई बार झारखंड में भी सत्ता पक्ष द्वारा जनता की आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है। ऐसी स्थिति में जनता को जागरूक और संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी।

## कोयलांचल विश्वविद्यालय में हो जनजातीय भाषा की पढ़ाई, खुले इसका विभाग : डॉ लंबोदर महतो

- पूर्व विधायक ने राज्यपाल को लिखा पत्र, कुरमाली, संथाली खोरठा जैसी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई शुरू कराने के लिए पहल करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर झारखंड की क्षेत्रीय तथा जनजातीय भाषा यथा कुरमाली, संथाली एवं खोरठा की पढ़ाई शुरू करने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि इस विश्वविद्यालय के 2017 में स्थापना के बाद अब तक कुरमाली, संथाली खोरठा जैसी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई यहां के अंगीभूत महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक आरंभ नहीं की गई है सिर्फ कुछ संबद्ध (एफिलिएटेड) महाविद्यालय में इसकी पढ़ाई की सामान्य व्यवस्था है। दूसरी तरफ स्नातकोतर पर टीआरएल का विभाग तक खोला नहीं गया है। इस कारण यहां के बहुत से छात्र- छात्राएं एवं शोधार्थी स्नातकोत्तर की पढ़ाई आरंभ नहीं होने से परेशान हैं, मायूस हैं और भटक रहे हैं। विशेष कर यहां की छात्राओं को इन भाषाओं की पढ़ाई छोड़ने को विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में इस बात की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है कि राज्य के रांची विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय आदि में क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा की पढ़ाई स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक हो रही है पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय इन भाषाओं के अध्ययन अध्यापन से दूर है। उन्होंने कहा है कि बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व में इसके लिए शिक्षा निदेशालय को सूचित किया जा चुका है साथ ही जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं की अध्यापन व्यवस्था शुरू करने एवं सुचारु रूप से संबंधित विषय में आवश्यकता अनुसार पद सृजित करते हुए पढ़ाई आरंभ करने के नियमित निवेदन किया जा चुका है किंतु अब तक इस आशय का कोई आदेश विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है।

## झारखंड में आठवीं बोर्ड से वंचित छात्रों के लिए होगी विशेष परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की ओर से कक्षा आठ की विशेष परीक्षा 2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गयी है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है, जो किसी कारणवश कक्षा आठ की बोर्ड परीक्षा 2025 में सम्मिलित नहीं हो पाए थे। परिषद् ने सभी अभिभावकों, विद्यालय प्रमुखों और संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया है कि ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया परिषद की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जाएगी। जिन छात्रों ने पहले ही परीक्षा फॉर्म भरा था और परीक्षा में अनुपस्थित रहे, उन्हें दोबारा फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं है। उनका पुराना प्रवेश पत्र ही वैध माना जाएगा। वहीं, नए छात्रों के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत विद्यालयों के वे छात्र ही इस विशेष परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे जिन्हें ऑनलाइन स्वीकृति प्रदान की गई हो। इसके लिए विद्यालयों को परिषद द्वारा पूर्व में प्रदान किए गए यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए आवेदन भरना होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून 2025 से 7 जुलाई 2025 तक तय की गई है। परीक्षा की तिथि व अन्य कार्यक्रम की घोषणा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद की जाएगी।


### BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI

5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

O.A. No. 250 of 2024

BETWEEN

BANK OF INDIA, SILLI BR., RANCHI ....APPLICANT BANK

VS.

MULTICHOICE CEMENT AND STEEL & ANOTHER .............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | MULTICHOICE CEMENT AND STEEL PROP: SANJAY KUMAR S/O HUKUM NATH MAHTO | AT-GONDLIPOKHAR, P.O. & P.S. - ANGARA, DIST.- RANCHI 835102 |
| 2. | SANJAY KUMAR S/O HUKUM NATH MAHTO | R/O VILLAGE PALASHDIH GORADIH, P.O. & P.S. - SILLI, DIST.- RANCHI 834002 |
| 3. | SANTOSH KUMAR MAHTO S/O HUKUM NATH MAHTO | |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of Rs. 22,36,902.00/- (Rupees Twenty Two Lakhs Thirty Six Thousand Nine Hundred Two Only) together with current and future interest, cost for other reliefs, The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before Registrar in on 18th day of July, 2025 at 10.30 A.M. as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the 19th day of May, 2025.

REGISTRAR


## साहिबगंज जलापूर्ति योजना में प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश

रांची। साहिबगंज में पेयजल उपलब्ध कराने के मामले की याचिका पर बुधवार को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया जलापूर्ति योजना के लिए नयी कंपनी को काम दिया गया है। इस पर कुछ समय लगेगा। इसका प्रार्थी की ओर से विरोध किया गया और आरोप लगाया गया कि सरकार गलत जानकारी दे रही है। इसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई अगस्त के दूसरे सप्ताह में निर्धारित कर प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस संबंध में सिद्धेश्वर मंडल ने जनहित याचिका दायर की है। वर्ष 2016 में ही जलापूर्ति योजना पूरी करने के लिए जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट ने इस योजना को पूरा करने का निर्देश सरकार को दिया था और प्रार्थी को छूट देते हुए अदालत ने कहा था कि यदि कार्य पूरा नहीं हो तो वह दोबारा कोर्ट में आ सकते हैं। प्रार्थी ने अदालत को बताया कि योजना का काम अभी भी अधूरा है, इस कारण उन्हें दोबारा याचिका दायर करनी पड़ी।


### प्रपत्र VII
### झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

संख्या–412/भू०अ० दिनांक–21/06/2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–**तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण हेतु** ग्राम–लोहाडन्डा थाना–जयनगर, थाना सं0–83,अंचल–जयनगर,जिला–कोडरमा में कुल–1.0390 एकड़ यानि–0.4205 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप में कमोबेश–1.0390 एकड़ यानि–0.4205 हेक्टेयर है और जो ग्राम– **लोहाडन्डा** थाना–जयनगर, थाना सं0–83, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

**ग्राम–लोहाडन्डा** थाना–जयनगर, थाना सं0–83, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा।

| क्र० सं० | खाता नं० | सर्वे भूखंड सं० | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 18 | 49 | रैयती | टांड तीन | 0.1610 | हसीना खातुन पति–सकुर मियां वगैरह | प्लॉट सं0–45 | प्लॉट सं0–49 अंश | प्लॉट सं0–45 | प्लॉट सं0–48 |
| 2 | 47 | 100 | रैयती | टांड तीन | 0.8780 | मंसुर खान वो मरगुब आलम वो महबूब आलम वो मंसुब आलम पिता–मुंशी खान वो मुमताज खान वो सरताज खान वो सरकार खान उर्फ दिलावर खान वो असगर खान वो अकबर खान पिता–मुख्तार खान | प्लॉट सं0–47 | प्लॉट सं0–150 | प्लॉट सं0–100 अंश | सिमाना मौजा–बेलकतरी |
| | | | | कुल– | 1.0390 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/3013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिह्नित किये गये है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है:–ग्राम–लोहाडन्डा थाना–जयनगर, थाना सं0–83, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा कुल रकवा–1.0390 एकड़ यानि–0.4205 हेक्टेयर भूमि अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं:–शून्य

ह0/–
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 355933 (Land Reforms)25-26*D


### झारखंड में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की बैठक, कहा

# राज्य के सभी जिलों में फीड मिल निर्माण का प्रस्ताव तैयार करें

- प्रमंडल स्तरीय मत्स्य प्रभारी हर माह करेंगे 2 से 3 जिलों का दौरा



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में नीली क्रांति का सपना साकार करने की दिशा में मत्स्य विभाग वृहद कार्य योजना के साथ मैदान में उतरने जा रही है। राज्य में मत्स्य बीज और फीड को लेकर राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की लंबी लकीर खींचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जहां मत्स्य पालन को लेकर राज्य के तालाबों का जीर्णोद्धार करने की योजना है। वहीं राज्य के हर एक जिले में मत्स्य विभाग फीड मिल की स्थापना का प्रस्ताव तैयार करेगा। रांची के पशुपालन भवन में मत्स्य विभाग की आहुत महत्वपूर्ण बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ये दिशा निर्देश दिया है। मत्स्य विभाग की बैठक में निदेशालय के अधिकारी से लेकर राज्य भर के जिला मत्स्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

समीक्षा बैठक में सबसे ज्यादा जोर मत्स्य बीज को बढ़ावा देने पर रहा। इसके लिए हर एक जिला में वर्तमान मत्स्य बीज उत्पादन की समीक्षा की गयी। इस समीक्षा में जहां कई जिलों का प्रदर्शन बेहतर रहा, वहीं कई जिलों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने समीक्षा बैठक के दौरान मिट्टी और गाद से भरे तालाबों की सूची जिला स्तर पर तैयार करने का निर्देश दिया। ऐसे तमाम तालाब का जीर्णोद्धार विभाग के स्तर पर किया जाएगा। अनुपूरक बजट में इसके लिए राशि का प्रावधान करने की तैयारी है। इतना ही नहीं, सरकारी फिश फॉर्म के तालाबों की वर्तमान स्थिति और उसके विकास को लेकर भविष्य की योजना तैयार करने को भी कहा गया है। समीक्षा बैठक के क्रम में राज्य के 6 फीड मिल की भी समीक्षा की गयी। फीड मिल की उत्पादन क्षमता और वर्तमान में उत्पादन का विस्तृत ब्यौरा रखा गया। इसके बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में मत्स्य फीड की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी जिलों में फीड मिल स्थापना का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं, पहले से संचालित फीड मिल को अपग्रेड करने के लिए एक कमेटी का गठन करने को कहा गया है। ये कमेटी फीड मिल को अपग्रेड करने से संबंधित प्रस्ताव को तैयार कर विभाग को सौंपेगी।

राज्य के फीड मिल में तैयार हो रहे फीड की जांच हर तीन माह में कराने का निर्देश भी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया है। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निदेशालय के बजाये जिला भ्रमण पर जाने को कहा है। प्रमंडल स्तरीय प्रभारी हर महीने 2 से 3 जिलों का भ्रमण करेंगे। जिला भ्रमण से संबंधित रिपोर्ट को संबंधित वरीय अधिकारी को अग्रसारित की जाएगी। अधिकारियों को कलस्टर बना कर काम करने की सलाह दी गई है। इसके साथ स्पष्ट तौर पर निर्देश दिया गया है कि अधिकारी विभाग की योजनाओं की चर्चा स्थानीय विधायक और मुखिया से जरूर करेंगे। जन प्रतिनिधियों से योजना से संबंधित सहयोग और उनकी सलाह को प्राथमिकता में रखना है। इसके साथ ही योजना का लाभ हर बार किसी एक लाभुक के बजाय नये लाभुकों को देने का निर्देश गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस मौके पर दो टूक शब्दों में कहा कि ऐसा काम करें कि लोग आपका नाम लें और आपके काम को हमेशा याद करें। बैठक में मत्स्य निदेशक एचएन द्विवेदी, विशेष सचिव प्रदीप हजारी, विभाग के उप निदेशक, प्रमंडलीय प्रभारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सुप्रभात
गुरुवार 26.06.2025
धनबाद, वर्ष 02, अंक 102
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

## नारोडीह एवं झिलुवा पंचायत में शिविर का हुआ आयोजन



**जमाताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र के नारोडीह पंचायत के बैजनाथपुर एवं झिलुवा पंचायत के केंदुवाटाँड में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर लगाया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टाल लगाये गये।उक्त स्टॉल में जॉब कार्ड, राशन, पेंशन, आधार कार्ड, आम बागवानी आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।केंदुवाटाँड शिविर में 12 महिलाओं का पेंशन स्वीकृत आन द स्पॉट किया गया।बीडीओ मुरली यादव ने शिविर में मिल रहे लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी कहा कि यह शिविर में आयुष्मान कार्ड, मनरेगा, पेंशन, कृषि लोन स्वास्थ्य सुविधा,बैंक के खाता खोलने जैसे कार्य हो रहा है। मौके पर अंचल अधिकारी देवराज गुप्ता अंचल निरीक्षक निरंजन मिश्रा ,टीवीओ सुशील टुडू, प्रखंड कृषि पदाधिकारी लव कुमार, नारोडीह मुखिया सुबोधि सोरेन,झिलुवा मुखिया साकिता हेम्ब्रम,कनिय अभियंता अमित कुमार,सुमन पंडित सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमडीहा से अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**महुदा।** महुदा पुलिस ने मंगलवार की रात जमडीहा से शराब विक्रेता गणेश महतो को गिरफ्तार कर बुधवार को उसे कोर्ट ले गयी। काफी दिनों से पुलिस को उसकी तलाश थी। 80 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ है। थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि जमडीहा निवासी गणेश महतो को पुलिस पकड़ने गयी थी। परंतु वह फरार हो गया। उसके साथ में उसका जीजा गणेश भी महुआ शराब बनाता और सप्लाई करता है। इसलिए उसे गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को गणेश महतो पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेजा गया। स्मरण रहे कि महुदा थाना क्षेत्र के जमडीहा स्थित जंगल में दर्जनों की संख्या में अवैध शराब का भट्ठी से शराब बनता है और पुरे महुदा क्षेत्र में सप्लाई होता है।

## मध्य विद्यालय कांड्रा में स्वच्छता पर कार्यशाला



**महुदा।** एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से एडेन्ट सोशल वेलफेयर संस्था द्वारा बुधवार को मध्य विद्यालय कांड्रा में स्वच्छता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुखिया रिंकू देवी ने बच्चों के बीच स्वच्छता संबंधी बातों को रखा और अच्छी आदतें अपनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वच्छ रखोगे तो स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा और मस्तिष्क का विकास होगा। इस दौरान ऐडेंट के परियोजना पदाधिकारी योगेश कुमार ने बच्चों को स्वच्छता संबंधी आदतें विकसित करने हेतु कई तरीकें बताएं। उन्होंने कहा कि ऐडेंट संस्था द्वारा विद्यालय में शौचालय का नवीकरण, वाटर कूलर और पूरिफायर, बुक शेल्फ, लाइब्रेरी टेबल दिया जायेगा। स्कूली बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर योगेश कुमार, नितेश कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, राहुल कुमार, राजेश कुमार, मधुमिता महतो, बिनोद सिंह, रोहित कुमार, विजेंद्र मिश्रा, निकिता कुमारी आदि मौजूद थे।

# सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की मांग पर बीसीसीएल के सीएमडी ने की त्वरित कार्रवाई, हिलटॉप कंपनी का बंद कराया काम

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद।** सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कोयला भवन, धनबाद में बीसीसीएल के सीएमडी से मुलाकात कर ब्लॉक-2 के विस्थापितों के लिए मुआवजा, नियोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क व आमजनों की सुरक्षा एवं प्रदूषण पर नियंत्रण, कोयले के ट्रांसपोटिंग में अनियमितता, कोयला चोरी, मैन्युअल लोडिंग, प्रशिक्षु अप्रेंटिस की बहाली सबंधित विभिन्न विषयों व 21 सुत्री मांगों को लेकर सकारात्मक वार्ता की। इसके साथ हिलटॉप हायरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अवैधानिक तरीके से काम किए जाने पर आपत्ति जतायी और काम रोकने का आदेश दिया। जिसके फलस्वरूप बीसीसीएल सीएमडी ने तुरंत हिलटॉप कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्य को बंद कराया। कोयला चोरी पर रोक लगाने के लिए भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। और 15 दिनों के अंदर कोयला चोरी पर रोक एवं अन्य मांगों पर अनुपालन करने का दिशा निर्देश भी दिया क्यूंकि नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सभी का योगदान जरूरी है ।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

▸▸ रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को राजनीतिक दलों के साथ कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम व वीवीपैट कक्ष का सील, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि यह रूटीन जांच है, जिसमें सबकुछ सही पाया गया है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सोनु दुबे, भारतीय जनता पार्टी के नरेन्द्र त्रिवेदी, आजसू के रतिलाल महतो, आम आदमी पार्टी के अरविंद कुमार, बहुजन समाज पार्टी के अभय कुमार, निर्वाचन शाखा के सागर कुमार ( भजोहरि ) एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## मांडू विधायक के समर्थन में उतरे आजसू कार्यकर्ता, कहा

# राजनीतिक षड्यंत्र के तहत बदनाम करने का हो रहा काम

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद।** जिले के आजसू पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने बुधवार को रणधीर वर्मा चौक पर मांडु विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के समर्थन में नारेबाजी की। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यकताओं ने बताया कि विगत दिनों तिवारी महतो का एक झुठा विडियो क्लिप एआई से एडिट करके बदनाम करने के नियत से सोशल मीडिया मे एक पार्टी के समर्थको ने षड्यंत्र के तहत चलाया जा रहा है। आजसू पार्टी इसका विरोध करती है और इस राजनितिक षड्यंत्र से घोर आक्रोशित है। ये षड्यंत्र कथित भाषा आंदोलन के नेता द्वारा किया गया है। महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा कि तिवारी महतो मांडू विधानसभा के जनप्रिय विधायक है। इनके छवि को धूमिल करने की कोशिश करनेवाले खुद बेनकाब हो चुके हैं। आजसू पार्टी ऐसे लोगो को सड़क से सदन तक खडेड देगी। पूर्व मे खुद ये भाषा आंदोलन के तथाकथित नेता दूसरे को अपशब्द कहते हुए वायरल हो चुके। खुद इस भाषा आंदोलन के नेता के चरित्र में अनेको छेद है। कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य हिरालाल महतो, रतिलाल महतो, महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी योगेश महतो, प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद महतो, निरंजन महतो, सचिन महतो, अजय सिन्हा, सौरभ महतों, किसुन सोरेन, प्रेम पाण्डेय, गोपाल महतो, जगरनाथ महतो, शिवा हरि, अरुण महतो, उज्जवल महतो आदि उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से तीन घायल, एक गंभीर

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के कुम्हारपीटनी गांव के केदार राय, खूबलाल राय और अनिल राय मंगलवार को पेशम बाजार से लौटते समय पेशम बैंक के पास ट्रैक्टर से टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में अनिल राय के पैर की उंगली फ्रैक्चर हो गई और सिर में चोट लगी, जबकि खूबलाल राय को पैर में गहरी चोट के कारण चार टांके लगे। केदार राय को सिर और चेहरे में गंभीर चोट लगने पर प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर दिनेश यादव ने उन्हें गिरिडीह रेफर किया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए भेजा गया।

# आसमानी बिजली के चपेट में आने से एक युवती की मौत, दो महिला घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमाताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के चंद्रपुर गांव में आसमानी बिजली के चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई। वही दो महिला घायल हो गया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 7:00 बजे चंद्रपुर गांव निवासी कामदेव महतो की 21 वर्षीय पुत्री मुनकी कुमारी घर के पास के तालाब में नहाने के लिए गई हुई थी।इस बीच आसमानी बिजली की चपेट में आ गई युवती की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वही दो अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गया घायल महिला रीना देवी एवं एक अन्य को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर लाया गया। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव,अंचल अधिकारी देवराज गुप्ता एवं सब इंस्पेक्टर साकेत प्रताप देव घटनास्थल पर पहुंचकर परिवार के लोगों को सांत्वना दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि घटना दुखद है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भिजवाया जा रहा है। परिवार के लोगों को आर्थिक मदद दी जाएगी साथ ही सरकारी प्रावधान के तहत आपदा प्रबंधन से 4 लाख रुपए की मुआवजा दिया जायेगा। वही तत्काल मदद दी जा रही है।

# अधिवक्ता लिपिक ने ठोका धनबाद थानेदार पर मुकदमा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद सिविल कोर्ट मे कार्यरत अधिवक्ता लिपिक जावेद खान ने धनबाद थानेदार आर एन ठाकुर, थाना प्रभारी के ड्राइवर चंद्रशेखर तिवारी व एक अन्य के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट और मोबाईल छिन लेने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। अदालत में दायर मुकदमे जावेद ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी आर एन ठाकुर उस पर अपना गुप्तचर बनने का दबाव बनाते रहते हैं। विरोध करने पर उसे मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देते हैं। जावेद ने आरोप लगाया है कि 21 जून 25 के सुबह 11: 40 बजे वह कोर्ट परिसर में काम कर रहा था, उसी समय थाना प्रभारी का ड्राईवर मां काली होटल के पास से उसे बुलाकर धनबाद थाना ले गया वहां थाना प्रभारी ने उसे गाली गलौज की और धमकी दिया कि भला चाहता है तो मुखबिर बनकर काम करो नहीं तो जेल भेजवा देंगे। जब जावेद ने इनकार किया तो थाना प्रभारी आर एन ठाकुर और उसका ड्राइवर चंद्रशेखर तिवारी उसके साथ गाली गलौज, मारपीट किया थाना में बैठा लिया। जावेद ने आरोप लगाया है कि चंद्रशेखर तिवारी ने उसका मोबाइल छीन लिया जब उसके घर वालों को पता चला तो वे लोग थाना आए जिसे भी थाना प्रभारी ने गाली गलौज किया और धमकी दिया। रात आठ बजे तक उसे थाना में बैठा कर रखा और उसका मोबाइल वापस नहीं किया।

# 64 वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवं प्रथम लिटिल चैंपियन फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजित

खबर मन्त्र सवाददाता



**मैथन।** 64वें सुब्रतो कब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवं प्रथम लिटिल चैंपियन फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन बुधवार को प्रभात स्टेडियम मुगमा में हुआ। एग्यारकुण्ड प्रखंड प्रमुख संगीता महतो एवं बीडीओ मधु कुमारी के नेतृत्व में खेल प्रतियोगिता को प्रारंभ की गई। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रमुख संगीता महतो ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। खेल खेलने से हमारी सहनशक्ति मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक कौशल में सुधार होता है। बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि फुटबॉल हमारे शरीर की कसरत है, जो मांसपेशियों की वृद्धि, हड्डियों के घनत्व और जोडो के लचीलेपन को बढ़ावा देता है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, निरसा तीन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा ने कहा कि फुटबॉल खेलने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में कई फायदे होते हैं। यह एक टीम गेम है जो सहनशक्ति, ताकत, समन्वय और टीमवर्क को बढ़ावा देता है। साथ ही तनाव करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मदद करता है। जिला परिषद सदस्य गुलाम कुरैशी के द्वारा दोनों विजेता टीम को फुटबॉल व जर्सी आदि खेल से संबंधित सामग्री देने की घोषणा की। प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय तथा मध्य विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय मुगमा के टीम विजेता घोषित हुई, जबकि उपविजेता टीम नदलाल इंस्टीट्यूशन चिरकुंडा के टीम रही। वहीं मध्य विद्यालयों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलीमाटी के टीम विजेता घोषित हुई, जबकि उप विजेता टीम मध्य विद्यालय केसरकुराल के टीम रही। विजेता टीम को सिल्ड, जर्सी एवं प्रशस्ति पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर उप प्रमुख विनोद दास, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल, बीआरपी रहमान अंसारी, मुकेश कुमार महतो, पंकज सिंह, शिव सागर, तापस पाल, विनीत सिंह, राजेश बाउरी, कालीचरण कुमार, सुरेंद्र कुमार वर्मा, रविंद्र पाराशर, सोमनाथ चटर्जी, जितेंद्र प्रसाद, मुख्तार अंसारी, मो सलीम, विदान मंडल, प्रमोद कुमार झा, मुखिया रीता रवानी, शिखा नाग, कार्तिक महतो, विमल रवानी, संदीप सिंहा, प्रदीप पंडित आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन



**कतरास।** ब्लॉक-2 क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा ₹सुरक्षा जागरूकता अभियान₹ के अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा में कक्षा सप्तम, अष्टम एवं नवम के विद्यार्थियों के बीच निबंध, स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खदानों में सुरक्षा संबंधी संस्कृति को विद्यार्थियों के माध्यम से उनके परिवारों एवं आस-पास के समुदाय तक पहुँचाना था, जिससे सुरक्षा के प्रति व्यवहारिक चेतना का विकास हो सके। सुरेश प्रजापति (क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी), आलोक कुमार आलोक, महेन्द्र ढाकुर, अमितेश गौतम एवं महेन्द्र दास की उपस्थिति रही। विद्यालय की ओर से प्राचार्य श्री संतोष कुमार झा, सहित राजेश कुमार, सुभाष कुमार चौधरी, विवेकानंद ओझा, भारती सिन्हा, विभा श्रीवास्तव, अर्पणा कुमारी, श्री चंद्रशेखर सिंह एवं नीरज कुमार पंडित आदि आचार्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन से यह संदेश प्रसारित हुआ कि सुरक्षा केवल खनिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समुदाय की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## डीएवी स्कूल सिंदरी की छात्रा अनुष्का सिंहा ने नीट और निफ्ट की परीक्षा में लहराया परचम

**सिंदरी।** डी ए वी पब्लिक स्कूल सिंदरी की छात्रा अनुष्का सिन्हा ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा ली गई परीक्षा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नालॉजी 2025 में परचम लहराई है। अनुष्का सिंहा का आल इंडिया रैंक 180 और महिला कैटेगरी में 135 अंक है। अनुष्का ने अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। लघु व्यवसायी पिता संजय कुमार लाल और माता रुपा लाल की पुत्री अनुष्का ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नही होता। कड़ी मेहनत और मार्गदर्शक शिक्षक मुकेश कुमार तिवारी को अपनी सफलता का श्रेय दिया। अनुष्का ने कहा कि वह फैशन टेक्नॉलाजी के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहती है। प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बधाई संदेश में कहा कि सीमित संसाधन के वाबजूद अनुष्का सफलता प्राप्त कर बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

## केबीआर उच्च विद्यालय छत्रुटांड़ के मैट्रिक में उतीर्ण छात्र छात्राएं हुए सम्मानित



**महुदा।** केबीआर उच्च विद्यालय छत्रुटांड़ में बुधवार को आयोजितसमारोह में मैट्रिक में उतिर्ण छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विधायक प्रतिनिधि दिनेश प्रमाणिक एवं प्रधानाध्यापक राजेश श्रीवास्तव ने प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर स्वागत किया। दिनेश प्रमाणिक ने कहा कि बच्चे पढ़ लिखकर अपने विद्यालय एवं माता पिता का नाम रोशन करें। यही हमारी कामना है। उन्होंने कहा कि शिष्य अगर गुरु के बताये मार्ग पर चलते है, तो एक दिन वह उच्य पद पर स्थापित होंगे। गुरु के साथ माता-पिता का सम्मान करना ही सबसे बड़ा ज्ञान है। प्रधानाध्यापक राजेश श्रीवास्तव ने छात्रों से कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधुरा है। जिस तरह आप सभी ने मेहनत कर अच्छा अंक प्राप्त किये है। उसी प्रकार आगे भी मेहनत करें और अपने मंजिल को प्राप्त करें। समारोह का संचालन अजीज हुसैन ने किया। एएसआई अशोक महतो, रंजीत दशौंधी, नेमुन खातुन, सीमा कुमारी, रंजीत कुमार रवानी, सरिता वर्मा, प्रवीण कुमार, आजाद कुमार महतो आदि मौजुद थे।

## नीरज हत्याकांड: सागर, चंदन ने दी एफएसएल विज्ञानी को बुलाने की अर्जी

**धनबाद।** नीरज सिंह हत्याकांड में जेल में बंद शूटर सागर सिंह व चंदन सिंह ने बुधवार को अर्जी देकर एफएसएल रांची के सहायक डायरेक्टर एच के सिन्हा, सहायक विज्ञानी डॉ अमित कुमार, एवं राजेश को गवाही हेतु बुलाने की अर्जी अदालत में दायर की है। कोर्ट मे दलील देते हुए अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने कहा कि तीनो विज्ञानियों ने राम अहलाद राय के घर जिसमे पुलिस के मुताबिक चार शूटर ठहरे थे, की जांच की थी, फोटोग्राफ्स लिए थे व विडियोग्राफी की थी की परंतु उन्हें अभियोजन ने गवाही के लिए नहीं बुलाया। तीनों गवाह विशेषज्ञ गवाह है जिनकी गवाही इस मामले में आवश्यक है इसलिए उन्हें गवाही देने हेतु नोटिस जारी किया जाए। अदालत ने सुनवाई के लिए गुरूवार की तारीख निर्धारित की है। बताते हैं कि इसके पूर्व सागर सिंह की अर्जी पर मंगलवार को एसएफएसएल के डिप्टी डायरेक्टर बी के ठाकुर की गवाही अदालत मे हुई थी। इस चर्चित मामले मे अभियोजन ने आरोप पत्र के कुल 70 गवाहों में से 37 गवाहों का परीक्षण अदालत में कराया है। जबकि एफएसएल के डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर का परीक्षण नहीं कराया था। जिसे बचाव पक्ष के द्वारा गवाही के लिए बुलाने की प्रार्थना की गई है। 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम 4 हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

## स्पीड न्यूज

### देश में 11 वर्षों से अघोषित आपातकाल जैसी स्थितिः ब्रजेंद्र सिंह



धनबाद। इमरजेंसी के नाम पर तरह-तरह का हथकंडा अपना कर देश की जनता को गुमराह करने में लगी है केंद्र सरकार। भाजपा के द्वारा इमरजेंसी का सहारा इसलिए लिया जा रहा है क्योंकि अभी कुछ राज्यों में चुनाव आने वाला है। उक्त बाते बुधवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह ने यह बयान जारी कर भाजपा पर पलटवार करते हुए कही। उन्होंने कहा देश में 11 वर्षों से एक व्यक्ति का ही शो चल रहा है। यहां तक कि पार्टी के लोग भी उनकी बातों को गलत बताने की हिम्मत नहीं करते हैं। आज भी आजादी के बाद जितने कल कारखाने और उद्योग कांग्रेस के शासनकाल में लगाए गए उसका 5 परसेंट भी 11 वर्षों में कुछ नहीं हुआ। महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपाई हर दिन नए एजेंडे चलाने का काम कर रहे है। जनता को एसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

### खनन टास्क फोर्स की बैठक कोयला तस्करी पर कार्रवाई का निर्देश



पुटकी। बीसीसीएल पीबी क्षेत्र के पुटकी ए टाइप स्थित गेस्ट हाउस में गुरुवार को पुटकी अंचल अधिकारी विकास आनंद की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुटकी अंचल के अंतर्गत आने वाली कोलियरियों, आउटसोर्सिंग कंपनियों, थाना-ओपी, सीआईएसएफ समेत विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान अवैध उत्खनन, कोयले का अवैध परिवहन, भंडारण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

### शिविर में 57 आवेदन का हुआ निष्पादन

पूर्वी टुंडी। लटानी पंचायत अंतर्गत सिंगराडीह गांव में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय पंचायत के मुखिया ऐनुल हक, परमानंद सिंह, प्रखंड समन्वयक किशोर महतो, ने दिप रोशन कर शुभारंभ किया गया। मौके पर विभिन्न योजनाओं को लेकर भिन्न-भिन्न शिविर लगाए गए थे। जिसमें 138 आवेदन प्राप्त हुए। एवं मौके पर 57 आवेदन का निष्पादन कर दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत सेवक सुधीर टुडू, कीनू कुमार, आदि उपस्थित थे।

### किराया बढ़ोतरी को लेकर हाइवा एसोसिएशन ने लिया निर्णय

कतरास। कोयले की ढुलाई में लगी हाइवा के किराया बढ़ोतरी एवं भेद भाव करने को लेकर तेतुलमारी के टाउनशिप में धनबाद हाइवा एसोसिएशन की बैठक हुई। हाइवा मालिकों ने कहा कि एक वर्ष से हमलोग उपायुक्त, एमपीएल प्रबंधन सहित संबंधित अधिकारियों से किराया बढ़ोतरी के लिए गुहार लगा रहे हैं। लेकिनअभी तक कोई नतीजा सामने नही आया। वंही निरसा के हाइवा मालिकों द्वारा एक बयान जारी किया गया है कि धनबाद के हाइवा कों 48 घंटे में एक बार ही लोडिंग दिया जाएगा। जिसका हमलोग पुरजोर विरोध करते हैं। सभी ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो पूरे बीसीसीएल सीसीएल से धनबाद होकर जाने वाले सभी हाइवा कों रोक उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। हमलोगों के साथ कंपनी भेदभाव कर रही है। मौके पर नगेन्द्र सिंह, ब्रह्मदेव यादव, रंजीत चौहान, दयानंद महतो, अंकित रवानी,अमन सिंह, जितेन्द्र महतो आदि शामिल थे।

# इस्कॉन की ओर से गोल्फ ग्राउंड में आयोजित होगा त्रिदिवसीय जगन्नाथ रथ यात्रा सह मेला

- 27 से 29 जून तक भगवान जगन्नाथ की भक्ति में गोते लगायेंगे भक्त
- देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकार तथा ग्रुप्स देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुति




खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। शहर के गोल्फ ग्राउंड में त्रिदिवसीय जगन्नाथ रथयात्रा सह मेला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 27 से 29 जून तक चलेगा। इसके लिए ग्राउंड में भव्य पंडाल का निर्णय किया गया है। 40ऽ ऊंचे गुंडीचा मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलदेव, सुभद्र तीन दिन के लिए पधारेंगे तथा उनके दर्शन की व्यवस्था होगी। जगन्नाथ के दिव्य रथ की परिक्रमा हेतु पंडाल में विशेष सुविधा होगी। दर्शनार्थियों के लिए इस विशाल पंडाल में प्रसाद स्टॉल तथा आनंद बाजार का आयोजन भी किया गया है। उक्त जानकारी बुधवार को जगजीवन नगर स्थित इस्कॉन सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संस्थान के जिला अध्यक्ष नामप्रेम दास ने दी। इस कार्यक्रम में इस्कॉन के ट्रस्टी एवं जोनल सचिव देवकीनंदन प्रभु, सांसद दूलु महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह एवं धनबाद के जाने माने व्यवसायी शामिल रहेंगे। रथ यात्रा दुर्गा मंडप ( जगन्नाथ अस्पताल के सामने) स्टील गेट से शुरू होकर सरायढेला-हीरापुर-रणधीर वर्मा चौक होते हुए गोल्फ ग्राउंड पहुंचेगा। आईएसएम के छात्रों द्वारा तैयार 40 फीट ऊंचे गुंडीचा मंदिर ऑटोमेटिक रथ पर भगवन जगन्नाथ विराजमान रहेंगे। रथ को 200 केजी की रस्सी से खींचा जाएगा। इस यात्रा में 60 हजार से अधिक धनबादवासी शामिल रहेंगे। प्रतिदिन 50 हजार से अधिक प्लेट महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। देश विदेश प्रसिद्ध कलाकार तथा ग्रुप्स सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

# सीओ ने तेतरिया सैलेडीह में बिना नंबर प्लेट का पकड़ा ट्रैक्टर, चालक फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



बिरनी। बिरनी प्रखंड में अवैध बालू कारोबार पर शिकंजा कसते हुए अंचलाधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने बुधवार की सुबह सात बजे एक बिना नंबर वाले ट्रैक्टर को जब्त कर बिरनी थाना में सौंप दिया। यह कार्रवाई उस वक्त हुई जब सीओ क्षेत्र भ्रमण पर थे और तेतरिया-सैलेडीह मोड़ के पास उन्हें बालू लदा ट्रैक्टर संदिग्ध स्थिति में दिखा। सीओ ने ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की, मगर चालक बालू माफियाओं की तर्ज पर वाहन लेकर भागने लगा। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को छोड़ा गया और चालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद अंचलाधिकारी ने ट्रैक्टर को अपने सरकारी चालक की मदद से थाने तक पहुंचाया। सीओ मद्धेशिया ने बताया कि यह कार्रवाई लंबे समय से चल रही गुप्त जांच और निगरानी का नतीजा है। कई दिनों से अवैध खनन की सूचना मिल रही थी, लेकिन पकड़ में नहीं आ रहे थे। आज पहली बार ठोस सफलता मिली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रैक्टर के मालिक और चालक पर केस दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे मामलों में सिर्फ ट्रैक्टर जब्ती से बात नहीं बनेगी, बल्कि माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए गिरफ्तारी और जुमार्ना दोनों जरूरी हैं।

# धनबाद पुलिस ने रिसीवर सहित 5 बाइक चोर को किया गिरफ्तार, 21 बाइक बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। पुलिस ने एक बड़े बाइक चोर गिरोह का उद्वेदन किया है। गिरोह के पास से चोरी की गई 21 बाइक बरामद की है। साथ ही मोटरसाइकिल रिपेयरिंग करने वाले रिसीवर सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

उक्त जानकारी एसएसपी प्रभात कुमार ने समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार में पत्रकार वार्ता आयोजित कर दी। एसएसपी ने बताया कि जिले में बाइक चोरी रोकने के लिए सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई है। टीम ने चोरी की 21 बाइक के साथ उसके रिसीवर सहित 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधी सिंदरी एवं झरिया थाना क्षेत्र में बाइक चोरी कर मोटरसाइकिल रिपेयरिंग करने वाले रिसीवर को देते थे। रिसीवर द्वारा बाइक का इंजन एवं चेचिस नंबर मिटाकर तथा फर्जी कागजात बनाकर बाइक की खरीद बिक्री की जाती थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इसमें शामिल झरिया के मोहम्मद आरिफ अंसारी व छोटू कुमार, घनुआडीह के जगदीश भुइंया, जामताड़ा के मोहम्मद असलम तथा लखीसराय के सूरज कुमार को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से चोरी की 21 मोटरसाइकिल एवं दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

मौके पर एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, झरिया थाना प्रभारी शशि कुमार मौजूद थे।

## पुलिस ने एक अपराधी को हथियार के साथ किया गिरफ्तार




धनबाद। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत रिभर साईड स्थित एक रिक्त क्वार्टर में कुछ अपराधकर्मी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। एसएसपी प्रभात कुमार ने प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। बताया कि अपराधी द्वारा अपराध की घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही थी इसकी सूचना के आलोक में पुलिस निरीक्षक, जोरापोखर अंचल के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त दल ने एक अपराधकर्मी शिवनंदन वर्मा को एक अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में सुदामडीह थाना काण्ड संख्या-55/25 दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष फरवरी माह में सुदामडीह थाना क्षेत्र के मोहन बाजार मेन रोड में मार्ग लूट की घटित घटना में भी उक्त अभियुक्त की संलिप्तता रही है तथा बरामद हथियार भी उक्त मार्ग लूट की घटना में प्रयुक्त हुआ है।

## एक नजर में

### डोमगढ़ के आवासों का निरीक्षण करने गई केटीएमपीएल की टीम का विरोध

सिंदरी। सिंदरी के डोमगढ़ स्थित आवासों का निरीक्षण करने बुधवार को गई सेल की आउटसोर्सिंग कंपनी केटीएमपीएल की टीम का डोमगढ़ बचाओ मोर्चा ने विरोध किया। मोर्चा के विरोधी तेवर को देखते हुए केटीएमपीएल की टीम को वापस लौटना पड़ा। केटीएमपीएल के अधिकारी विजय शर्मा ने बताया कि एफसीआई प्रबंधन और सेल प्रबंधन के बीच डोमगढ़ क्षेत्र में 304 एकड़ जमीन के हस्तांतरण के लिए एम ओ यू हुआ है। एफसीआई प्रबंधन सेल को 304 एकड़ जमीन को हस्तांतरण करने के पहले अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए इविक्शन ऑर्डर पारित करने का औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर ली है। एफसीआई प्रबंधन द्वारा सेल प्रबंधन को हस्तांतरित किए जाने वाले चिन्हित जमीन का निरीक्षण के लिए केटीएमपीएल की टीम डोमगढ़ गई थी। उन्होंने कहा कि डोमगढ़ हमारे खनन क्षेत्र में आता है। डोमगढ बचाओ मोर्चा ने केटीएमपीएल के निरीक्षण टीम का विरोध किया। डोमगढ बचाओ मोर्चा के अध्यक्ष धीरज सिंह ने बताया कि फिलहाल डोमगढ़ क्षेत्र स्थित जमीन का हस्तांतरण को लेकर विवाद है। इस संबंध में जब तक एफसीआई, सेल प्रबंधन और डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के बीच सर्वसम्मति से सकारात्मक निर्णय नही होता है, तब तक एफसीआई के जमीन का सेल को हस्तांतरण का मामला विवाद में रहेगा। केटीएमपीएल की निरीक्षण टीम मोर्चा के विरोध को लेकर वापस लौट गई।

### गांजा तस्कर संतोष को दस वर्ष की कैद और एक लाख रुपए का लगा जुमार्ना

धनबाद। गांजा तस्करी के एक मामले में बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम मनीष रंजन की अदालत ने सजा की बिंदु पर अपना फैसला सुनाया। अदालत ने संतोष कुमार साह को एनडीपीएस की धारा 20(बी) में दोषी पाकर दस वर्ष की सश्रम कैद और एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने किया।

**क्या है मामला:** धनबाद जीआरपी ने 4 जुलाई 2018 को धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 पर छापेमारी कर संतोष कुमार साह नामक व्यक्ति को पकड़ा उसके थैला की जांच करने पर 10 किलो 410 ग्राम गांजा बरामद किया गया। रेल पुलिस द्वारा धनबाद रेल थाना में कांड संख्या 148/18 दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने अनुसंधान के उपरांत संतोष के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र समर्पित किया था। अदालत ने 6 दिसंबर 2018 को आरोपी संतोष कुमार साह के खिलाफ आरोप गठित कर केस का विचारण शुरू किया। केस विचारण के दौरान लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने सात गवाहों का मुख्य परीक्षण कराया था।

### झरिया बचाव समिति ने प्रधानमंत्री से झरिया मास्टर प्लान पर पुर्नविचार की मांग

धनबाद। झरिया के लिए नए मास्टर प्लान से झरिया कोलफील्ड के रैयतों और गैर रैयतों के साथ न्याय नहीं हुआ है। इसके पूर्व संशोधित मास्टर प्लान में 5 लाख + 3 लाख क्रेडिट लाइन + 50 हजार शिफ्टिंग और 2 वर्ष का भाड़ा भत्ता का उल्लेख था, झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति ने प्रधानमंत्री कार्यालय को गैर रैयतों के लिए 20 लाख तक के लाभ जिनमें सरकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजनाओं सहित भूमिहीनों और कमजोर वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं के साथ कुल 20 लाख का लाभ देने का आग्रह किया था। उक्त जानकारी बुधवार को बयान जारी कर झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि रैयतों के लिए एलएएआर 2013 के अंतर्गत तथा मकान के मूल्य के साथ साथ उपरोक्त सुविधाएं देने का आग्रह किया था। लेकिन इस 5940 करोड़ के नए मास्टर प्लान में सिर्फ 1 लाख + 3 लाख की क्रेडिट लाइन का उल्लेख है। झारखंड में विस्थापितों के साथ सदा से अन्याय होता रहा है, पूर्व में मैथन, पंचेत, सिंदरी, बोकारो स्टील, कोयला क्षेत्र सदा यहां के लोग छला गया हैं। हमारी प्रधानमंत्री से मांग है कि इस पर पुनर्विचार किया जाए, जिससे यहां के लोगों के साथ न्याय हो सके।

### आईआईटी (आईएसएम) ने पश्चिम बंगाल के दीघा में समुद्र तट की सफाई

धनबाद। आईआईटी (आईएसएम) के पर्यावरण विज्ञान और अभियांत्रिकी विभाग ने विजनलाइफ ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के सहयोग से 24 और 25 जून को सफाई अभियान चलाकर दीघा समुद्र तट की सफाई की। यह पहल भारत के सतत विकास लक्ष्य 14 जल के नीचे जीवन को ध्यान में रखते हुए समुद्री प्रदूषण, विशेषकर प्लास्टिक कचरे, से निपटने के उद्देश्य से की गई। अभियान में 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया और जगन्नाथ मंदिर परिसर, समुद्र तट तथा मरीन ड्राइव क्षेत्र की सफाई की। कई क्विंटल प्लास्टिक कचरा एकत्र कर दीघा नगरपालिका को उसके निपटारे के लिए सौंपा गया। स्थानीय लोगों, पर्यटकों और प्रशासन ने इस प्रयास की सराहना की, विशेषकर ऐसे समय में जब 27 जून को रथ यात्रा के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के दीघा पहुंचने की संभावना है। इस अभियान का संयोजन राकेश कुमार सिंह, शोधार्थी और प्रो. बिस्वजीत पॉल, प्रमुख, खनन पर्यावरण केंद्र, पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग, आईआईटी (आईएसएम) ने किया।

## भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के रवानगी पर चेम्बर अध्यक्ष ने जताई खुशी

खबर मन्त्र संवाददाता



सिंदरी। नासा के फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेश सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39 ए से एक्सिओम 4 मिशन पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए बुधवार को भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला सहित अन्य तीन यात्रियों ने उड़ान भरी। इसके पहले प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखा था।

शुभांशु शुक्ला के इस उड़ान पर सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने खुशी जताई। उन्होंने बताया कि देश के लिए 41 वर्षों के बाद यह क्षण आया है। यह देखकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। देश के तिरंगा को कंधे पर लेकर शुभांशु ने उड़ान भरी है।

## उत्तर शिवलीबाड़ी के वाल्व ऑपरेटर को तत्काल बदलने का डीसी ने दिया निर्देश

स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय में जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए 'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025' के सफल क्रियान्वयन एवं जिला स्तर पर इसकी तैयारियों को सशक्त करने के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि इस सर्वेक्षण का उद्देश्य गुणवत्ता आधारित स्वच्छता आकलन कर राष्ट्रीय स्तर पर जिलों और राज्यों को रैंक प्रदान करना है। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त को बताया गया कि शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के वाल्व ऑपरेटर द्वारा दो पंचायतों में पानी खोलने के दौरान घोर अनियमितता बरती जा रही है। कारण पूछने पर पता चला कि वहां के मुखिया से संबंध खराब होने के कारण वाल्व ऑपरेटर उनके क्षेत्र में पानी की सप्लाई नहीं करता है। जिसके कारण ग्रामीण पानी से वंचित रह जाते है। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने तत्काल उस वाल्व ऑपरेटर को बदलने का निर्देश दिया। उक्त अवसर पर जिला जल एवं स्वच्छता समिति के पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के कर्मियों को 'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण' 2025 के उद्देश्यों, प्रक्रिया एवं मूल्यांकन मानकों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में विभिन्न बिंदुओं पर तकनीकी प्रस्तुतियाँ दी गईं और सहभागियों को स्वच्छता रैंकिंग प्रणाली को बेहतर ढंग से समझाने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

## भाजपा की सभा में ग्रामीणों व विस्थापितों के हक व अधिकार के लिए संघर्ष का शंखनाद

# जमीन के बदले ग्रामीणों को उचित मुआवजा और नियोजन नहीं मिल जाता तब तक हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी को एक ईट भी जोड़ने नहीं दिया जायेगा: ढुलू महतो

खबर मन्त्र संवाददाता




कतरास। सिनीडीह में बुधवार की शाम भारतीय जनता पार्टी की आम सभा हुई। जिसमें सांसद ढुलु महतो एवं विधायक शत्रुघ्न महतो शामिल हुवे। सांसद ढुलू महतो हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी पर जम कर बरसे। उन्होंने कहा कि सिनिडीह, ब्रह्माण्डिहा सूयाडीह, धमाबांध, देवघरा, खरखरी, फुलारीटांड़ के प्रभावित रैयतों, ग्रामीणों और विस्थापित अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने को तैयार हो जाए। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन को सभी प्रभावित विस्थापितों रैयतों एवं ग्रामीणों को जमीन के बदले मुआवजा और नियोजन हर कीमत पर देना होगा। जब तक प्रबंधन रैयतों और ग्रामीणों के साथ बैठकर वार्ता नहीं कर लेती और जमीन के बदले ग्रामीणों को उचित मुआवजा और नियोजन नहीं मिल जाता तब तक हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी को एक ईट भी जोड़ने नहीं दिया जाएगा। हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी का यह इतिहास रहा है कि वह कहीं भी खनन का कार्य करने का काम लेती है तो अपने गुंडों से गोली बम चलवा कर जबरन जमीन छीनने का काम करती है। लेकिन यह बाघमारा में किसी की भी गुंडागर्दी चलने नहीं दी जाएगी। हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी के मंसूबों को कभी भी यहां पूरा होने नहीं दिया जाएगा। यहां के रैयतों की समस्या को मैं लोकसभा में उठाऊंगा। बाघमारा की जनता ने मुझे तीन-तीन बार यहां का विधायक बनाया है। आज मेरे बड़े भाई शत्रुघ्न महतो यहां के विधायक हैं। किसी भी कीमत पर यहां के जनता के साथ में अन्याय नहीं होने दूंगा। सांसद ने पुलिस प्रशासन को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी घटना हो गई गोली और बम के धमाके से पूरा इलाका दहल उठा था। पत्थर बाजी हुई पुलिस के एक वरीय अधिकारी घायल भी हुए। उसके बाद भी ना जाने क्या कारण है किसका दबाव है कि पुलिस प्रशासन हिलटॉप कंपनी का काम करवा रही है। झारखंड की मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार जो अपने आप को गरीबों दलितों का मसीहा बताती है। जल जमीन और जंगल की बात करती है। आज वही लोगों का घर जमीन को छीना जा रहा है।

# झरिया को मोदी सरकार ने दी बड़ी खुशखबरी, अब होगा लोगों का स्थायी समाधान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची, धनबाद। झरिया के लोगों के लिए बुधवार को बड़ी खुशखबरी मिली। धनबाद जिले के झरिया में रहने वाले कोयला खदान से विस्थापित और प्रभावित हुए लोगों का आपातकाल बहुत जल्द खत्म होने वाला है। केंद्र की मोदी सरकार ने 5,940 करोड़ रुपए के संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दे दी है। इस संशोधित झरिया मास्टर प्लान से अब भूमिगत आग से निपटने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के उपाय किये जायेंगे। पीएम मोदी कैबिनेट ने आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने इस फैसले को मंजूरी दी। इससे झरिया ही नहीं पूरे कोयलांचल में खुशी का माहौल छा गया।

## एक शताब्दी से धधक रहा है झरिया







झरिया कोयला खदान में आग लगने की पहली घटना वर्ष 1916 में सामने आयी थी। इसके बाद जमीन के नीचे आग लगने के कई मामले सामने आये। 1971 में राष्ट्रीयकरण से पहले इन खदानों में खनन का काम निजी कंपनियां करती थी। झरिया कोयला खदान में आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 1978 में पोलैंड और भारत के विशेषज्ञों की उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया। समिति की रिपोर्ट में कहा गया कि झरिया क्षेत्र में 41 कोयला खदानों में 77 आग लगने के मामले का पता लगाया है। झरिया कोयला खदान का काम भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के जिम्मे है। इसके बाद केंद्र सरकार ने वर्ष 1996 में पुनर्वास को लेकर एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही मास्टर प्लान तैयार किया गया। झरिया मास्टर प्लान को 12 अगस्त 2009 को मंजूरी दी गयी। इस प्लान के तहत केंद्र सरकार ने 7112.11 करोड़ रुपये का आवंटन किया। लेकिन यह प्लान आगे नहीं बढ़ पाया। इसके बाद केंद्र सरकार ने संशोधित मास्टर प्लान तैयार किया। कोयला मंत्रालय के वर्ष 2023 के आंकड़े के हिसाब से झरिया क्षेत्र में आग से प्रभावित इलाकों की संख्या में कमी आयी है और यह 77 से घटकर 67 हो गयी है।

## सुरक्षित पुनर्वास का काम शुरू होगा

योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू होगा और आग तथा भू धंसान से निपटने तथा प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित पुनर्वास सुनिश्चित करने का काम होगा। संशोधित झरिया मास्टर प्लान के तहत पुनर्वास परिवारों की स्थायी आजीविका के साधन मुहैया कराने, परिवारों की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए विशेष कौशल विकास और रोजगार परक उपाय को महत्व दिया जायेगा। इसके अलावा एक लाख रुपये का आजीविका अनुदान और वैध भू-स्वामित्व धारक (एलटीएच) परिवारों और अपंजीकृत भू-धारक (नॉन-एलटीएच) परिवारों दोनों को तीन लाख रुपये तक संस्थागत ऋण दिया जायेगा। पुनर्वास वाले परिवारों के लिए सड़क, बिजली, जल आपूर्ति, सीवरेज, स्कूल, अस्पताल, कौशल विकास केंद्र, सामुदायिक भवन जैसे व्यापक बुनियादी ढांचे और आवश्यक सुविधाएं विकसित होगी। संशोधित झरिया मास्टर प्लान क्रियान्वयन समिति की सिफारिशों के अनुसार इन प्रावधानों को लागू किया जायेगा।

## संशोधित झरिया मास्टर प्लान

झरिया कोयला क्षेत्र में आग, जमीन धंसने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास से संबंधित मसलों के समाधान के लिए संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दी गयी है। संशोधित योजना के कार्यान्वयन के लिए कुल 5,940.47 करोड़ रुपए खर्च किये जायेंगे।

# पिंजड़े में बंद था लोकतंत्र, संविधान पंगु और कानून बन गया था मजाक : दुबे

## आपातकाल के 50 वर्ष पर भाजपा का काला दिवस कार्यक्रम

## इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र को मिट्टी में मिला दिया था : शारदा महेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर बुधवार को गढ़वा जिला भाजपा ईकाई ने 1975 में देश के लगाए गए आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। साथ ही संकल्प लिया कि देश को फिर से उस स्थिति में नहीं जाने देंगे जिस स्थित में कांग्रेस की इंदिरा गांधी नेतृत्व की सरकार ने 1975 में कोर्ट के फैसले को ठेंगा दिखा दिया था। सरकार के खिलाफ उठने वाले आवाज को बंद करने के लिए देश में आपातकाल लागू कर दिया था। जनता के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया था। प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया था। आपातकाल का विरोध करने वाले विपक्ष के नेताओं कार्यकर्ताओं को भी जेल में डाल दिया था।

गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता पलामू भाजपा के मेरुदंड माने जाने वाले, इमरजेंसी में जेल जाने वाले, पार्टी के थिंकटैंक के रूप में विख्यात प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्याम नारायण दुबे ने कहा कि इमरजेंसी के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र को पूरी तरह पिंजरे में बंद कर दिया था।

48 संशोधन कर संविधान को पंगु और कानून को रखैल बना रखा था। इसे बार-बार याद करने की जरूरत इसलिए है कि फिर से देश पर ऐसा संकट न आ जाए। संविधान की धज्जियां उड़ाकर अपनी डिक्टेटरशिप चलाने वाली इंदिरा गांधी की बहु, पोता, पोती आज संविधान के फ्रंट पेज की कॉपी दिखाकर संविधान को बचाने की बात करते फिर रहे हैं। यह स्थिति कल के इमरजेंसी से भी ज्यादा भयावह है। इसलिए संकल्प जरूरी है कि भारत में कभी कांग्रेस की सरकार न बने अन्यथा फिर से इमरजेंसी की विस्फोटक स्थिति का सामना करना पड़ेगा।


संकल्प पत्र के साथ भाजपा कार्यकर्ता

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, इमरजेंसी में जेल जाने वाले, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि इमरजेंसी आदर्श लोकतंत्र पर एक ऐसा काला धब्बा है जिसे मिटाया नहीं जा सकता है। 1971 के चुनाव में धांधली कर जितने की कांग्रेस विरोधी चुनौती को कोर्ट ने न सिर्फ स्वीकार किया था बल्कि उस पर फैसला सुनते हुए कांग्रेस की जीत को निरस्त कर दिया था। सत्ता में बने रहने के लिए इंदिरा गांधी ने अपने आप को तानाशाह घोषित करते हुए कोर्ट के फैसले को मानने से इनकार कर दिया था। देश में इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र को मिट्टी में मिला दिया था। सरकार का विरोध करने वाले संगठन और नेताओं पर प्रतिबंध लगा दिया था।

नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश तिवारी ने बाल्य अवस्था में इमरजेंसी के दौरान रोचक घटनाओं को सबके सामने रखा।

वह दैनिक अखबार को भोजन का पैकेट बनाकर जेल में बंद नेताओं के पास भेजते थे। बैठक अथवा कार्यक्रम की सूचना देने से लेकर प्रशासन की गतिविधियों पर उनकी निगाह रहती थी। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनय चौबे ने कहा कि देश को तोड़ने का काम कांग्रेस ने किया है। देश में कांग्रेस की विचारधारा को समाप्त करने का संकल्प आज की आवश्यकता है। इस मौके पर इमरजेंसी के दौरान जेल जाने वाले स्व. ज्वाला प्रसाद केशरी की धर्मपत्नी शकुंतला देवी, स्व. बसंत केशरी की धर्मपत्नी शोभा देवी और महेंद्र प्रसाद कश्यप को शॉल और बुके प्रदान केले सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का विषय प्रवेश कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन मझिआंव मंडल अध्यक्ष पवन कुमार ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष बिनोद तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, डॉ पतंजलि केशरी, मीना देवी, कार्यालय मंत्री धनंजय गोंड उर्फ डबल जी, रामसरीख चंद्रा, राम उदार पांडेय, कैलाश कश्यप आदि मुख्यरूप से उपस्थित थे।

# पुलिस ने तस्करी की योजना को किया नाकाम, 29 मवेशी बरामद


बरामद मवेशी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के बभनी गांव में पुलिस ने 29 मवेशियों को तस्करी के लिए छुपाकर रखे जाने की सूचना पर छापामारी की। पुलिस ने तस्करों का प्लान फेल करते हुए सभी मवेशियों को जप्त कर लिया और उन्हें थाने में लाकर सुरक्षित रखा। इसके बाद स्थानीय किसान और पशुपालक मवेशियों को लेने के लिए थाने पहुंचे। पुलिस के गुप्त सूचना पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया था। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने बभनी गांव के टांड़ के जंगल में पेड़ों के नीचे छुपाए गए 27 बैल और 2 गाय को बरामद किया। जब पुलिस ने मवेशियों को देखा, तस्कर मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने लॉटरी के आधार पर मवेशियों को किसानों और पशुपालकों के बीच वितरित किया।

## एक नजर में

### पान दुकान में सेंधमारी, 27 हजार की संपत्ति चोरी


जानकारी देते अखिलेश गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के टाउनशिप चौक के समीप स्थित गुप्ता पान दुकान एवं जनरल स्टोर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का सीट उखाड़कर करीब 27 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चुरा ली। दुकानदार नागेंद्र प्रसाद के पुत्र अखिलेश गुप्ता ने भवनाथपुर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि 24 जून की रात चोरों ने 1725 रुपये नकद, फेसवॉश, मिक्चर, बिस्कुट, पान मसाला, सिगरेट, सरसो तेल, साबुन, ठंडा पेय पदार्थ और नकदी से भरा अखमूना चोरी कर लिया। दुकानदारों ने पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने और शीघ्र चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। थाना प्रभारी मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

### कुएं से 28 वर्षीय युवक का शव बरामद


उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड अंतर्गत भागोडीह पंचायत के चुंदी गांव में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के पास स्थित एक कुएं से ग्राम निवासी स्व. मुखलाल साव का 28 वर्षीय पुत्र विकेश कुमार उर्फ छोटू का शव तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों ने इस घटना को साजिशन हत्या बताते हुए सोनेहारा-डंडई मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया। मृतक की गर्भवती पत्नी पूजा देवी को पुलिस हिरासत में लेने के बाद लोगों ने जाम हटाया। पुलिस ने शव को पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### नशा मुक्ति अभियान का सफल शुभारंभ

#### ग्रामीणों ने लिया शपथ


अभियान में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई/सगमा।** कटहर कला पंचायत में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई पंचायत की मुखिया कलावती देवी ने की। इस अभियान की शुरूआत धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार की उपस्थिति में हुई। यह अभियान कटहर कला पंचायत भवन से शुरू होकर मुख्य मार्ग से होते हुए पूरे गांव में रैली के रूप में फैला, जिसमें ग्रामीणों ने नशा मुक्ति के पक्ष में नारे लगाए। मौके पर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने नशे को धीमा जहर बताते हुए कहा कि यह न केवल स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है, बल्कि यह व्यक्ति के परिवार और समाज को भी नष्ट करता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे इस जहर से दूर रहें और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं।

### जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित


उपस्थित छात्राएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** स्थानीय परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, भवनाथपुर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को कक्षा 10वीं की छात्राओं के बीच मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित संक्रामक बीमारियों पर आधारित जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को इन बीमारियों के लक्षण, कारण, रोकथाम और बचाव के तरीकों की जानकारी देना था, ताकि वे न सिर्फ स्वयं जागरूक हों बल्कि समाज में भी जागरूकता फैला सकें।

### भूख हड़ताल पर बैठे लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण



हड़ताल पर बैठे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिनिया।** प्रखंड परिसर में भूमि विवाद को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे अनिल कुमार राम, उनके परिवार और ग्रामीणों का धरना 36 घंटे से अधिक समय से जारी है। अभी तक अंचल पदाधिकारी या अन्य जिम्मेदार अधिकारी द्वारा कोई समाधान नहीं निकाला गया है, जिससे आंदोलनकारियों में निराशा है। धरना पर बैठे लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी है। स्थिति को गंभीर देखते हुए चिनिया चिकित्सा केंद्र से डॉक्टर कृष्ण कुमार, मेडिकल असिस्टेंट डॉ अशोक कुमार सहित टीम ने पहुंचकर भूख हड़ताल पर बैठे लोगों की ब्लड शुगर, बीपी सहित अन्य स्वास्थ्य जांच की। डॉक्टरों ने जांच के बाद स्थिति संतोषजनक बताई।


रजिस्ट्री सं. डी. एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

सी.जी.डी.एल. अ.— 14062025—263804

CG-DL-E- 14062025-263804

असाधारण EXTRAORDINARY

भाग II —खण्ड 3— उप खण्ड—II

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3110] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 13, 2025/ज्येष्ठ 23, 1947

No. 3110] NEW DELHI, FRIDAY 13, 2025/JYAISTHA 23, 1947

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय अधिसूचना नई दिल्ली, 13 जून, 2025**

का.आ. 2600(अ)— केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) के अधिन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 3572(अ) तारीख 22.08.2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग (ii) खण्ड 3, उपखण्ड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखण्ड राज्य के खूँटी जिले के NH-75E(New NH-20) के कि0मी0 21.340 से कि.मी. 47.700 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण / पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन / 4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचलन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोशणा करती है।

उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "26.09.2024" को "हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, प्रभात खबरए दैनिक भास्कर, रॉंची एक्सप्रेस, आजाद सिपाही, तानीम न्यूज" और "झारखण्ड जागरण" दोनों में प्रकाशित किया गया था; जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है; अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोशणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिश्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

3833 GI/2025 (1)

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसारण में यह घोशणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिश्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप में केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**झारखण्ड राज्य के खूँटी जिले में NH-75E(New NH-20) के कि.मी. 21.340 से कि.मी. 47.700 तक के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

| राज्य का नाम :— झारखण्ड | | | जिले का नाम :— खूँटी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | भूस्वामी / हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नाम : मुरहू | | | | | |
| गांव का नाम : कुत्रजला | | | | | |
| 72 | 102 | निजी | टाड़ दो | 0.0016188 | छोटा पंडरा मुंडा वो वन्दु मुंडा, पिता लादुवा मुंडा |
| 73 | 1491 | निजी | परती कदम | 0.1667341 | गैरमजरूआ खास |
| 74 | 1492 | निजी | नाला | 0.0768919 | बकस्त लोदरा पाहन |
| 75 | 1493 | निजी | दोन दो | 0.1027924 | बकस्त कोएली मुंदैन |
| 76 | 1494 | निजी | दोन दो | 0.0242817 | बकस्त छोटा बागुन पहन |
| 77 | 1495 | निजी | दोन दो | 0.014569 | बकस्त सम्मिलित मालिक बाराका बागुन पहन |
| 78 | 1514 | निजी | परती गराहा | 0.0012141 | बकस्त लोदरा पाहन |
| 79 | 1515 | निजी | दोन दो | 0.0242817 | बकस्त लोदारा पाहन |
| 80 | 1516 | निजी | परती कदम | 0.0161878 | तुरी महतो, फादर शिवदयाल महतो, |
| 81 | 1517 | निजी | परती कदम | 0.0522056 | गैरमजरूआ खास |
| 82 | 1518 | निजी | गड़हा | 0.2893565 | गैरमजरूआ खास |
| 83 | 1519 | निजी | परती कदम | 0.116552 | श्री सोमा पहान वो रेसा पहान, पिता धनु पहान |
| 84 | 1520 | निजी | टाड़ दो | 0.1214083 | बकस्त कोएली मुंदैन |
| 85 | 1521 | निजी | टाड़ दो | 0.0841764 | बकस्त धनु पाहन |
| 86 | 1546 | निजी | टाड़ दो | 0.0829624 | बकस्त लोदरा पाहन |
| 87 | 1548 | निजी | टाड़ दो | 0.0420882 | श्री महावीर महतो वो शखन महतो, पिता करमा महतो श्री महावीर महतो वो शखन महतो पिता करमा महतो, गहनु तांती वल्द ठीक तांती |
| 88 | 1549 | निजी | टाड़ दो | 0.3002833 | रगड़राय मुंडा, पिता सुखराम मुंडा |
| 89 | 1550 | निजी | गड़हा | 0.0566572 | गैरमजरूआ खास |
| 90 | 1551 | निजी | परती नाला | 0.4706597 | गैरमजरूआ खास |
| 91 | 1553 | निजी | टाड़ दो | 0.0117361 | गैरमजरूआ खास सोमा पहान वो रेसा पहान, पिता धानु मुण्डा एवं राम पहान पिता लोहरा मुण्डा एवं मोहरा पिता लोहरा मुण्डा |
| 92 | 1554 | निजी | टाड़ दो | 1.1541886 | छोटा मुण्डा पंडरा मुंडा वो वन्दु मुंडा पिता लादुवा मुंडा |
| 93 | 1555 | निजी | परती नाला | 0.0975314 | गैरमजरूआ खास |
| 94 | 1556 | निजी | टाड़ तीन | 1.466208 | रगड़राय मुंडा, पिता सुखराम मुंडा |
| 95 | 1562 | निजी | टाड़ तीन | 1.2209632 | लाल भूपेन्द्रनाथ साहदेव, पिता लाल राजेन्द्रनाथ साहदेव |
| 96 | 1570 | निजी | नाला | 0.0772966 | गैरमजरूआ खास |
| 97 | 1642 | निजी | नदी | 0.1942533 | गैरमजरूआ खास |
| 98 | 1646 | निजी | टाड़ दो | 0.0149737 | छोटा पंडरा मुंडा वो वन्दु मुंडा, पिता लादुवा मुंडा |
| 99 | 1647 | निजी | परती गड़हा | 0.1384055 | गैरमजरूआ खास |
| 100 | 1648 | निजी | परती कदम | 0.1100769 | गैरमजरूआ खास |
| 101 | 1649 | निजी | टाड़ तीन | 0.1881829 | श्री राधो पहान पिता विसराम पहान |
| 102 | 1666 | निजी | टाड़ दो | 0.5495751 | सोमा पहान वो रेसा पहान, पिता धानु मुण्डा एवं राम पहान पिता लोहरा मुण्डा एवं मोहरा पिता लोहरा मुण्डा |
| 103 | 1670 | निजी | टाड़ दो | 0.1027924 | सोमा पहान वो रेसा पहान, पिता धानु मुण्डा एवं राम पहान पिता लोहरा मुण्डा एवं मोहरा पिता लोहरा मुण्डा |
| 104 | 1672 | निजी | टाड़ दो | 0.0509915 | सोमा पहान वो रेसा पहान, पिता धानु मुण्डा एवं राम पहान पिता लोहरा मुण्डा एवं मोहरा पिता लोहरा मुण्डा |
| 105 | 1673 | निजी | टाड़ दो | 0.4844193 | छोटा पंडार मुण्डा वो बन्दु मुण्डा पिता लादुवा मुण्डा |
| 106 | 1679 | निजी | दोन दो | 0.0008094 | बंधना नाकु जेठुआ, महतो सिदु महतो बुधु महतो, सुखुवा सानु महतो, पिता सोहराय महतो और रंजीत महतो, पिता धुरा महतो तुरी महतो पिता शिवदयाल महतो |
| 107 | 1680 | निजी | दोन दो | 0.0279239 | मेहन तेली वल्द–वल्द तेली, |
| 108 | 1681 | निजी | दोन दो | 0.014569 | सोमनाथ प्रधान वो कमल प्रधान पिता हरखु प्रधान एवं जगरनाथ प्रधान, पिता सुखराम प्रधान |
| 109 | 1682 | निजी | दोन एक | 0.0149737 | सोमनाथ प्रधान वो कमल प्रधान, पिता हरखु प्रधान एवं जगरनाथ प्रधान पिता सुखराम प्रधान |
| 110 | 1683 | निजी | दोन दो | 0.0607042 | श्री राधो पहार, पिता विसराम पहान |
| 111 | 1684 | निजी | दोन दो | 0.0242817 | श्री राधो पहार, पिता विसराम पहान |
| 112 | 1685 | निजी | दोन तीन | 0.2525293 | श्री राधो पहार, पिता विसराम पहान |
| 113 | 1686 | निजी | टाड़ दो | 0.1011736 | श्री राधो पहार, पिता विसराम पहान |
| 114 | 1688 | निजी | नाला | 0.0234723 | गैरमजरूआ खास |
| 115 | 1702 | निजी | दोन दो | 0.0724403 | बकस्त छोटा बागुन पहन |
| 116 | 1703 | निजी | दोन एक | 0.0024282 | बकस्त छोटा बागुन पहन |
| 117 | 1704 | निजी | दोन एक | 0.2173209 | सागो मुंडा वो बधरोय वा लेषा मुंडा सुखुवा छोटका वो सोहराय मुंडा |
| 118 | 1705 | निजी | दोन एक | 0.0396601 | मेहन तेली वो मंगरा तेली वो लक्ष्मन तेली, पेशरान अन्दु तेली, |
| 119 | 1706 | निजी | दोन एक | 0.0449211 | श्री शिवदयाल महतो वो नारायण महतो पिता मोहरा एवं घसिया महतो पिता मंगरा महतो |
| 120 | 1707 | निजी | दोन एक | 0.0566572 | श्री शिवदयाल महतो वो नारायण महतो पिता मोहरा एवं घसिया महतो पिता मंगरा महतो |
| 121 | 1708 | निजी | दोन एक | 0.1121004 | श्री शिवदयाल महतो वो नारायण महतो पिता मोहरा एवं घसिया महतो पिता मंगरा महतो |
| 122 | 1715 | निजी | दोन दो | 0.0032376 | श्री फौदा महतो पिता स्व0 शिवदा महतो |
| 123 | 1716 | निजी | दोन दो | 0.0008094 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 124 | 1717 | निजी | दोन एक | 0.2221773 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 125 | 1718 | निजी | दोन एक | 0.0404694 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 126 | 1719 | निजी | दोन एक | 0.0894375 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 127 | 1720 | निजी | दोन एक | 0.0772966 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 128 | 1721 | निजी | दोन एक | 0.0655605 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 129 | 1726 | निजी | दोन एक | 0.0105221 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 130 | 1732 | निजी | दोन तीन | 0.0161878 | लगंडु तेली, वल्द लालु तेली चरण महतो पिता लागु महतो |
| 131 | 1733 | निजी | दोन दो | 0.0356131 | चरण महतो पिता लागु महतो |
| 132 | 1736 | निजी | दोन दो | 0.0424929 | बकस्त विसराम पहन |
| 133 | 1737 | निजी | दोन दो | 0.0566572 | लदुवा पाहन वल्द मरजा पाहन वो मंगरा पाहन वल्द जेठो पाहन |
| 134 | 1738 | निजी | दोन एक | 0.0141643 | बकस्त सम्मिलित मालिक बाराक बागुन पहन |
| 135 | 1739 | निजी | दोन एक | 0.0647511 | बकस्त छोटा पंडारा मुंडा बंदू मुंडा |
| 136 | 1740 | निजी | दोन एक | 0.0408741 | बकस्त सम्मिलित मालिक बाराक बागुन पहन |
| 137 | 1744 | निजी | दोन दो | 0.0036423 | मेहना तेली वल्द अन्दु तेली, |
| 138 | 1745 | निजी | दोन दो | 0.0080939 | श्री फकरा पहान वो बड़ा लोहरा पहान, बड़ा बगनु वो छोटा बगनु पिता लोहरा एवं छोटा लोहरा पिता गंगा पहान |
| 139 | 1746 | निजी | दोन दो | 0.14569 | श्री राधो पहान पिता विसराम पहान |
| 140 | 1747 | निजी | दोन तीन | 0.0566572 | श्री राधो पहान पिता विसराम पहान |
| 141 | 1748 | निजी | दोन दो | 0.1100769 | मोहना तेली वल्द अन्दु तेली |
| 142 | 1749 | निजी | परती कदीम | 0.053015 | श्री बुधनाथ उरांव वो दया उरांव पिता चोगी उरांव |
| 143 | 1750 | निजी | दोन दो | 0.0930797 | मोहना तेली वो मंगरा तेली वो लक्ष्मन तेली, पेशरान अन्दु तेली, |
| 144 | 1751 | निजी | टाड़ दो | 0.009308 | चरण महतो, पिता लागु महतो |
| 145 | 1752 | निजी | रास्ता | 0.0416835 | गैरमजरूआ आम |
| 146 | 1753 | निजी | दोन दो | 0.0360178 | मोहना तेली वो मंगरा तेली वो लक्ष्मन तेली, पेशरान अन्दु तेली, |
| 147 | 1754 | निजी | टाड़ दो | 0.1752327 | जलेश्वरी देवी पिता स्वर्गी सोमरा महतो, बलिन्द महतो, पिता स्वर्गीय सोमरा महतो |
| 148 | 1784 | निजी | रास्ता | 0.0837718 | गैरमजरूआ आम |
| 149 | 1785 | निजी | दोन तीन | 0.0473493 | मगरी तिडु, पति स्व0 सिगरे तिडू नीलम टोपनो पति कुशल एमेन टोपनो सुमन मींज पति बुदयु मींज दाउद कंडुलना पिता इसाक कंडुलना मार्था हेम्ब्रोम पति नेलजन हेम्ब्रोम प्रभु सहाय भेंगरा पिता स्वर्गीय मार्टिन भेंगरा नीलम टोपनो पिता अमरेन पूर्ति स्नेहलता आइंद पिता स्व0 अब्राहम और सोमा पहन वो रेसा पहन पिता धनु मुंडा और राम पहन पिता लोहरा और मोहरा पिता लोहरा मुण्डा |
| 150 | 1786 | निजी | दोन दो | 0.0752732 | चरण महतो पिता लागु महतो |
| 151 | 1787 | निजी | दोन दो | 0.0522056 | सागो मुंडा वा बधरोय वो लेषा मुंडा सुखुवा छोटका वो सोहराई मुंडा |
| 152 | 1788 | निजी | दोन एक | 0.5600971 | बकस्त सम्मिलता मालिक बाराका बागुन पहन |
| 153 | 1789 | निजी | टाड़ दो | 0.0991501 | श्री करमा महतो पिता भोला महतो एवं दसरू महतो वो बुधनाथ महतो पिता अकला महतो एवं फागु महतो पिता झरिया महतो एवं हरखु महतो पिता डिबरा महतो |
| 154 | 1790 | निजी | टाड़ दो | 0.6989073 | सोमनाथ प्रधान वो कमल प्रधान, पिता हरखु प्रधान एवं जगरनाथ प्रधान पिता सुखराम, सबल प्रधान पिता सोमनाथ प्रधान |
| 155 | 1794 | निजी | टाड़ दो | 0.0461352 | एमडी. उमापति देवी, सिस्टर–लेट पना लाल वर्मा, श्री राम प्रवेश ठाकुर एंड रामनरेश ठाकुर एंड उमेश ठाकुर, फादर–सरजू ठाकुर, एमआरएस एस. मनोमनित मुंडु, हसबैंड–एमआरएस जॉनसन दहंगा, एमआरएस फ्रेडरिक लकरा, फादर–हेली लकरा, एमआरए जुआल एआईएनडी फादर–मिखाइल एआईएनडी, एमआरएस कैलाश महतो, फादर–भौदा महतो, एमआरएस . खेदू महतो एंड रावण महतो, फादर–तुरी महतो, एमआरएस लखीचरण महतो, फादर–एमआरएस तुरी महतो, एमआरएस सुबोध महतो, फादर–लेट मनराखन महतो, एमआरएसकिरण दहंगा हसबैंड– एमआरएस पैकेसियस दहंगा, एमआरएस शारदा अगरवाल, हसबैंड–अरुण अगरवाल, बिशप रिवर्ड स्टीफन एस टिडू वाउ ऑफ कैथोलिक डायोसीज, एमआरएस पुनिता साक्षी एआईएनडी, हसबैंड–एमआरएस जुनू एआईएनडी, एमआरएस मुक्ता होरो फादर– बिरसा होरो, एमआरएस अनिता देवी, हसबैंड–एमआरएस कैलाश महतो, एमआरएस इंदु देवी, हसबैंड–एमआरएस राम कृष्णाकार, लाल राजेन्द्र नाथ सहदेव, फादर–लाल उपेंद्र नाथ सहदेव, प्रभात कुमार गुप्ता, फादर–जगपति साहू, एमआरएस शारदे अगरवाल, फादर–अरुण अगरवाल, एमआरएस सालेन लकड़ा, हसबैंड–चंद्र हंस लकड़ा, एमआरएस क्रिस्टोफर भेंगरा, फादर–लेट मसीह दास भेंगरा एंड एमडी. मारिया होरो, हसबैंड–लेट मसीह दास भेंगरा, श्री लाल अमरेंद्र शाहदेव, फादर–लेट लाल राजेन्द्र नाथ सहदेव, श्री हसन कंडुलना, फादर–इसाक कंडुलना, श्री देवप्रताप सिंहा, फादर–कुशनाथ सिंहा, एमआरएस श्वेती देवी हसबैंड–देव प्रताप सिंहा, एमआरएस जगतारिणी देवी, हसबैंड–राजेन्द्र प्रसाद सिंहा, एमआरएस श्वेती देवी हसबैंड–लेट लपेश्वर सिंहा, एमआरएस निराशा देवी हसबैंड– रामेश्वर गोप, एमआरएस संतोषी देवी, हसबैंड– धनेश्वर साहू, सुकरा पढ़ी, फादर– चिंतामणी पढ़ी, एमआरएस शकुन्तला देवी, हसबैंड– सुरेंद्र महतो, सुकुमार चौटर्जी, फादर–लेट, रामपति चौटर्जी, सुकुमार चौटर्जी फादर–लेट रामपति चौटर्जी, लाल समरेंद्रनाथ शाहदेव, फादर–लाल राजेन्द्र नाथ शाहदेव, लाल मृगेन्द्र नाथ शाहदेव, फादर–लाल राजेन्द्र नाथ शाहदेव, एमआरएस उषा शाह, हसबैंड–केशव शाह, एमआरएस . सरस्वती देवी हसबैंड–राम लाल साहू, राजीव कुमार, फादर–नरेंद्र कुमार, एमआरएस ज्योत्सना सिंघ, हसबैंड–भूपेंद्र सिंघ, श्री विपेंद्र नाथ शाहदेव, फादर–लॉन प्रेमनाथ शाहदेव, श्री राघवेंद्र नाथ शाहदेव, फादर–मणिउल लाल विरेंद्र नाथ शाहदेव, जगदीश कांसी, फादर–रामधन कांसी, एमआरएस सरस्वती देवी, हसबैंड–कृष्णा कुमार नग, राजकुमारी हसबैंड देवेन्द्र कुमार, कंचन सिंघ–जयंत कुमार ओहदार, एमआरएस . विरेंद्र दास अधिकारी एंड सच्चिदानंद अधिकारी फादर–मृणु एमआरएस अधिकार,रावन महतो,फादर–तुरी महतो,शंभू शरण त्रिपाठी फादर–राधेश्याम त्रिपाठी,मंजू देवी,हसबैंड–मुरकू बरैक,श्रीमती जिरवंती देवी,हसबैंड–श्री झगरू महतो,शांती देवी,हसबैंड–लुरका महतो,आनंद कश्यप,फादर–लेट जेरका कश्यप, बरुनेंद्र नाथ शाहदेओ, फादर–समरेंद्र नाथ शाहदेओ, श्रीमती लीला देवी, हसबैंड–खेदू महतो, अरविंद कुमार बिसी, फादर–सनातन बिसी, आशा बिसी, हसबैंड–अरविंद कुमार बिसी, प्रभावती कुमारी, हसबैंड–बिशेश्वर सिंघ, एमआरएस कलावती देवी, हसबैंड–देवाल गौड्डू, शांति देवी हसबैंड सुजान लोहार, |
| 156 | 1795 | निजी | टाड़ दो | 0.9983812 | मानसिंह मुंडा, वह दशरथ मुंडा, पिता–कुदुया मुंडा, लाल भूपेन्द्रनाथ सहदेव, पिता–लाल राजेंद्र नाथ सहदेव, श्रीमती विमला देवी, पति–श्रीकृष्ण महतो, महावीर मिश्रा, वह आनंद मिश्रा, पिता–रवि मिश्रा, श्रीमती मार्था शांति सांगा, पिता–मसीदास सांगा, श्री सैमसन संजय तिडू, पिता–जोसेफ तिडू, श्रीमती सुशीला नाग, पति–जगन्नाथ नाग, दिनेश मांझी, पिता–स्व. लखन मांझी और सुनीता मांझी, पति–दिनेश मांझी, महादेव तिरू, पिता–सामु मुंडा, अलीना प्रिका तिडू, पिता–सैमसन संजय तिडू, प्रसाद गुरिया, पिता–स्वर्गीय याकूब गुरिया, |
| 157 | 1796 | निजी | सड़क | 0.0833671 | डिस्ट्रिक बोर्ड |
| 158 | 1798 | निजी | टाड़ दो | 0.1278834 | श्री कर्मा महतो, पिता–भोला महतो एवं दसरू महतो एवं बुधनाथ महतो, पिता–अकला महतो एवं फागू महतो, पिता–झरिया महतो एवं हरखु महतो, पिता–डिबरा महतो, अनुराधा कुमारी, पति–किस्टो महतो, श्री राजेश कुमार नायक, पिता–श्री. अविन चंद्र नायक, सावित्री देवी, पति–कुलदीप महतो, तारा देवी, पति–भरत नाग, बिंदु देवी, पति–गुलाब महतो, सीमा देवी, पति–पारसनाथ नाग |
| 159 | 1799 | निजी | टाड़ तीन | 0.5058681 | भूपनाथ महतो विश्वनाथ वीओ श्रीनाथ, फादर– गोदुरा महतो, एंड घसिया महतो वीओ मलार महतो, फादर– पैडसन महतो, फगु महतो, फादर– लेट बुरिया महतो एंड रघु महतो वीओ लुडका महतो, फादर– लेट डोमना महतो, एमआर काशी नाथ महतो, फादर– जगजीत महतो, एमआरएस सावित्री देवी हसबैंड–काशीनाथ महतो, काशी नाथ महतो, फादर–जगदीश महतो, एमआरएस सविता देवी, हसबैंड–दुलार महतो, एमआरएस संगीता देवी, हसबैंड–सुरेश महतो, अंजली देवी, हसबैंड–देविन्दु महतो, लक्ष्मी महतो, फादर–लेट धाशी महतो |
| 160 | 1800 | निजी | टाड़ दो | 0.4872521 | गहनु तांती, ठीम तांती |
| 161 | 1801 | निजी | परती नाला | 0.0902469 | गैरमजरूआ खास |
| 162 | 1802 | निजी | टाड़ तीन | 0.0542291 | सैमुएल बसंत बजराय, सैमुएल बसंत बजराय, फादर–जोहान बजराय एमआरएस जिरवंती देवी, हसबैंड–एमआर झगरू महतो, काशीनाथ महतो, फादर–एमआर जगजीत महतो, एमआरएस डोमानी देवी, हसबैंड–शिवनारायण राम,भागीरथी महतो, फादर–जेठुआ महतो, एमआरएस एमिमा बजराई, हसबैंड–विलियम सिंघ, भकवा महतो एंड महावीर महतो, फादर–हरी महतो एंड फगु महतो फादर–लेट बुटिया महतो एंड रघु महतो एंड लुरका महतो फादर–डोमन महतो, एमआरएस , तिजो देवी, हसबैंड–एमआर. रणधु महतो, एमआरएस प्रेम शीला देवी, हसबैंड–हरी कश्यप, एमआर लुव नग, कुश नग, कमाल नग, सुरेश नग, हरिश्चंद्र नग, फणिंदु नग, फादर–लक्ष्मी नाथ नग, श्री गुंजन कुमार फादर–श्री धरम चंदु सुशिला देवी, वाइफ–अधनु महतो, श्रीमती प्रियंका देवी, हसबैंड–श्री अशोक एमआरएस असातोरा देवी, हसबैंड–धामरू महतो, सुधा कुमारी, फादर–लेट शिवचरण एमआरएस – अनिमा कुमारी, राधिका कुमारी, फादर–लेट शिवनारायण एमआरएस – रिता देवी, फादर–लेट शिवनारायण एमआरएस – सीमा देवी , फादर–लेट शिवनारायण एमआरएसएंड करिश्मा कुमारी , फादर–शिवनारायण एमआरएस एमआरएस रिता देवी फादर लेट शिवनारायण आरएमएस – सीमा देवी फादर लेट शिवनारायण आरएमएस एंड करिश्मा कुमारी फादर शिवनारायण आरएसएम |
| 163 | 664 | निजी | टाड़ दो | 0.0024282 | सोमरा गौड्डू पिता लक्ष्मीनाथ गौड्डू वह लक्ष्मण वह दिलु गौड्डू पिता हीरू गौड्डू वह रघु महतो वह लुरका महतो, पिता–डोमना महतो, श्रीमती चामिन देवी, पिता–श्री. किरन तांती, रघु महतो वह लुरका महतो, पिता–स्वर्गीय डोमन महतो, जिरवंती देवी पति–झगरू महतो, और वह श्रीमती दुलारी देवी पति–लंगरू महतो, प्रकाश कुमार, पिता–आनंद साहू नाग, निरामणि देवी, पति–शशि कांत नाग, गुड्डी देवी, पति–संजय स्वांसी, गहनु तांती, पिता–बिमु तांती |
| 164 | 750 | निजी | दोन तीन | 0.0044516 | श्री करमा महतो , पिता–भोला महतो एवं दसरू महतो वो बुधनाथ महतो , पिता–अकला महतो एवं फागु महतो पिता–झरिया महतो एवं हरखु महतो , पिता–डिबरा महतो |
| 165 | 92 | सरकारी | नाला | 0.0182113 | गैरमजरूआ खास |
| 166 | 93 | निजी | टाड़ दो | 0.4431404 | चरण महतो, पिता लागु महतो |
| 167 | 94 | निजी | टाड़ तीन | 0.0465399 | गहनु तांती,वल्द ठीमु तांती |
| 168 | 95 | निजी | टाड़ तीन | 0.0004047 | चरण महतो, पिता लागु महतो |

फा.सं. RW/Ranchi/LA/Km 16.400 to Km 47.700/NH-75E/3D]

शेख अमीनखान, निदेशक

PR 355941 (District)25-26*D

# रियल स्टेट में तेजी

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक परिस्थितियों और राजनीतिक अनिश्चितताओं का असर रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश पर दिखा और 2025 की पहली छमाही में इस निवेश में गिरावट दर्ज की गई है। निवेश संबंधी निर्णयों की समयसीमा बढ़ाई जा सकती है और ये संभवतः 2026 तक स्थानांतरित हो सकती हैं। हालांकि इन हालात के बाद भी संस्थागत निवेश का प्रदर्शन बहुत बुरा नहीं रहा। संस्थागत निवेश में अब अमेरिका पिछड़ रहा है और एशिया प्रशांत रीजन बढ़त हासिल करने लगा है। संपत्ति सलाहकार फर्म जेएलएल की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में 30 सौदों के जरिए संस्थागत निवेश 306.8 करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें साल-दर-साल 37 फीसदी गिरावट दर्ज की गई। पिछले साल की इसी अवधि में 40 सौदों के माध्यम से 489.3 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ था। चुनौतीपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थितियों और राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेश सुस्त पड़ा है। हालांकि इस मंदी के बावजूद रियल एस्टेट बाजार ने मजबूत प्रदर्शन किया है। यह मंदी एक असाधारण कैलेंडर वर्ष 2024 के बाद आई है, जिसमें निवेश ऐतिहासिक शिखर पर पहुंच गया था, जो 2007 में 8.4 अरब डॉलर के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया था। संस्थागत निवेशकों ने आरईआईटी, क्यूआईपी और सूचीबद्ध संस्थाओं में निवेश सहित सार्वजनिक बाजार चैनलों के माध्यम से भाग लेना जारी रखा। वर्ष 2025 का सबसे उल्लेखनीय लेनदेन ब्लैक स्टोन का भारत के आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र में रहा। ब्लैकस्टोन ने कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स में 66 फीसदी तक हिस्सेदारी हासिल करने के लिए लगभग 21.40 करोड़ डॉलर का निवेश किया। भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के आत्मविश्वास से प्रेरित निवेश में तेजी बनी रहेगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9


**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार सिंह**
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# आपातकाल एक त्रासदी किसी हाल में इसे भूलें नहीं

**अंग्रेजों** से आजाद होने के बाद भारत लोकतांत्रिक देश तो बन गया, लेकिन ठीक 25 साल बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से थोपी गई इमरजेंसी में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ गई थी। 25 जून, 1975 की आधी रात अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए इंदिरा ने तानाशाही का ऐसा नमूना पेश किया, जो उस पीढ़ी के लोग अब भी नहीं भूल पाए हैं।

बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। इस कदम के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। संयोगवश, इंडिया ब्लॉक के सदस्यों ने एक दिन पूर्व 24 जून को सदस्य के रूप में शपथ लेते समय संविधान की प्रतियां उठाई थीं।

ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? क्या कांग्रेस कांग्रेस चाहती है कि आपातकाल पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। लेकिन आपातकाल के भुगतभोगी आम लोगों और नेताओं का मानना है कि अतीत की भूलों को विस्मृत करने से उनके दोहराए जाने का खतरा बढ़ जाता है।


वास्तव में कांग्रेस और उसके नेता आपातकाल की गलती को स्वीकार नहीं करते। अगर वह अपनी गलती स्वीकार करते तो वह यह कहने की हिम्मत जुटाते कि 49 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से देश पर आपातकाल थोपने और राजनीतिक विरोधियों, मीडिया एवं जनता के खिलाफ दमन का चक्र चलाना एक भूल थी।

कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि पिछले कुछ समय से वह संविधान के खतरे में होने का फर्जी हौवा खड़ा कर उसके प्रति प्रतिबद्धता जताने में लगी हुई है। यह ठीक है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का संख्या बल बढ़ा है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह दबे-छिपे स्वर में आपातकाल को सही ठहराने की कोशिश करती दिखने लगे। उसकी यह कोशिश तो आपातकाल के स्मरण को और अधिक आवश्यक ठहराती है।




यदि वह संविधान के प्रति इतनी ही अधिक प्रतिबद्ध है तो फिर यह क्यों नहीं स्वीकार करना चाहती कि इंदिरा गांधी ने अपनी संसद सदस्यता खारिज किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए आपातकाल का सहारा लिया और इस क्रम में इसी संविधान को कुचला और उसकी प्रस्तावना को मनमाने तरीके से बदल दिया।

नयी पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल अपरिचित है। बातचीत के क्रम में इस पीढ़ी ने आपातकात शब्द जरूर सुना होगा लेकिन 25-26 जून, 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के दंश की कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं। आपातकाल के दौरान पूरा देश कारागार में परिवर्तित हो गया था। विपक्ष के सभी नेताओं को रात में ही जगा कर नजदीकी जेल में जबरन उन्हें डाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस और जमात-ए-इस्लामी सहित 26 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल के मुखर आलोचक रहे फिल्मी कलाकारों को भी इसका दंश झेलना पड़ा। किशोर कुमार के गानों को रेडियो और दूरदर्शन पर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देव आनंद को भी अनौपचारिक प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था।



- डॉ आशीष

> **तत्कालीन अटार्नी जनरल नीरेन डे ने तब सुप्रीम कोर्ट में यह कुबूल किया था कि जीने का अधिकार स्थगित है। यदि स्टेट आज किसी की जान भी ले ले तो भी उसके खिलाफ कोई व्यक्ति कोर्ट की में नहीं जा सकता। ऐसे मामलों को सुनने के कोर्ट के अधिकार खत्म कर दिए गए हैं। ऐसा तो अंग्रेजों के राज में भी नहीं था। विलायती शासन में भी कम से कम जनता को कोर्ट में जाने की छूट तो मिली हुई थी।**

आपातकाल की कहानी को बार-बार दोहराना इसलिए भी जरूरी है कि आज की युवा पीढ़ी कम से कम यह जान ले कि जो आजादी और स्वतंत्रता उसे अनायास मिली है, सहज सुलभ है, वह दरअसल कितने बलिदानों से मिली है और उसे कायम रखने के लिए कितनी लड़ाइयां हुई हैं! लोगों को पता चलना चाहिए कि संविधान की हत्या किसे कहते हैं।

पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के शब्दों में, "आपातकाल की घोषणा ने देश की लोकतांत्रिक संरचना को हिला कर रख दिया। लोकतांत्रिक व्यवस्था के कमजोर पक्षों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ और देश ने दोबारा कभी भी इसे नहीं लगाए जाने का प्रण किया। यह प्रतिज्ञा तभी बनी रहेगी जब देश बार बार उस आपातकाल से मिलने वाले सबक को याद करता रहेगा। खास कर, युवाओं को आजाद भारत के उस काले अध्याय की जानकारी और उससे मिले सबक को जानना होगा।"

देश में आपातकाल लागू होने के बाद कई त्रासद घटनाएं हुईं। दिल्ली का तुर्कमान गेट कांड भी इनमें एक था। मुस्लिम बहुल उस इलाके को संजय गांधी ने दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर खाली करा दिया। यह काम लोगों की सहमति से नहीं, बल्कि जबरन किया गया गया। बुल्डोजर से लोगों के घर ढहाए गए। जिन्होंने विरोध किया, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। विरोध के दौरान पुलिस ने लाठियां बरसाईं और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने गोलियां भी चलाईं। चार लोगों की जान चली गई।

संजय गांधी ने तब तक परिवार नियोजन का अभियान छेड़ दिया था। सड़क से भिखारियों, झोपड़पट्टी के लोगों और राहगीरों को पकड़ कर जबरन नसबंदी के टार्गेट पूरे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 18 अक्टूबर 1976 को नसबंदी अभियान का विरोध कर रहे आंदोलकारियों पर पुलिस ने सीधी फायरिंग कर दी थी। जिसमें 42 बेगुनाहों की मौत हो गई थी। मृतकों की स्मृति में यहां शहीद चौक बना हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान देशभर में 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी।

तत्कालीन अटार्नी जनरल नीरेन डे ने तब सुप्रीम कोर्ट में यह कुबूल किया था कि जीने का अधिकार स्थगित है। यदि स्टेट आज किसी की जान भी ले ले तो भी उसके खिलाफ कोई व्यक्ति कोर्ट की में नहीं जा सकता। ऐसे मामलों को सुनने के कोर्ट के अधिकार खत्म कर दिए गए हैं। ऐसा तो अंग्रेजों के राज में भी नहीं था। विलायती शासन में भी कम से कम जनता को कोर्ट में जाने की छूट तो मिली हुई थी।

आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के दुरुपयोग, कदाचार और ज्यादतियों के विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेसी शाह की अध्यक्षता में शाह आयोग का गठन किया था। आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि आपातकाल के दौरान एक लाख से ज्यादा लोगों को निवारक हिरासत कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

## लेटर टू एडिटर

### कड़ी कार्रवाई हो

**विदेशी** महिला पर्यटकों के साथ यौन शोषण और लूट की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई है, जिनसे भारत की छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। निश्चित तौर पर यह सब नैतिक मूल्यों के क्षरण, सोशल मीडिया द्वारा अश्लील सामग्री परोसे जाने तथा नैतिक शिक्षा की कमी के कारण हुआ है। उपर्युक्त घटनाओं को देखते हुए संभव है कि कुछ सरकारें अपने नागरिकों को कोई नकारात्मक एडवाइजरी भी जारी करें। कर्नाटक के हंपी तथा दिल्ली की घटनाएं निंदनीय तथा शर्मिंदा करने वाली हैं।

**-श्यामलाल सिंह रांची**

### सवालिया निशान

**राहुल गांधी** ने गुजरात दौरे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की निष्ठा को लेकर सवाल उठाए, जो पार्टी की नकारात्मकता को दशार्ता है। कांग्रेस की गुटबाजी, नेताओं की जी-हुजूरी और विश्वास की कमी से पार्टी कमजोर हो रही है। कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने की बजाय, उन्हें शक की नजरों से देखते हैं। **- हरिहर सिंह रांची**

## X ट्वीट

**जीवन** से संसार से परिवार से व्यापार से धर्म अलग हुआ तो धर्म एक बोझिल ड्यूटी मात्र रह जाती है और उसका पालन कुछ अनहोनी क्षति का भय या सामाजिक भय या झूठा दिखावा या आंतरिक लोभ के कारण किया जाता है। निष्कर्ष धर्म आनंदित प्रेमपूर्ण जीवन की विशुद्ध कला ही है जो इनविल्ट रहती है , वैसा जीवन जिसमें ज्ञान बोध युक्त होना प्रमुख होता है इसका श्रोत सद्गुरु की वाणी शास्त्र आत्मचिंतन एवं आचरण अभ्यास है इसी को धार्मिक आध्यात्मिक जीवन होना समझें और इसका परिणाम प्रेम शांति आनंद से भरपूर जीवन है।

जीवन से धर्म की मृत्यु हो जाएगी जीवन निरस बोझ बन जाएगा। **- दास ऋतेश्वर**

# भारत का विनिर्माण क्षेत्र में कमजोर होना, यह कांग्रेस का गलत तर्क है

**आर्थिक**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**कांग्रेस** ने इन दिनों अपने युवराज राहुल गांधी के जरिए लगातार केंद्र सरकार की आलोचना के लिए जो रास्ता चुना है, वह सही नजर नहीं आ रहा। क्योंकि उनके द्वारा उठाया गया ये मुद्दा सत्य से बहुत दूर दिखता है। उनका तर्क है कि मोबाइल फोन एवं विनिर्माण क्षेत्र के सभी उत्पाद भारत में असेंबल किए जा रहे हैं और उनके पुर्जे विदेश से आयात किए जा रहे। वे केंद्र सरकार को यह कहकर घेरते दिखे कि मेक इन इंडिया ने फैक्टरी बूम का वादा किया था। तो फिर विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर क्यों है, युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर क्यों है और चीन से आयात दोगुने से अधिक क्यों हो गया है राहुल यह भी समझाते हैं कि ंहमें दूसरों के लिए बाजार बनना बंद करना होगा। अगर हम यहां निर्माण नहीं करते हैं, तो हम उन लोगों से खरीदते रहेंगे जो निर्माण करते हैं। किंतु क्या राहुल यहां जो बता रहे हैं, वह उतना ही सच है, जैसा कि कहा जा रहा है भारत क्या विनिर्माण क्षेत्र में लगातार कमजोर हुआ है या फिर जैसा कांग्रेस कह रही है कि हम दूसरों के लिए बाजार बन गए हैं, वह पूरा सच है

वस्तुतः जैसा कि अर्थ, वाणिज्य और उद्योग जगत के जानकार जानते हैं, बाजार में हर कुछ एक दूसरे पर निर्भर है। यह हो सकता है कि कभी कोई आगे तो कभी कोई कुछ या अधिक पीछे दिखाई दे, लेकिन हमेशा परिणाम सकारात्मक या नकारात्मक ही होंगे, यह बाजार में कभी स्थायी रूप से होता नहीं है। जहां तक भारत के विनिर्माण क्षेत्र में कार्य करने एवं विकास का प्रश्न है तो आंकड़े जो कहते हैं, वह ऐसे वक्त में जब दुनिया के तमाम देशों के बीच जहां परस्पर युद्ध का साया मंडरा रहा है तो कहीं सीधे युद्ध जैसी सथितियां हैं, फिर भी बहुत आशावादी और उत्साहवर्धक कहे जा सकते हैं।

ये कुछ आंकड़े हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब केंद्र में सरकार बनी तब देश की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी। ग्यारह साल में अर्थव्यवस्था को ग्यारहवें नंबर से चौथे नंबर पर आ गई। आज भारत दुनिया की टॉप पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था रहा है। प्रति व्यक्ति आय में 67 प्रतिशत, विदेशी मुद्रा भंडार में 135 प्रतिशत, निर्यात में 825 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड स्तर, एफडीआई में 106 प्रतिशत, टैक्सपेयर्स की संख्या में 127 प्रतिशत और डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 238 प्रतिशत की वृद्धि भारत के संदर्भ में आज दिखाई देती है। पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। विचार करें; क्या यह सरकार के बिना सही प्रयास वगैर संभव होता

यह तो सभी जानते हैं कि सरकारी नौकरियां कुल जनसंख्या में अधिकतम ीन प्रतिशत लोगों को ही दी जा सकती है, ऐसे में शेष 97 प्रतिशत के लिए रोजगार, श्रम एवं कृषि ही वह उपाय है, जहां से वे अपने लिए आय प्राप्त कर सकते हैं। स्वभाविक तौर पर इसमें सबसे बड़ा हिस्सा वर्तमान में उद्योग-धंधे से होनेवाली आय का है। यदि देश में विनिर्माण क्षेत्र कमजोर होता तब फिर 27 करोड़ लोगों का गरीबी की रेखा से बाहर निकलना कभी संभव ही नहीं होता! यानी भारत के विनिर्माण क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है ञ इसी जून माह के प्रारंभ में भारत के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई के संबंध में रिपोर्ट देखने को मिली। जो कहती है कि मई में भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मई में 57.6 रहा। मजबूत मांग और रिकॉर्ड हायरिंग दर्ज की जा रही है। हालांकि मई में पीएमआई अप्रैल के 58.2 से मामूली रूप से कम रहा है, फिर भी ध्यान देने योग्य है कि पीएमआई 50 से ऊपर होता है तो यह वृद्धि को दिखाता है। यानी भारत वर्तमान में वृद्धि करते हुए साफ दिखाई देता है। स्वभाविक है कि यह मजबूत वृद्धि घरेलू और विदेशी मांग के साथ-साथ सफल मार्केटिंग प्रयासों के कारण हुई है, जिसने निर्यात ऑर्डर को पिछले तीन वर्षों के सबसे उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। एचएसबीसी की ओर से किए गए पीएमआई सर्वेक्षण में देश भर की फर्मों ने एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका के प्रमुख बाजारों से बढ़ती रुचि के बारे में भी बताया है।

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत का माल और सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 778 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े से करीब 6 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। देश की जीडीपी पिछली तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 7.4% बढ़ी, जो 2024 की शुरूआत के बाद से इसकी सबसे तेज गति है।

# त्रेता और द्वापर युग से चिरंजीवी हैं भगवान परशुराम

**परशुराम जयंती**

**धर्म**

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे भगवान श्रीराम के समय भी थे और भगवान श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे, आज भी उन्हें साक्षात जीवित देव माना जाता है। भगवान परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना। कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था, जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और तभी से वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले बहुत नाराज हुए और फिर क्रोध शांत होने पर श्रीराम का सम्मान भी किया। द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया था, साथ ही भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी।

भगवान परशुराम को विष्णु का छठा 'अवतार' माना जाता है। जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए एक शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। एक किंवदंती में मध्य प्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋर्षि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्राचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं।

एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच कलचा गांव में एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यहीं जन्म दिया था।

शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश में धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज 'ढकियाइन देवी' के नाम से सुप्रसिद्ध है।

भगवान परशुराम के लिए जहां अपने पिता की आज्ञा सर्वोपरि रही वहीं वे अपने क्रोध व शिव भक्ति के लिए भी जाने जाते हैं। कहा जाता है कि एक बार उन्होंने अपने पराक्रम से नदियों तक की दिशा मोड़ दी थी। वास्तव में भगवान परशुराम ऐसे देव हैं जिन्हें चिरंजीवी होने का गौरव प्राप्त है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



**झारखंड का एक विश्व प्रसिद्ध मंदिर जहां आदि शंकराचार्य और चैतन्य महाप्रभु ने भ्रमण किया था। मलूटी स्थित यह प्रसिद्ध स्थल पर्यटकों के लिए आर्कषण का केन्द्र है। फोटो- अजय सानी**

## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## संयुक्त मोर्चा सेल समिति की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा लोकल सेल में विस्थापितों की भागीदारी को लेकर बुधवार को सुंदरनगर पंचायत भवन में विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण एवं शहरी संयुक्त मोर्चा सेल समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद एवं सेल समिति के वरिष्ठ सदस्य मनोज राम, सुंदर पंचायत के मुखिया ब्यास पांडेय एवं झामुमो नेता मुकेश राउत ने संयुक्त रूप से की। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि भुरकुंडा में लोकल सेल चालू होता है तो प्रबंधन को विस्थापितों की भागीदारी हर हाल में सुनिश्चित करनी होगी। महिलाओं ने कहा कि यदि उन्हें नजरअंदाज किया गया, तो संयुक्त मोर्चा सेल समिति किसी भी हद तक जाने को बाध्य होगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि गुरूवार को भुरकुंडा पीओ कार्यालय के समक्ष एक ऐतिहासिक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर किरण देवी, सुषमा देवी, पानो देवी, लक्ष्मी देवी, सुलेखा देवी, अर्चना देवी, मधु देवी, शिप्रा देवी, गुड़िया देवी, सुशीला देवी, रानी देवी, सीता देवी, सरिता देवी, मीना देवी, मालती देवी, गीता देवी, बसंती देवी, शीला देवी, नीलम देवी, पिंकी देवी, शबाना खातून, प्रवीण हजरा, नूर बेगम, शाहिदा सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## राज नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर 30 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब भुरकुंडा 30 जून को राज नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर लगाएगा। लायंस क्लब ने समाजसेवी एवं इच्छुक नागरिकों से अपील की है कि वे समाज कल्याण हेतु स्वेच्छा से रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में भागीदार बनें। इच्छुक व्यक्ति राज नर्सिंग होम में आकर पंजीकरण कर सकते हैं और अपना रक्तदान कर मानवता की सेवा कर सकते हैं। जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो ने बताया कि रक्तदान महादान है इससे बड़ा कोई भी दान नहीं है जिसे कोई व्यक्ति अपने जीवनकाल में कर सकता है।

## अंचल ऑफिस में आजसू जड़ेगा ताला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने पतरातू अंचलाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि जनता के द्वारा दिए गए आवेदनों का 48 घंटों के अंदर निपटारा नहीं होने की स्थिति मे अंचल कार्यालय में क्रमवार आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा। इसके तहत अंचल कार्यालय में तालाबंदी, धरना, भूख-हड़ताल किया जायेगा। विश्वरंजन सिन्हा ने पत्र में कहा है कि अंचल के कर्मचारी एवं सीआई के द्वारा किसी निजी व्यक्ति को अपना आईडी पासवर्ड दिया गया है, नियमसंवत नहीं है। निर्धारित समयावधि से अधिक समय तक जनता के आवेदन लंबित हैं। अगर अंचल कार्यालय में ठीक तरह से कार्य नहीं किया जायेगा तो उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

## भुरकुंडा : एनसीओइए (सीटू) की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनसीओईए (सीटू) भुरकुंडा शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को शाखा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष किरण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष बासुदेव साव और क्षेत्रीय सचिव राम नरेश सिंह उपस्थित थें। बैठक का मुख्य उद्देश्य 9 जुलाई को हड़ताल को सफल बनाने एवं संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना रहा। शाखा सचिव संतोष यादव ने कहा कि वर्ष 2025 में संगठन की सदस्यता बढ़ाकर संगठन को अधिक सशक्त बनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी मजदूर या कर्मचारी को कंपनी से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में किरण कुमार, असगर अंसारी, गणेश उरांव, सुशील सिंह, एतवा मुंडा, प्रमोद कुमार सिंह, सन्यासन घोष सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## नकारी कॉलोनी में अखंड-कीर्तन कल

भुरकुंडा (रामगढ़)। रथयात्रा महापर्व के पावन अवसर पर 27 जून 2025 को नकारी कॉलोनी में 24 घंटे का अखंड-कीर्तन आयोजन किया गया है। इस धार्मिक आयोजन को सुव्यवस्थित और भव्य रूप से संपन्न कराने हेतु सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया। इसमें पिंटू कुमार सोनी को अध्यक्ष, अमित कुमार को सचिव, नीरज यादव को सह-सचिव तथा रितेश कुमार चौधरी को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही स्वागत अध्यक्ष के रूप में कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार को नामित किया गया। पूजा अनुष्ठान को संपन्न कराने हेतु पुरोहित अखिल मंडल, भरत ठाकुर, मुनमुन सिंह, जय राम शर्मा, तरुण सिंह, शुभ नारायण सिंह, जय कुमार मिश्रा, अशोक कुमार दुबे, धनंजय सिंह आदि को प्रमुख पूजा सदस्य नियुक्त किया गया है। वहीं, अखंड कीर्तन गान के लिए राजेश कुमार सिंह, कमलेश कुमार सिंह, शंभु सिंह, सुधीर गिरी आदि को चुना गया है। डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन 28 जून को भंडारे के साथ संपन्न होगा।

## श्री श्याम परिवार ने किया कीर्तन



**कुजू।** बलिहारी बाबा का भावपूर्ण कीर्तन श्री श्याम परिवार कुजू द्वारा कुजू निवासी मुकेश अग्रवाल के आवास में आयोजित की गयी। इस दौरान श्याम प्रभु का के चित्र के समक्ष दरबार सजाया गया। योगिनी एकादशी पर श्री खाटू वाले श्याम प्रभु का कीर्तन का शुभारंभ हुआ। कीर्तन के दौरान श्याम परिवार द्वारा एक से बढ़कर बाबा श्याम का कीर्तन करते हुए जमकर झुमे। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर निक्कु केशरी, कुणाल केशरी, पवन केशरी, अंकित केशरी, अनुज केशरी, प्रिंस केशरी, गुडू केशरी, लल्लू केशरी, पंकज मोदी, हिमांशु गुप्ता, ओम केशरी, शन्नी केशरी, राजा केशरी आदि शामिल थे।

## पोना पर्वत धाम में रथयात्रा 27 को

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत स्थित पोना पर्वत धाम में 27 जून को निकलेगी रथयात्रा। श्री जगन्नाथ मंदिर का रंगरोगन पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ महाप्रभु रथ पर सवार होंगे और लोग उनका दर्शन कर सकेंगे। उमेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष भी यहां भव्य तरीके से रथ यात्रा निकाली जाएगी।

# इचाक में खुलेआम चल रहे हैं जुए

**जेवर, जमीन और मोटरसाइकिल, कार और हाईवा गिरवी रख कर लगा रहें है बाजी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इचाक/हजारीबाग।** झारखंड का इचाक अब खेतों और खलिहानों के लिए नहीं, बल्कि खुलेआम चल रहे जुए के स्याह कारोबार के लिए बदनाम हो रहा है। दरिया, गिरही, मंगुरा, बोंगा, डांगी कारीमाटी ,डुमरौन और इचाक मोड़, ये इलाके अब ताश की गड्डियों और कैश के बंडलों से सजे काले कैसिनो में तब्दील हो चुके हैं, जहां हर दिन करोड़ों की बाजी लगाई जाती है। एक-एक सेंटर पर 40 से 50 लाख रुपये का लेन-देन आम बात हो चुकी है। चौंकाने वाली बात यह है कि जुए के इन केंद्रों को जातिगत आधार पर अलग-अलग चला कर सामाजिक इंजीनियरिंग का भी गंदा खेल खेला जा रहा है। 5 से 6 घंटे तक चलने वाले इन जुए के सत्रों में हर दिन 10 से 20 हजार रुपये की कमाई करने वाले खिलाड़ी तो मौज में हैं, लेकिन ग्रामीणों की जिंदगी दांव पर है। ग्रामीण अपनी मेहनत की कमाई, यहां तक कि घर, जेवर, जमीन और मोटरसाइकिल, कार हाईवा, तक गिरवी रख कर इस चक्की में पिसते जा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई, परिवार का खर्च और बुढ़ापे का सहारा सब कुछ जुए की आग में स्वाहा हो रहा है। लेकिन हैरानी की बात ये है कि स्थानीय प्रशासन की आंखें इस पर बंद हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस कारोबार के पीछे सफेदपोश और कुछ पुलिसकर्मियों की मिलीभगत है।

### अपने क्षेत्रों में गैरकानूनी धंधों को रोकें जनप्रतिनिधि : सकेंद्र



इचाक मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने कहा कि नशा और जुआ इस क्षेत्र को खा जाएगा। लोग बर्बाद हो रहें हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि अपने क्षेत्रों में गैरकानूनी धंधो को रोकें। साथ ही चेताया कि अगर प्रशासन ने अब भी कार्रवाई नहीं की, तो वे सीधे डीजीपी और मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे।

### जन-जागरण अभियान चलाया जायेगा : गौतम



समाजसेवी गौतम कुमार ने कहा कि जो मुखिया और पंचायत समिति सदस्य अपने क्षेत्र में जुए और नशे को रोक नहीं पा रहे हैं, उनके खिलाफ जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। पंचायत-पंचायत जाकर ग्रामीणों से अपील की जाएगी कि अगली बार ऐसे नेताओं को वोट न दें। ये जनप्रतिनिधियों का दायित्व है की ऐसी कुकर्मो को रोकें।

# केरेडारी में दिनदहाड़े गोलीबारी दो युवक गंभीर रूप से घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केरेडारी।** सीकरी ओपी क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब 10 बजे दिनदहाड़े गोलीबारी से सनसनी फैल गई। केरेडारी-बड़कागांव मुख्य पथ पर पतरा पुल के पास बाइक सवार दो युवकों पर अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दी। अपराधी 6 की संख्या में बताये जा रहे है। तीन राउंड गोली चलायी गयी। इस हमले में लुरुंगा गांव के रहने वाले कोलेश्वर बेदिआ और बैजू बेदिआ गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बीजीआर कंपनी के कैंप से बचा-खुचा खाना उठाकर अपने सुअर फार्म में इस्तेमाल करते थे। कुछ दिन पूर्व उनसे अपराधियों ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। पैसे नहीं देने पर बुधवार को इस हमले को अंजाम दिया गया। गोली कोलेश्वर के सीने के पास लगी है, वहीं बैजू भी गंभीर रूप से घायल है। मौके पर जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार और थाना प्रभारी विवेक कुमार पहुंचे। ओपी एसआई संजीव पांडेय की मदद से दोनों घायलों को तुरंत केरेडारी सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद एक को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हमलावरों की तलाश की जा रही है। इलाके में दहशत का माहौल है।

### श्री ज्वेलर्स में फायरिंग के विरोध में व्यापारियों का हजारीबाग बंद सफल



**हजारीबाग।** श्री ज्वेलर्स पर हुई गोलीबारी के विरोध में बुधवार को हजारीबाग शहर पूरी तरह बंद रहा। हजारीबाग स्वर्णकार व्यवसायी संघ और फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त आह्वान पर यह बंदी आयोजित की गई, जिसे शहर के सभी व्यापारियों का व्यापक समर्थन मिला। गोलीबारी की इस वारदात से व्यापारी वर्ग में भारी आक्रोश है और वे खुद की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। इस बंदी से शहर का व्यावसायिक जीवन पूरी तरह ठप रहा। सभी दुकानों, प्रतिष्ठानों और व्यवसायिक संस्थानों ने बंद में हिस्सा लिया। व्यापारियों ने इसे सुरक्षा और न्याय की लड़ाई बताया। उनका कहना है कि जब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती और ठोस सुरक्षा इंतजाम नहीं किए जाते, तब तक चुप नहीं बैठा जाएगा। पुलिस और जिला प्रशासन ने बंद को देखते हुए शहर में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया है और कहा है कि अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। व्यापारियों ने प्रशासन से शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने की अपील की है।

### बोकारो आस्था ज्वेलर्स में लूटपाट मामले में एक युवक गिरफ्तार

**बरही।** सोमवार को बोकारो के आस्था ज्वेलर्स दुकान से लूट पाट मामले में मंगलवार को बरही जीटी रोड पर एक युवक को बरही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने दबोचा। युवक लाल रंग के एक पल्सर बाइक से अकेले बरही होकर बिहार की ओर जा रहा था। बोकारो थाने पुलिस की सूचना पर बरही जीटी रोड के बिलौतिया मोड़ के पास बरही एसडीपीओ ने बाइक चेकिंग के दौरान युवक को दबोचा। एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल से पूछे जाने पर बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सोमवार को बोकारो के आस्था ज्वेलर्स से सोने की ज्वैलरी लूट पाट करने वाला एक अभियुक्त बाइक से बरही से गुजरने वाला है। त्वरित रूप से जीटी रोड़ पर चेकिंग शुरू किया और उसे बाइक के साथ पकड़ा गया। पकड़ा गया युवक औरंगाबाद दाउदनगर निवासी पुलेंद्र कुमार है। पकड़ने के बाद युवक को बोकारो पुलिस को सूचना देकर सौंप दिया गया। बोकारो पुलिस ने बाइक सवार की जांच की, लेकिन उसके पास से लूट का ज्वैलर्स बरामद नहीं हुआ। अभियुक्त के व्हाट्सएप्प मैसेज और कॉल से उसकी संलिप्तता लूट कांड में होने की बात की जा रही है।

### सांसद तीर्थ दर्शन को लेकर बैठक



**कुजू।** सांसद तीर्थ दर्शन को लेकर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिगवार वार्ड नंबर चार और पांच में बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष अर्जुन यादव व संचालन मंत्री सुनीता देवी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ नगर परिषद मंडल भाजपा अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी उपस्थित हुए। मौके पर उन्होंने लोगों को जानकारी दिया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों और वार्डों से 65 सीटर बस के माध्यम से तीर्थ स्थानों का दर्शन कराया जाएगा। जिसमें श्रद्धालू बनारस, विंध्याचल, प्रयागराज, अयोध्या जैसे धार्मिक तीर्थ स्थलों का दर्शन कर पायेंग। इसके लिए इस यात्रा का शुभारंभ 29 जून को हजारीबाग के नरसिंह स्थान से किया जा रहा है। बाद में सभी को सांसद द्वारा भेजे गए निमंत्रण पत्र को भी वितरित किया गया। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन संगीता देवी ने किया। बैठक में विनोद प्रसाद, मंगल मुंडा, शंकर करमाली, सुनीता देवी, शान्ति देवी, सीमा देवी, कुसुम देवी, जितनी देवी, बसंती देवी, रूबी देवी, ललिता देवी, मीना देवी, निरसू देवी, ज्योति देवी, सुमित्रा देवी, किरण देवी, राखी देवी सल्लू देवी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कुजू में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर कमिटि का गठन

**कुजू।** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर एमआर काम्प्लेक्स में बैठक हुई। बैठक में खेल से जुड़े प्रतिनिधि और भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए। टूर्नामेंट को लेकर कमिटी का गठन किया गया।

अध्यक्ष- तोकेश सिंह, उपाध्यक्ष- रवि साहू, रामदेव प्रसाद, सचिव- राजेश प्रसाद, सहसचिव -आशीष कुमार, पंचित महतो, कोषाध्यक्ष- रतन प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष- डिंपल प्रजापति, प्रवेशकर्ता सुधान सिंह, सूरज महतो, जफर खान, संरक्षक प्रवीण मेहता, जगेश्वर प्रजापति, नरेश महतो, धनेश्वर प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, अरविंद वर्मा, अशोक कुमार, निर्मल करमाली, विवेक गुप्ता, लखन प्रसाद, अखिलेश्वर प्रसाद शामिल है। बैठक में सांसद खेल प्रतिनिधि बंटी तिवारी व जयप्रकाश शामिल हुए। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट का शुभारंभ 5 अगस्त और समापन 15 अगस्त को होगा। साथ ही टूर्नामेंट मुकेश प्रसाद साहू के देख रेख में संपन्न होगा।

### बिजली को लेकर डीवीसी के रेजिडेंट डायरेक्टर व जीएम से मिली अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातु, बड़कागांव व केरेडारी समेत हजारीबाग लोकसभा और चतरा जिले में अघोषित बिजली कटौती को लेकर रांची में डीवीसी के रेजिडेंट डायरेक्टर एवं सीनियर जीएम (एनर्जी) संजय कुमार से मुलाकात की। अंबा प्रसाद ने कहा कि डीवीसी अब केंद्र सरकार के इशारों पर काम करने वाली संस्था बनकर रह गई है, जिसकी वजह से राज्यहित की उपेक्षा हो रही है। अंबा प्रसाद ने कहा कि निरंतर प्रयासों से जिस 220/33 केवीए पावर ग्रिड की आधारशिला राज्य के मुख्यमंत्री व मेरे द्वारा रखी गई थी, उसका निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। यही एकमात्र उपाय है, जिससे बड़कागांव के साथ-साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र और चतरा जिले में बिजली की समस्या का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार की लापरवाही और राजनीतिक भेदभाव के चलते गैर-भाजपा शासित राज्यों में जानबूझकर बिजली संकट पैदा किया जा रहा है। जिसके कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# आनंद साईं दरबार के स्थापना दिवस पर विशेष पूजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार के 15वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन विशेष पूजन और हवन हुआ। दौरान पुजारी राजेश पांडें ने यजमान अमित कुमार सिन्हा, नंदकिशोर गुप्ता और शैलेन्द्र ठाकुर सपत्नीक के हाथों विशेष पूजन और हवन का अनुष्ठान संपन्न करवाया। यजमानों द्वारा साईं बाबा से रामगढ़ जिले में अमन चैन और खुशहाली की कामना की गई। पूजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिनके बीच पूजन के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। पूजन और हवन के दौरान स्कॉन की ओर से आनंद साईं दरबार में भजन और कीर्तन की विशेष प्रस्तुती की गई। वहीं, भजन संध्या में शाम को चिंटू मिश्रा और ध्रुव कुमार द्वारा साईं बाबा के आकर्षक भजनों की प्रस्तुती की गई। इस दौरान साईं भक्त झूमते रहे। रामगढ़ विधायक ममता देवी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा, खोगेन्द्र साव, रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह, जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन, जानू कालरा, साहू समाज के अध्यक्ष उपेंद्र साव, अजीत कुमार, आनंद प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, अधिवक्ता आनंद सिन्हा, जीतू अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अजीत जायसवाल, विमल शर्मा, दिव्या कुमारी, अनिता पाठक, सोनी कुमारी, रंजन फौजी, सुबोध सिन्हा,

### भव्य भंडारा आज

अरूण महतो, रोहित कुमार महतो, रोहित वर्मा, रोहित गुप्ता, संजय सिन्हा बिनोद साव, बसंत कुमार, पंकज ठाकुर, विरेंद्र कुमार, अनिल साव, उमेश कुमार, अविनाश कुमार, राजू कैंथ, अजीत कुमार सोनी, शीतल सिंह, बिनोद जायसवाल मल्लिका दत्ता, रीता, सुनीता, संगीता, रूपा, अमिता सोनी, रानी देवी, रेखा देवी, आशा कुमारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। गुरूवार को 12:30 बजे भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आनंद साईं दरबार प्रबंधन समिति की ओर से दी गई है। समिति की ओर से बताया गया कि भंडारे में हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। जिसकी तैयारी की जा रही है। भंडारे से पूर्व साईं बाबा का पूजन होगा। इसके उपरांत भंडारा आरंभ होगा।


एक नजर में

## दुबई में फंसे झारखंड के 15 मजदूर



विष्णुगढ़। झारखंड के हजारीबाग, गिरिडीह और धनबाद जिलों के 15 प्रवासी मजदूर दुबई में गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। मसाई कॉन्ट्रैक्टिंग एलएलसी कंपनी में कार्यरत ये मजदूर बीते तीन महीनों से बिना वेतन के फंसे हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में मजदूरों ने खाने-पीने की किल्लत और कंपनी द्वारा मजदूरी नहीं दिए जाने की बात बताई है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से अपनी सुरक्षित वतन वापसी के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने भी मजदूरों की दुर्दशा को देखते हुए सरकार से अपील की है कि विदेशों में फंसे झारखंडी मजदूरों को सकुशल वापस लाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई प्रवासी मजदूरों को ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ा था, लेकिन सरकारी प्रयासों से उनकी वापसी संभव हो सकी थी। फिलहाल विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जोबार पंचायत के दो प्रवासी मजदूरों के शव सऊदी अरब और कुवैत में पड़े हैं, जबकि गिरिडीह के बगोदर के पांच मजदूर नाइजर में दो महीने से अगवा हैं। दुबई में फंसे मजदूरों में हजारीबाग के चुरामन, चंद्रिका, कैलाश, बिशुन, जगन्नाथ, लखन, सुखदेव, अर्जुन, त्रिलोकी, बालेश्वर; गिरिडीह के बैजनाथ, महेंद्र, सीताराम, मूरत और धनबाद के संजय कुमार महतो शामिल हैं। ये सभी मजदूर अब अपनी जिंदगी बचाने की उम्मीद में सरकार की ओर देख रहे हैं।

## अडाणी फॉउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर



हजारीबाग। अडाणी फाउंडेशन ने वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में 35 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। अडाणी समूह चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिवस 24 जून को अडाणी दिवस के रूप में मनाता है। हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में आयोजित इस कैंप में अदाणी समूह के सभी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों ने रक्तदान किया। कैंप में संग्रहित यह रक्त जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गोंदुलपारा खनन परियोजना के प्रमुख पुंडरीक मिश्रा ने रक्तदान करके किया। सुबह दस बजे से ही ग्रामीणों और कर्मियों समेत सभी रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे यह अभियान एक सामाजिक उत्सव में बदल गया।

## बड़कागांव पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

बड़कागांव। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी धारी रजक के आदेशानुसार सब इंस्पेक्टर सावित्री कश्यप के नेतृत्व में जीडीएम चौक और थाना के बीच एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें संदिग्ध सभी मोटरसाइकिल व फोर व्हीलर का आरसी ड्राइविंग लाइसेंस हेलमेट सहित अन्य कागजात का जांच किया गया। इस संबंध में सावित्री कश्यप ने बताया कि आए दिन अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है जिसको लेकर आला अधिकारियों के आदेश अनुसार जांच पड़ताल की जा रही है ताकि क्राइम पर अंकुश लगाया जा सके। आगे उन्होंने बताया कि इसके अलावा सभी दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट लगाकर चलने का हिदायत दिया जा रहा है इसके साथ-साथ फोर व्हीलर चालकों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। इस एंटी क्राइम चेकिंग में दर्जनों फोर व्हीलर और सैकड़ो टू व्हीलर की जांच पड़ताल किया गया मौके पर सब इंस्पेक्टर सावित्री कश्यप के अलावा एएसआई सुदेश कुमार सहित कई सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## बरही प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर



**बरही।** प्रखंड कार्यालय इन दिनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। विकास योजनाओं की वजह से नहीं बल्कि लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार की वजह से। जिस कार्यालय में आम लोगों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, वहां अब समाधान से पहले सुविधा शुल्क लेना अनिवार्य होता जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के अनुसार मनरेगा, अबुवा आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना और अभिलेख खोलने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में रिश्वत मांगना आम बात हो गई है। आरोप है कि बिना पैसे दिए कोई भी सरकारी काम समय पर नहीं होता है। सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार की शिकायतें मनरेगा योजना में सामने आ रही हैं। बरही विधानसभा के युवा नेता सह कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी प्रयाग प्रसाद ने कहा कि प्रखंड कार्यालय को भ्रष्टाचार का अड्डा बताते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के नाम पर जनता को लूटा जा रहा है। जब तक अधिकारी और कर्मचारी अपनी जेब नहीं भरते, आम आदमी का कोई काम नहीं होता।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, पति व बच्चे घायल

**बरही।** धरगुली मोड़ के समीप तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक संख्या जेएच02बीए 3940 को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार महिला की मौत हो गयी। बाइक चालक व बच्चे घायल हो गये। इनका इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। गोरहर थाना क्षेत्र के धरगुली मोड़ के समीप पीछे से आ रही हाइवा वाहन संख्या एचआर61ई 8950 ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। महिला का पति व बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से इन्हें बरकट्ठा के सामुदायिक स्वास्थ्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बच्चे व पति का इलाज चल रहा है। मृतक महिला और उसका पति अपने बच्चे का इलाज कराने बनासो विष्णुगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना घटी। मृतक महिला चौपारण थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के मो अरशद की पत्नी खतीजा खातून (उम्र करीब 27 वर्ष) है। घायलों में मोहम्मद अंसारी और मो अरहम अली शामिल हैं।

## बस और बाइक की टक्कर, एक घायल

दारु। जबरा दारु चौक पर बुधवार दोपहर बस और बाइक में सीधी टक्कर हो गई जिसमे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया गया। घटना के सम्बन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार शिवम बस संख्या जेएच 13 डी 1408 बिष्णुगढ़ से हजारीबाग जा रही थी जबकी बजाज बाइक मे सवार चिरवां इरगा निवासी गिरधारी साव धान का बिज लेकर अपने घर जा रहे थे वह जबरा मोड के पास जैसे ही अपने घर जाने के लिए मुडे सामने से आ रहे बस ने अपनी चपेट मे ले लिया। इस घटना मे गिरधारी साव गंभीर रूप से घायल हो गये।

## सांसद तीर्थ दर्शन योजना 29 जून से होगी शुरू




हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल ने एक अनूठी पहल करते हुए 'सांसद तीर्थ दर्शन-2025' योजना की शुरूआत की है, जिसके तहत क्षेत्र के 180 बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा पर भेजा जाएगा। यह यात्रा 29 जून को हजारीबाग के नृसिंह मंदिर प्रांगण से विधिवत रवाना होगी। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के गांवों और शहरों में एक लाख से अधिक निमंत्रण पत्र भेजे जा चुके हैं। बुधवार को सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और इवेंट प्रभारी सोनू कुमार ने नृसिंह मंदिर प्रांगण का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया।

### उपायुक्त ने की पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा, भ्रूण हत्या की रोकथाम को लेकर दिये सख्त निर्देश

# गठित टीम प्रत्येक तीन माह में जिले के सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की अनिवार्य रूप से जांच सुनिश्चित करे : उपायुक्त

- गड़बड़ी करने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने के दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट के अनुपालन को लेकर बैठक की गयी। बैठक के दौरान अधिनियम के तहत अबतक हुई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने भ्रूण हत्या और लिंग परीक्षण की रोकथाम को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं भ्रूण हत्या की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त ने डिकॉय ऑपरेशन को नियमित रूप से चलाने और आमजनों को लिंग परीक्षण व भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूक करने को लेकर प्रचार प्रसार की गतिविधियों में तेजी लाने का निर्देश दिये।

वहीं उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गठित टीम के द्वारा प्रत्येक तीन महीने में जिले के सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों का अनिवार्य रूप से जांच करना सुनिश्चित करें और गड़बड़ी करने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान निदान अल्ट्रासाउंड और हमारा अल्ट्रासाउंड केंद्र के निबंधन से संबंधित मामले में उपायुक्त ने कहा कि गठित टीम के द्वारा दोनों केंद्रों का स्थल निरीक्षण करने के उपरांत निबंधन पर निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावे शीला रानी हॉस्पिटल यूएसजी क्लिनिक, वन पॉइंट डायग्नोस्टिक समेत अन्य अल्ट्रासाउंड केंद्र के द्वारा प्राप्त नवीनीकरण आवेदन पर डीसी ने टीम के अधिकारियों को स्थल जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने, उसके बाद नवीनीकरण पर निर्णय लिए जाने की बात कही।

मौके पर एसडीओ रिया सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, डीएसपी रतिभान सिंह, एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त ने निर्वाचन व पंचायत विभाग कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को समाहरणालय स्थित निर्वाचन शाखा और पंचायतीराज विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। वहीं निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्वाचन से जुड़े सभी प्रकार के कागजातों को सुव्यवस्थित ढंग से संधारण करने, सभी प्रकार के आवश्यक रिकॉर्ड को अद्यतन रखने आदि का निर्देश दिया। वहीं निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति से संबंधित जानकारी लेते हुए समयबद्ध और पारदर्शिता के साथ कार्यों को पूर्ण करने, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीसी के अलावे जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जिलेवासियों से की अपील, नशा मुक्ति अभियान में लें बढ़-चढ़ कर भाग

**कोडरमा।** नशा मुक्ति और मादक पदार्थों के निषेध के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को प्रातः 6 बजे से मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। मैराथन दौड़ की शुरूआत महाराणा प्रताप चौक, झुमरीतिलैया से होगी और इसका समापन जे.जे. कॉलेज, कोडरमा में किया जाएगा। वहीं उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़ कर भाग लें और नशा मुक्ति के इस अभियान को सफल बनाएं।

### होल्डिंग टैक्स में छूट प्राप्त करने के लिए बचे हैं महज 5 दिन : नगर प्रशासक

**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा के नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा ने शहरवासियों से चालू वितीय वर्ष के होल्डिंग टैक्स को 30 जून तक जमा करने और छूट का लाभ प्राप्त करने की अपील करते हुए कहा कि 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसमे सभी करदाताओं को 5 प्रतिशत और महिला, वरिष्ठ नागरिक, आर्मी, ट्रांसजेंडर, दिव्यांग होने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जा रही है, उन्होंने कहा कि 30 जून के बाद होल्डिंग टैक्स जमा करने पर टैक्स के साथ एक प्रतिशत का आर्थिक जुर्माना अलग से लिया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि 29 जून को रविवार और 30 जून को छुट्टी होने पर भी जन सुविधा केंद्र खुला रहेगा, सभी नागरिकों से अपील है कि निर्धारित अवधि के अंदर अपना होल्डिंग टैक्स अनिवार्य रूप से जमा करें और छूट का लाभ उठाएं।

### बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए किया मोबाइल नंबर जारी

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सभी क्षेत्रीय, मंडलीय, उप-मंडलीय और सेक्शन स्तरीय अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी किया है। बिजली उपभोगता बिजली समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी को फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। हजारीबाग विद्युत क्षेत्र बोर्ड के अंतर्गत कोडरमा सर्किल में कार्यरत महाप्रबंधक से मो. 94311-35700 पर संपर्क किया जा सकता है। अधीक्षण अभियंता मो. 94311-35704, अधीक्षण अभियंता मो. 99316-00679 है, उप-मंडल स्तर पर कोडरमा के सहायक अभियंता मो. 94311-35711, डोमचांच के लिए मो. 86516-90100, झुमरी तिलैया के लिए मो. 94311-35719, झुमरीतिलैया सेक्शन नंबर एक के लिए मो. 74888-59872, झुमरीतिलैया सेक्शन दो के लिए मो. 94311-35718, जयनगर, सतगावां सहित अन्य सेक्शन क्षेत्रों के जूनियर अभियंता से संपर्क के लिए मो. 93866-01515, 73679-17790, 62015-95556 पर संपर्क किया जा सकता है।

### 18वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए मॉडर्न पब्लिक स्कूल के शिवम कुमार पांडेय का चयन



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल लगातार अपनी प्रतिभा की छवि बिखेरता आया है। एक बार फिर खेल के क्षेत्र में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने यह साबित कर दिया कि हम पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी किसी से कम नहीं है। यह बात इस प्रकार सिद्ध होती है कि दसवीं के छात्र शिवम कुमार पाण्डेय को आगामी 18वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए चयन किया गया है। निश्चय ही यह विद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है। राज्य के पूरे 639 खिलाड़ियों में से केवल 14 खिलाड़ियों को ही राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चयन किया गया है। शुभम का खेल के प्रति खेल-भावना, अथक परिश्रम और लगातार अभ्यास से ही यह संभव हो सका है। अब मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र शुभम आगामी 18 जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में खेलते नजर आएंगे, जो हरिद्वार में 28 जून से 1 जुलाई तक होने वाली है। आशा है कि इस चैंपियनशिप में भी शुभम अपनी प्रतिभा की झलक प्रदर्शित करेगा। इसके अलावा दसवीं की ही एक छात्रा प्राची मिश्रा जिसने 17वीं झारखंड राज्य तलवारबाजी चैंपियनशिप 2025-26 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने नाम के साथ परिवार तथा विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। यह भी विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। वहीं खेल के प्रति इतनी उत्सुकता को देखते हुए प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने शुभम कुमार एवं प्राचीन मिश्रा को उनकी इस जीत के लिए ढेरों शुभकामनाएं दिए और कहा इसी प्रकार खेल भावना के साथ आगामी चैंपियनशिप में खेलें तथा विद्यालय के अन्य छात्रों के लिए नमूना बनें। वहीं विद्यालय निर्देशिका संगीता शर्मा ने दोनों विजेता छात्र शुभम पाण्डेय और प्राची मिश्रा को उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना कीं।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चैधरी की अदालत ने सुनाई सजा
- 25 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** शादी का झांसा देकर लड़की से दुष्कर्म (यौन शोषण) किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चैधरी की अदालत ने आरोपी 24 वर्षीय मो. शोएब पिता मो. रफीक ग्राम चेचाई थाना कोडरमा निवासी को 376 आईपीसी के तहत तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 25 हजार रुपए जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**वर्ष 2022 का है मामला :** इसे लेकर भुक्तभोगी युवती ने कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें उसने कहा था कि शादी का झांसा देकर मो. शोएब ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। जब वह प्रेग्नेंट हो गई, तो बच्चा गिराने को कहा गया, उसने कहा कि शादी से पहले बच्चा हो जाएगा तो ठीक नहीं रहेगा, तुमसे मैं निकाह कर लूंगा। इस प्रकार मो. शोएब शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। निकाह की बात करने पर वह निकाह करने से इनकार कर दिया, इसके लिए पंचायती भी हुई थी। वहीं अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक शिव शंकर राम ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया।

वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सत्यनारायण प्रसाद ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 376 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## मवेशी की तस्करी करने वाले पांच अभियुक्त गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाना क्षेत्रान्तर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग वाहन जांच के दौरान थाना प्रभारी कोडरमा के नेतृत्व में अवैध तस्करी कर रहे एक बारह चक्का ट्रक से 28 मवेशियों को बरामद किया। साथ ही मौके से पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में एसपी ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि अवैध पशु तस्करों द्वारा वाहन में पशु लादकर तस्करी किये जाने की सूचना मिली थी, जिसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एसपी द्वारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सुभाष चौक के पास रांची-पटना मुख्य मार्ग पर वाहन जांच के दौरान एक 12 चक्का ट्रक को रोककर जांच की गयी। उक्त वाहन पर अवैध रूप से 28 मवेशी (विभिन्न रंग के 14 गाय एवं 14 बछड़ा) लदे हुए पाये गये। वहीं बिना वैध कागजात के पशुओं की अवैध तस्करी करने के आरोप में पांच संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। मामले को तिलैया थाना कांड संख्या 195/25 के तहत दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 50 वर्षीय दयानन्द पासवान पिता स्व. नारो पासवान, देवी सराय, थाना दीप नगर, पटना (बिहार), 32 वर्षीय जीयु राय पिता सोगारथ राय माधोपुर थाना पटौरी जिला समस्तीपुर (बिहार), 30 वर्षीय मुकेश कुमार पिता धर्मराय माधोपुर थाना पटौरी जिला समस्तीपुर (बिहार), 29 वर्षीय विवेक कुमार पिता राम दयाल प्रसाद सुखदेव नगर रांची, 31 वर्षीय रामनाथ कुमार पिता शंभूराय, हेतनपुर धमौन थाना पटौरी जिला-समस्तीपुर (बिहार) शामिल हैं।

छापामारी में पु.अ.नि. विजय गुप्ता, तिलैया थाना, पु.अ.नि. क्लेमेट लिण्डा व सशस्त्र बल, तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

### वज्रपात से बालक की मौत, दादी गंभीर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारडीह गांव में बारिश के साथ वज्रपात की घटना में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गयी। जिसकी पहचान नीतीश कुमार पिता सुरेश सिंह साकिन गुरपा गझंडी निवासी के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार नीतीश अपने मौसा कारू राय के घर अषाढ़ी पूजा में अपनी दादी के साथ आया था और वह घर के पास पेड़ के नीचे खड़ा था। वहीं हल्की तेज बारिश के साथ तेज गर्जन के साथ अचानक वज्रपात हुई, जिससे बच्चा बेहोश हो गया और उसकी दादी घायल हो गई। वहीं परिजनों ने बालक और उसकी दादी को आनन-फानन में लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, रेफर



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुट्टा चौक के समीप बुधवार की शाम मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार झांझीडीह निवासी 42 वर्षीय सुनील कुमार पिता प्रयाग यादव अपने विद्यालय साईं प्रेरणा से मोटरसाइकिल से खूंटा की ओर आ रहे थे, तभी खूंटा चौक के समीप एक महिला को बचाने के दौरान मोटरसाइकिल असंतुलित हो गयी और वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं परिजनों के द्वारा घायलावस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## टोटो की चपेट में आने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** रांची-पटना रोड स्थित होली फैमली हॉस्पिटल के समीप टोटो की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार 5 वर्षीय विनल हांसदा होली-फैमली में संचालित जीवन-ज्योति स्कूल के नर्सरी का छात्र था। वहीं बताया जाता है कि स्कूल से छुट्टी होने के बाद बच्चा रोड पार कर रहा था। इसी दौरान एक तेज गति से आ रहे टोटो ने बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना में टोटो भी पलट गई। बता दें कि जमुई के चकाई का रहने वाला बच्चे का पिता सुदीप हांसदा होली फैमली में गार्ड का काम करता है और होली फैमली के बने क्वार्टर में ही रहकर अपने परिवार का लालन-पालन करता था और होली फैमली में ही संचालित जीवन-ज्योति स्कूल में ही अपने बच्चे को शिक्षा दे रहा था।

**मां से मिलने की चाहत में बच्चे ने गंवाई जान :** स्कूल से छुट्टी के समय बच्चा अपने एक पड़ोसी के साथ घर लौट रहा था और बच्चा जैसे ही स्कूल कैम्पस से निकला और एनएच के नजदीक पहुंचा उसी दौरान एनएच के दूसरी ओर खड़ी मां से मिलने की चाहत में वह एनएच पर दौड़ गया तभी एनएच से गुजर रही टोटो की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

**घर का इकलौता बेटा था विनल, बुझ गया घर का चिराग :** विनल अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र था और उसके मां बाप को विनल से काफी कुछ उम्मीदें थीं, इसी चाहत में मजदूरी कर उसके माता-पिता उसे अच्छी शिक्षा दे रहे थे, लेकिन विनल की मौत से उसके माता-पिता के सपने अधूरे रह गए। फिलहाल घटना के बाद से विनल के माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये शहीद संतोष पासवान

- उनके पैतृक गांव भखरा में अधिकारियों, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** वर्ष 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश में शहीद आइटीबीपी के जवान संतोष पासवान की 12वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव भखरा में बुधवार को मनाई गई।

इस अवसर पर बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाइक, सीओ केशव प्रसाद चैधरी, जिप सदस्य डोमचांच शांति प्रिया, आईटीबीपी के एएसआई विकास कुमार व शम्भू कुमार, सतगावां थाना से एसआई रौशन पासवान, पिता देवनारायण पासवान, माता देवंती देवी, मानसिंह पासवान, अरुण पासवान, मनोज भगत, गौतम पासवान सहित अन्य गणमान्य व समाजसेवियों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धजिंलि दी और जवान की शहादत को याद करते हुए नमन किया। वहीं श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते मुख्य अतिथि बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक ने कहा कि धन्य हैं शहीद के माता-पिता जो ऐसे सपूत को जन्म दिया, जो दूसरे की जान बचाने के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दिया। वहीं सीओ केशव प्रसाद चैधरी ने शहीद के प्रति गर्व व्यक्त किए। वहीं विशिष्ट अतिथि डोमचांच जिप सदस्य शांतिप्रिया ने कहा कि यह भूमि शहीदों के जन्मभूमि व कर्मभूमि के रूप में जाना जाता है। वहीं शहीद के भाई शंकर पासवान ने प्रतिवर्ष पुण्यतिथि के मौके पर जिप सदस्य शांति प्रिया के उपस्थित होने पर आभार व्यक्त किया। वहीं आईटीबीपी के विकास कुमार के द्वारा शहीद के माता-पिता को शॉल ओढ़ाकर व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

बताते चलें कि भखरा निवासी संतोष कुमार पासवान 25 जून 2013 को उत्तराखंड के केदारनाथ में आये प्राकृतिक आपदा में राहत व बचाव कार्य के दौरान हेलीकॉप्टर क्रैश के कारण शहीद हो गए थे। शहीद आईटीबीपी जवान संतोष कुमार पासवान की प्रतिनियुक्ति 5 वर्षों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) में किया गया था। मरणोपरांत उनके साहसी एवं सराहनीय कार्य के लिए वर्ष 2014 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के द्वारा जीवन रक्षणार्थ हेतु उत्तम जीवन रक्षा पदक प्रदान किया गया। वहीं वर्ष 2015 में राष्ट्रपति के द्वारा ही उन्हें वीरता मेडल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मनोज भगत जबकि सभा का समापन पवन कल्याण ने किया। मौके पर एस.आई. रौशन पासवान, नरेश यादव, मानसिक पासवान, शिवनाथ पासवान, अरुण पासवान, गौतम पासवान, सरयू पासवान, देवनंदन प्रसाद, रंजीत सिंह, कौशल सिंह, शिवराज सिंह, श्रवण रविदास, बब्लू सिंह, रामबालक प्रसाद यादव, शिवबालक प्रसाद यादव, अरविंद कुमार के आलावे सैकड़ों महिला व पुरूष उपस्थित थे।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल परिवार ने शहीद संतोष पासवान को दी श्रद्धांजलि



कोडरमा। सेक्रेड हार्ट स्कूल में बुधवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उत्तराखंड में आई बाढ़ की विभीषिका में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने में शहीद हुए आईटीबीटी के जवान और सतगावां निवासी संतोष पासवान को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा और उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने शहीद संतोष की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा प्रकट किया। वहीं प्राचार्य ने कहा कि देश के विकास में सैनिकों का अहम योगदान होता है। सैनिकों के त्याग और बलिदान के चलते ही देश के अंदर शांति व्यवस्था बनी रहती है और हम सब अमन चैन की जिंदगी जीते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगों के मन में सैनिकों और उनके परिवार के प्रति आदर, सम्मान और सहयोग का भाव होना चाहिए। मौके पर कुंदन कुमार राणा, शंकर कुमार, रणजीत सिंह, सुनील पाठक, मनोज पांडेय, राणा राजकुमार सिंह सहित काफी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### प्रमुख ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, एएनएम विभा कुमारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की



**चतरा।** सिमरिया प्रखंड प्रमुख रोहन साव ने बुधवार को चतरा उपायुक्त कृतिश्री को ज्ञापन सौंपकर रेफरल अस्पताल सिमरिया में कार्यरत एएनएम विभा कुमारी पर एक निजी नर्सिंग होम में अवैध रूप से एक अविवाहित लड़की को गर्भपात कराने के मामले में कार्रवाई की मांग की है। साथ नवजात शिशु को 5 लाख में बेचने का भी मामला प्रकाश में आया था। जिसमें जांच के दौरान दोषी मानते हुए चिकित्सा पदाधिकारी बृजनंदन प्रसाद के द्वारा सिमरिया थाना में आवेदन देकर करवाई की मांग की गयी है। मामला दर्ज होने के बाद एएनएम लगातार फरार रही। किंतु रेफरल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी बृजनंदन प्रसाद पुनः कार्य पर रखकर कार्य करवा रहे हैं। साथ ही मानदेय भी भुगतान करवाया जा रहा है। प्रमुख ने आरोपी एएनएम विभा कुमारी और वर्तमान चिकित्सा प्रभारी बृजनंदन प्रसाद पर जांचोंपरांत कार्रवाई की मांग की है।

### सीएस ने रेफरल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**सिमरिया।** अनुमंडल मुख्यालय के एकमात्र रेफरल अस्पताल में जिला चिकित्सा प्रभारी दिनेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। जहां विधि व्यवस्था की जांच की। साथ ही कई आवश्यक निर्देश भी दिये। आरोपी एएनएम विभा कुमारी को बगैर न्यालय के आदेशानुसार तथा सीएस के बगैर पत्र प्रेषित के कार्य पर पुनः बहाल करने को लेकर पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके बारे में अभी तक रेफरल अस्पताल के प्रभारी बीएन प्रसाद द्वारा जिला स्वास्थ विभाग को कोई जानकारी नहीं दी गई है। यह जानकारी है कि एएनएम विभा कुमारी पर एक निजी नर्सिंग होम में गर्भपात तथा भ्रूण हत्या को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। किंतु योगदान किसके आलोक में दिलाया गया है यह जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी गई है। यह जांच का विषय है। अविलंब जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीओ ने संचालित योजनाओं का किया स्थल निरीक्षण



**चतरा।** सिमरिया एसडीओ सन्नी राज ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के जिवाखुर्द पंचायत में संचालित योजनाओं की जांच की। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं मिट्टी मोरम पथ, बिरसा कूप सिंचाई, बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा की। इसके अलावा बिरसा हरित ग्राम योजना से सभी छह ग्रामों में आम बागवानी स्वीकृत करने, सभी ग्रामों में मेढबंधी, टीसीबी योजना चालू करने, ग्राम टूनडाग में निर्मित खेल मैदान में चेंजिंग रूम को क्रियाशील करने, नए वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान स्वीकृत करने, सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका की योजना स्वीकृत करने एवं खेल मैदानों का राजस्व प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पिछले कई वर्षों से लंबित अब तक पूरा नहीं करने वाले लाभुकों से राशि वापस लेने के निर्देश दिया। कहा यदि किन्हीं लाभुक को आवास बनाने में समस्या उत्पन्न हो रही है तो उसे संबंधित पदाधिकारी जल्द निष्पादन करें। समीक्षा के उपरांत एसडीओ के द्वारा योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। इसके अलावा विद्यालय और उपस्वास्थ्य केंद्र की जांच की गई। जिसमें कई कमियां पाई गईं। मौके पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### वित्तीय समावेशन को लेकर परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित



**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार की अध्यक्षता में स्पेशल कैंप हेतु जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तीय साक्षरता के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित करने की योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। यह विशेष शिविर 1 जुलाई से 30 सितंबर तक आयोजित किए जाएंगे। अपर समाहर्ता ने जिला अग्रणी प्रबंधक को निर्देशित किया कि इस शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत खाता खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लिए अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किए जाएं, जिससे आमजन इन योजनाओं का सीधा लाभ उठा सकें। बैठक में यह भी तय किया गया कि शिविर आयोजन के दौरान बैंकों, बीमा एजेंसियों एवं संबंधित विभागों का सक्रिय सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में शिविरों की कार्यवाही संपन्न होगी। अपर समाहर्ता ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर जनजागरूकता एवं सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, विभिन्न बैंक प्रतिनिधि, नाबार्ड के अधिकारी, सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर द्वारी पंचायत में लगा शिविर



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के द्वारी पंचायत भवन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बुधवार को शिविर लगाया गया। शिविर का विधिवत शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा मुखिया जगदीश यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 265 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 86 लोगों की टीबी की जांच की गयी। मातृक वंदना के तहत पांच महिलाओं की जांच की गयी है। जबकि 13 मनरेगा मजदूरों का जाब कार्ड बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग के तहत सिकल सेल एनीमिया की 143 लोगों की जांच की गई। शिविर में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति को लेकर शपथ दिलायी गयी।

### जर्जर भवन में चल रहा राजकीयकृत उत्क्रमित मवि, मारंगी



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मारंगी में पुराना भवन में ही स्कूल का संचालन किया जा रहा है। भवन की छत जहां-तहां टूटकर गिर रही और अंतिम स्टेज पर है। वहीं फर्श व दीवार सहित पूरा भवन काफी जर्जर हो गया है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। दूसरा भवन नहीं होने की वजह से इस जर्जर भवन में विद्यालय के बच्चे बैठने को विवश हैं। बुधवार को शिक्षक व अभिभावकों के साथ बैठक की जा रही थी कि अचानक छत से बड़ा टुकड़ा गिरा और उपस्थित लोग बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि विद्यालय में 199 बच्चे अध्ययनरत हैं। जबकि इस विद्यालय में कुल 7 कमरे हैं। जिसमें चार कमरे अत्यंत जर्जर हैं। जर्जर भवन होने की सूचना विद्यालय के सचिव मनोज कुमार द्वारा विभाग के कनीय अभियंता के साथ-साथ विभाग के वरीय पदाधिकारी को पूर्व में दी गयी है। जिसके पश्चात विभाग के अधिकारियों ने कमरे को मरम्मत कराने का आश्वासन दिया था, परंतु जर्जर भवन की न तो मरम्मत कराई गई और ना ही नवनिर्माण किया गया। वैसे में बच्चों को भवन में बैठने में काफी भय बना रहता है। फिलहाल विद्यालय के बच्चों को जर्जर भवन के कमरे में ही पढ़ाया जा रहा है। जबकि इस विद्यालय में पहली क्लास से आठवीं कक्षा तक के बच्चे पढ़ते हैं। विद्यालय सचिव के साथ-साथ ग्रामीणों ने सांसद, विधायक एवं उपायुक्त से जल्द नए भवन के निर्माण की मांग की है। मौके पर किशना उरांव, कुंती देवी, संगीता देवी, सुमन देवी, पूनम देवी, सरोज देवी सहित विद्यालय के शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

### बारिश से घर ध्वस्त, जिला प्रशासन से मदद की गुहार



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के लेंजवा पंचायत के अकौना गांव के भुइंया टोली में मंगलवार देर रात मूसलाधार बारिश एक गरीब दलित परिवार के लिए आफत बन गई है। इस भारी बारिश की वजह से अकौना गांव के भुइयांटोली से एक गरीब दलित मजदूर का आशियाना पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। वहीं घर में रखे खाद्य पदार्थ भी बर्बाद हो गए हैं। जिससे परिवार के लोग बेघर हो गए हैं और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित मालती देवी पति अरविंद भारती ने बताया कि देर रात्रि घर के समीप ढाबा में सपरिवार सोए हुए तभी आचनक घर ध्वस्त हो गया। घर में अनाज, कपड़ा सहित जरूरी कागजात भी दब गए जिससे उनके समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल राहत, खाद्यान्न और रहने की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। इधर जानकारी मिलते ही हंटरगंज प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन प्रसाद ने तत्काल डीलर रिंकी देवी से राशन मुहैया करवाने की बात कही है।

स्पीड न्यूज

# एसडीएसएम स्कूल परिवार ने 368 यूनिट रक्तदान कर संस्थापक स्व एसडी सिंह को दी श्रद्धांजलि

■ छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, पूर्ववर्ती छात्रों और सामाजिक संगठनों ने दिल खोल कर किया रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**संस्थापक की तस्वीर के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते स्कूल के चेयरमैन दिवाकर सिंह। रक्तदान कर रहे एक युवक का हौसला बढ़ाते चेयरमैन दिवाकर सिंह और रेडक्रॉस के सचिव विजय सिंह।**

**जमशेदपुर।** समाजसेवी एवं शिक्षाविद्ध स्व सुखदेव सिंह के 27वें पुण्यतिथि पर एसडीएसएम स्कूल परिसर सिदगोड़ा में आज रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के सहयोग से एसडी सिंह मेमोरियल एजुकेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट के द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन स्व. एसडी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर स्कूल के चेयरमैन दिवाकर सिंह, जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के वरीय चिकित्सक डॉ एलबी सिंह व रेड क्रॉस के वाईस पेट्रन डीके घोष तथा स्कूल की प्रिन्सिपल मौसमी दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में कुल 368 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर में जहां पहली बार रक्तदान करने वाले युवक युवतियों की संख्या 50 से अधिक रही, वहीं महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने के लिए सोना देवी युनिवर्सिटी के चांसलर प्रभाकर सिंह ने जहां स्वयं रक्तदान किया, वहीं डॉ सुधाकर सिंह, रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, सेंट्रल गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटि के प्रधान भगवान सिंह, सरदार शैलेन्द्र सिंह, आरका जैन यूनिवर्सिटी से पारसनाथ मिश्रा, संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजभूषण सिंह, जयप्रकाश राय, खबर मन्त्र के ब्यूरो हेड सत्येद्र कुमार, केंद्रीय दुर्गा पूजा कमेटी से अशुतोष, शुभु मुखी, गौतम प्रसाद, वाईपी सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार एवं अन्य गणमान्य ों ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया।

रक्तदान महादान है जो किसी भी व्यक्ति के जीवन को सुरक्षित रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आमतौर पर 18-65 वर्ष की आयु का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। एक यूनिट से तीन लोगो की जान बचाई जा सकती है। इसी सामाजिक दायित्व के निर्वहन में विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष जनकल्याण हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस सोसाईटी एवं जमशेदपुर ब्लड बैंक सेंटर के सहयोग से किया जाता है।

शिविर में स्कूल प्रबंधक कमिटी के सदस्यों के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान शिविर को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायी। स्कूल के उच्च वर्ग को छात्र-छात्राओं ने भोलेंटियरिंग की श्रेष्ठता के साथ प्रातः से रक्तदान समाप्ति तक अपनी सेवा दी। शिविर में जमशेदपुर ब्लड

सेंटर की टीम ने रेड क्रॉस सोसाईटी के साथ सहयोग प्रदान किया। यह शिविर एसडी सिंह मेमोरियल एडुकेशनल फाउंडेशन (ट्रस्ट) के बैनर तले विद्यालय अध्यक्ष दिवाकर सिंह के देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर दिवाकर सिंह ने रेड क्रॉस के सचिव विजय सिंह एवं ब्लड बैंक के महाप्रबंधक संजय चौधरी के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

## खटिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने धर्मेंद्र सोनकर



**जमशेदपुर।** खटिक समाज के राष्ट्रीय संगठन, अखिल भारतीय खटिक समाज ने जिला कांग्रेस कमिटी, पूर्वी सिंहभूम के कार्यकारी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर को झारखंड राज्य का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। विदित हो कि श्री सोनकर जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष होने के अलावा ओबीसी कांग्रेस के कोल्हान प्रभारी भी हैं और वे अपनी संगठनात्मक क्षमता और जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ के लिए जाने जाते हैं। धर्मेंद्र की दलित-पिछड़े और आदिवासी वर्ग के युवाओं के बीच विशेष लोकप्रियता है और अपनी लोकप्रियता एवं जमीनी पकड़ के कारण ही वे संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के कुछ उच्च पदाधिकारियों के बेहद करीबी माने जाते हैं। वर्तमान में, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रदेश प्रभारी के राजू के नेतृत्व में राहुल गांधी के निर्देशानुसार कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने की मुहिम चल रही है। जल्द ही नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू होगी।

## शिक्षिका के पति की गुंडागर्दी, शिकायत




**जादूगोड़ा।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका के पति अमित जोसेफ की गुंडागर्दी के खिलाफ पीड़ित परिवार निर्मल मुखी ने जादूगोड़ा थाने में लिखित शिकायत कर कारवाई की मांग की है। इधर हमले में घायल 60 वर्षीय भूतपूर्व कर्मी गिरिशा मुखी को जमशेदपुर एम जी एम अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से आज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। श्री मुखी को आंखों में गंभीर चोट आई है। इस बाबत पीड़ित परिवार निर्मल मुखी ने आरोपी के खिलाफ सख्त कारवाई करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। घटना के बाबत बताया जाता है परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका के पति अमित जोसेफ यूसिल कॉलोनी क्वाटर संख्या बी टाइप क्वॉटर संख्या 10/680 अपनी हुंडई 110 कार संख्या जेएच 02 एन 7103 से परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय पहुंचे व अपने वाहन बैंक करने के क्रम में बुजुर्ग भूतपूर्व यूसिल कर्मी गिरिशा मुखी की स्कूटी को ठाकर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार गिरिशा मुखी गिर पड़े। लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस हुई व कार चालक उल्टे अमित जोसेफ ने उलटे गुस्से में आकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान स्कूल के सामने यूसिल की सुरक्षा कर्मी तमाशाबीन बने रहे।

## भीम के परिजनों को मिला पीएम बीमा योजना का लाभ



**गम्हरिया।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गम्हरिया शाखा के प्रबंधक चंद्रशेखर रमन द्वारा बुधवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक भीम महतो के परिजनों को उक्त योजना का लाभ प्रदान किया गया। मौके पर गम्हरिया के बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी ने मृतक के पिता कुकडू सिरुम टोला, आमटांड़ निवासी सीताराम महतो को दो लाख रुपए का चेक सौंपा। इस मौके पर उन्होंने शाखा में मौजूद अन्य खाताधारियों से भी सरकार की विभिन्न बैंकिंग योजनाओं से जुडकर सामान्य प्रीमियम देकर लाभ लेने की अपील किया। उन्होंने कहा कि कोई भी अनहोनी बताकर नहीं आती है। कहा कि किसी के जीवन का मूल्य आंकना मुश्किल काम है, लेकिन जहां कुछ नहीं है वहां परिवार को कुछ लाभ मिलने से एक सहारा होता है। विदित है कि बीते वर्ष 13 अक्टूबर को रेल हादसे में भीम महतो की मौत हो गई थी।

# 27 को श्रीराममंदिरम्, बिष्टुपुर से निकलेगी विशाल रथयात्रा

■ रसियन भक्तों की कीर्तन मंडली और ओडिसी दल होगा आकर्षण, रथ निर्माण अंतिम चरण में पहुंचा

■ समस्त जगत के नाथ के रथ की डोर खींचने को अधीर हो रहे भक्तगण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते इस्कॉन जमशेदपुर के प्रमुख स्वामी पद्मनाभ जगन्नाथ दास एवं संयोजक चंद्रशेखर पर्वत व अन्य।**

**जमशेदपुर।** एक वर्ष के इंतजार के बाद इस बार फिर इस्कॉन जमशेदपुर द्वारा प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा दिनांक 27 जून 2025 को दोपहर ढाई बजे से बिष्टुपुर राम मंदिर से निकाली जाएगी। इस्कॉन भक्तों के साथ साथ शहर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा हरि भक्तों की कीर्तन मंडली, हरे कृष्णा हरे राम के महामंत्र की धुन पर अपने प्रभु श्री जगन्नाथ, मां सुभद्रा एवं बलभद्र जी के रथ को मौसी बाड़ी तक ले जाएंगे। रथ यात्रा के लिए तीन रथ तैयार किये गये हैं, जिस पर प्रभु श्री जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलभद्र जी विराजमान हो कर अपने भक्तो के साथ नगर भ्रमण करेंगे। रथ यात्रा से पूर्व सुबह 7 बजे से ही भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र जी और बहन सुभद्रा के साथ राममंदिर के विशाल हॉल में भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर में सुबह से लेकर दोपहर तक भक्तों के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में इस्कॉन जमशेदपुर के प्रमुख स्वामी पद्यनाभ जगन्नाथ दास एवं संयोजक चंद्रशेखर पर्वत ने अपने प्रमुख सहयोगियों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में दी। स्वामी पद्यनाभ जगन्नाथ दास ने पत्रकारों से कहा, हम इतने भव्य तरीके से रथयात्रा का आयोजन कर रहे हैं कि भक्तों को लगेगा कि वे साक्षात पूरी में मौजूद हैं।

आयोजकद्वय ने बताया कि इस आयोजन में जमशेदपुर एवं आसपास के इलाकों से, हजारों की संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है, और यही वजह है इस्कॉन जमशेदपुर, यात्रा से लगभग एक महीने पहले से ही इसकी तैयारी शुरू कर देते हैं। इसी सिलसिले में आज दिनांक 25 जुन दिन बुधवार को बिष्टुपुर आंध्र भक्त श्री राम मंदिर में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस्कॉन मंदिर जमशेदपुर के प्रमुख स्वामी पद्यनाभजगन्नाथ दास जी की अध्यक्षता में संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की गई। लगभग 1000 की संख्या में विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवक तीनो रथों की अलग-अलग जिम्मेदारी निभाएंगे। रथ यात्रा के सफल आयोजन के लिए इस्कॉन जमशेदपुर ने शहर के तमाम सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का सहयोग लेने का निर्णय लिया। बैठक में रथ यात्रा की पूरी प्रक्रिया, संचालन, यात्रा के मार्ग में आने वाली रुकावटें एवं बाधाओं से निपटने की तैयारी, और यात्रा में शामिल भक्तों को असामाजिक तत्वों से किस प्रकार सुरक्षित रखा जाए, इसकी जानकारी दी गयी।

## एक नजर में

### इंदरजीत सिंह ने 25वीं बार किया प्लेटलेट्स दान 24 बार प्लेटलेट्स और 1 बार कर चुके हैं रक्तदान



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था आगाज के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने बुधवार को 25वीं बार प्लेटलट्स दान किये। जैसा कि ज्ञात है एक जरूरतमंद मरीज जिनका इलाज सुचारू रूप से हो सके इसके लिये प्लेटलेट्स की आवशकता थी, ब्लड बैंक द्वारा इंदरजीत सिंह से संपर्क किया गया, इंदरजीत सिंह ने ब्लड बैंक जाकर प्लेटलेट्स दान किया। इससे पूर्व भी इंदरजीत सिंह 23 बार प्लेटलेट्स दान और 1बार रक्तदान कर चुके है। आज 25 वे दान पर इंदरजीत सिंह की हौंसला अफजाई के लिए पूर्व विधायक सह झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाडंगी उपस्थित रहे, कुणाल षडंगी एवं ब्लड बैंक के प्रमुख संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से इंदरजीत सिंह को 25 वे रक्तदान के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कुणाल षडंगी ने कहा कि इंदरजीत सिंह और उनकी संस्था के सदस्यों द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक कार्य निश्चित रूप से प्रेरणा दायक है। हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से समय समय पर रक्तदान करना चाहिए, मुख्य रूप से उपस्थित रहे झामुमो के युवा नेता सिमरन भाटिया, सतप्रीत सिंह उपस्थित रहे।

## सोनारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष समर्थकों संग पहुंचे प्रदेश सचिव राकेश तिवारी के घर, लिया आशीर्वाद



**जमशेदपुर।** बुधवार को सोनारी के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव अपनी पूरी कमेटी एवं समर्थकों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव राकेश तिवारी के सोनारी स्थित आवास पर पहुंचकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री तिवारी ने दीपक यादव एवं उनकी कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सबको मिठाई खिलाई। इस अवसर पर पदाधिकारी को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी ने आप सबों को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी और जवाब देही सौंपी गई है। ऐसे में आपका कर्तव्य बनता है कि सोनारी क्षेत्र की जन समस्याओं के समाधान के लिए आपसभी हर दिन संघर्ष करें। उन्होंने कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि पानी बिजली साफ सफाई स्वास्थ्य से संबंधित समस्या सरकार की योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर आप उस संबंधित विभाग के अधिकारियों के कार्यालय पर प्रदर्शन करें, दबाव बनाएं ताकि कांग्रेस पार्टी के माध्यम से इन समस्याओं का समाधान हो सके और आप सबों की छवि जनता के बीच में निखर कर आए। संगठन के अंदर ज्यादा से ज्यादा नौजवान साथियों एवं आम जनता को जोड़ने का प्रयास करें। साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों का हौसला आप जाइ करते हुए कहा कि आप सबों के नेतृत्व में सोनारी में कांग्रेस संगठन के अंदर एक नई जोश और ऊर्जा का संचार हुआ है और मुझे पूरा विश्वास के दीपक यादव के नेतृत्व में इस क्षेत्र में हर घर में कांग्रेस का कार्यकर्ता आने वाले समय में नजर आयेगा।

## पंचायतों को राज्य वित्त आयोग की निधि के साथ पूर्ण अधिकार देना जरूरी है : आनंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**कांग्रेस जिलाध्यक्ष को मांग पत्र सौंपते मुखिया संघ के पदाधिकारीगण।**

**जमशेदपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में ग्राम पंचायत के मुखियागण, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ गोलमेज बैठक का आयोजन पंचायत सचिवालय में दोपहर 1 बजे आयोजित की गई। सर्वप्रथम मुखियागणों ने जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि मुखियागणों के परेशानी को सुनने पहुंचे है। इसके लिए हम सभी आभारी है। बैठक में केरूवाडूंगरी पंचायत के मुखिया कान्हू मुर्मू मुखिया संघ के महासचिव ने जिलाध्यक्ष के समक्ष प्रस्ताव रखा कि पंचायतों को प्रत्यक्ष रूप से राज्य वित्त आयोग की निधि प्रदान की जाए। जिससे विकास कार्यों में प्रदर्शिता एवं गति आए। मुखियागणों को हर माह नियमित मानदेय दिया जाए ताकि आर्थिक असुरक्षा से मुक्त होकर सेवाभाव से कार्य कर सकें।

# होटल सन इंटरनेशनल में चतरा के ठेकेदार सुबोध सिंह की मौत

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**मृतक ठेकेदार सुबोध कुमार सिंह और सन इंटरनेशनल के इसी कमरा नंबर 302 में ठहरे थे सुबोध।**

**जमशेदपुर।** डिमना स्थित होटल सन इंटरनेशनल से चतरा के ठेकेदार सुबोध कुमार सिंह का शव मिलने से सनसनी फैल गयी है। परिजनों ने बताया कि उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं और वे काफी मिलनसार थे। टीएमएच में चतरा विधायक जनार्दन पासवान और सिमरिया की पूर्व विधायक कुसुम दास भी परिजनों से मिलने पहुंचीं। जानकारी देते हुए होटल कर्मी ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे सुबोध सिंह ने अपने साथी राकेश सिंह और ड्राइवर के साथ होटल में चेक इन किया था। घटना के संबंध में सुबोध के साथी राकेश सिंह ने बताया कि सुबह जब वे उठे तो उन्होंने सुबोध को उठाने का भी प्रयास किया। जब वे नहीं उठे तो आनन-फानन में उन्हें टीएमएच अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## चाईबासा : लोक लेखा समिति के सभापति मनोज कुमार यादव ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**चाईबासा।** लोक लेखा समिति के सभापति मनोज यादव की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा हुई। चाईबासा सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में समिति सदस्य सुखराम उरांव, अमित यादव, समीर महांती, जगत माझी भी थे। इस दौरान सभापति एवं सदस्यों ने विभिन्न विभाग से संबंधित समिति को प्राप्त शिकायतों की अद्यतन प्रगति के बारे में क्रमवार समीक्षा कर जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की। विशेष रूप से लंबित योजनाओं की स्थिति, कार्यों की गुणवत्ता, योजना पूर्ण करने का समय, जमीनी स्तर पर योजनाओं का लाभ कहां तक पहुंचा है, पर विशेष समीक्षा की। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, स्वच्छता एवं पेयजल, पथ निर्माण विभाग, जिला पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग, मंडल कारा, कृषि विभाग, नगर निगम, परिवहन एवं खनन विभाग सहित अन्य विभागों का कार्यप्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर कार्यान्वन को सुनिश्चित करने को कहा गया।

## झारखंड के शिक्षकों को दिखायी जा रही है प्रधानाचार्य अरविंद के नवाचारों की कहानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों को 50 घंटे का कोर्स करना अनिवार्य है। झारखंड के प्राथमिक शिक्षकों के लिए यह कोर्स जे गुरुजी ऐप पर उपलब्ध है इस कोर्स में 20 घंटे का ऑनलाइन कोर्स करना है। 20 घंटे ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत विगत 1 जून से शुरू हुई है जिसे 30 जून तक शिक्षकों को पूरा करना है। कोर्स का नाम सतत व्यवसायिक विकास है। कुल 24 मॉड्यूल है। प्रत्येक वीडियो के अंत में तथा पूरे कोर्स के अंत में वस्तुनिष्ठ सवाल होते हैं, जिन्हें शिक्षकों को उत्तर देना होता है। 18वां माडयूल स्कूल लीडरशिप पर है जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी के नवाचारों एवं विद्यालय के परिवर्तन की कहानी बतायी गयी है। मालूम हो कि अरविंद तिवारी लगातार आदिम जनजाति के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं लड़कियों के ड्रॉप आउट को रोकने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं।

## विद्या निकेतन उवि में शिक्षक अभिभावक बैठक



**पोटका।** प्रखंड के प्लस टू विद्या निकेतन उच्च विद्यालय हल्दीपोखर में नए शैक्षणिक सत्र का प्रथम शिक्षक अभिभावक बैठक बुधवार को आयोजित किया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीकांत सरदार ने किया। इस अवसर पर वर्ष 2025 जैक के वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं वार्षिक परीक्षा के तीनों संकाय कला, वाणिज्य व विज्ञान के विद्यालय टॉपर प्रथम तीन तीन छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि छात्रों की नियमित उपस्थिति 75 प्रतिशत नहीं रहने वाले छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा से वंचित रखने, संबंधित वर्तमान सत्र में कक्षा नवम एवं ग्यारहवीं में नामांकन, मादक द्रव्य निषेध ,नशा मुक्ति, बाल विवाह, छात्र-छात्राओं के द्वारा मोबाइल फोन निषेध एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टि से 18 वर्ष से कम आयु के छात्र-छात्राओं के मोटरसाइकिल से विद्यालय आने पर रोक लगाया जाएगा। सभी मुद्दों पर अभिभावकों के साथ विचार विमर्श कर सहमति प्रदान किया गया। बैठक में गंगाडीह पंचायत के मुखिया कार्तिक मुर्मू ,ग्रामप्रधान गौतम कुंडू,वार्ड मेंबर , एसएमडीसी के उपाध्यक्ष मोहम्मद अली जान, प्रधानाध्यापक सह सचिव नरेंद्र कुमार, एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कांग्रेस पर बोला हमला, कहा

# सत्ता के लालच में कांग्रेस ने संविधान को कुचला, लोकतंत्र का गला घोंटा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व सीएम रघुवर दास। साथ में बायें से डा जटाशंकर पांडेय, सुधांशु ओझा और अभय सिंह।**

**जमशेदपुर।** आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में जनजागरण अभियान चला रही है। इसी क्रम में, बुधवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में साकची स्थित जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने आपातकाल को लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि 25 जून 1975 की रात तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता के लालच में संविधान को रौंदकर पूरे देश को जेलखाना बना दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लोकतंत्र पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि इसी पार्टी ने लोकतंत्र का गला घोंटने का पाप किया है।

संवाददाता सम्मेलन में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष सह आपातकाल कार्यक्रम के सह वक्ता अभय सिंह, अभियान के प्रदेश सह संयोजक डॉ जटाशंकर पांडेय, जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के जिला संयोजक बबुआ सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा व सह मीडिया प्रभारी अखिल सिंह भी थे।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने विस्तार से बताया कि 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने और उन्हें चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के बाद, अपनी कुर्सी बचाने के लिए उन्होंने आधी रात को आपातकाल लागू करवा दिया। बिना कैबिनेट की मंजूरी के तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से हस्ताक्षर करवा कर पूरे देश को अंधकार में ढकेल दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, चंद्रशेखर जैसे कई विपक्षी नेताओं, आरएसएस व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को रातों-रात जेल में भर दिया गया। प्रेस की आजादी छीन ली गयी थी।

## हासता कीली उकशासन कूटसुरी का शुद्धिकरण



**पोटका।** हासता किलि उकशासन कुटुसुरी का सामाजिक रीति से बुधवार को शुद्धिकरण किया गया। आदिवासी भूमिज समाज के द्वारा आयोजित इस सामाजिक कार्यक्रम में समाज के नौ महाल किलि कुकुल महिला, पुरुष, युवक, युवतियां सहित सैंकड़ों प्रतिनिधि शामिल हुए। उकशासन का शुद्धिकरण पाणिग्राही गुरुचरण पाचरी के द्वारा भूमिज समाज के पारंपरिक रीति रिवाज से किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि के रूप में सिद्धेश्वर सरदार, जयपाल सिंह सरदार, हरिश सिंह भूमिज, मानिक सरदार, सुदर्शन भूमिज सहित अन्य उपस्थित थे। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में कुटसुरी गांव में सड़क निर्माण के दौरान संवेदक द्वारा भूमिज समाज के शासन पत्थर को जेसीबी से उखाड़कर छेड़छाड़ व अपवित्र किया गया था। शासन पत्थर आदिवासी भूमिज समाज द्वारा अपने दिवंगत पूर्वजों का अस्थि कलश इस पत्थर के नीचे रखने का परंपरा है। यह हमारी अस्मिता की पहचान है।

## स्पीड न्यूज

### हार्ट अटैक से डॉक्टर की मौत



सतबरवा। तुंबागड़ा हॉस्पिटल प्रबंधक सह आईसीयू के स्पेशलिस्ट डॉ ऐशली जॉन की मौत हार्ट अटैक से हो गयी।

### कोयल नदी में दो सगे भाई डूबे, बड़े की मौत, छोटे को मछुआरों ने बचाया

विश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाने के सिगसिगी गांव के समीप कोयल नदी के गहरे पानी में डूबने से नवीं कक्षा के छात्र साकेत राज सिंह (15) की मौत हो गयी। जबकि मृतक के छोटे भाई को मछली मार रहे मछुआरों ने किसी तरह बचा लिया। सिगसिगी के सहायक शिक्षक ऋतुराज सिंह की पत्नी, उनके दो बेटे व साला बुधवार को कोयल नदी की तरफ घूमने गये थे। इसी बीच दोनों बच्चे कोयल नदी में नहाने लगे। नहाने के क्रम में जब छोटा भाई सन्निराज सिंह गहरे पानी में डूबने लगा तब बड़ा भाई साकेत ने उसे बचाने की कोशिश की। मृतक रेहला ज्ञान निकेतन में आठवीं का छात्र था। ज्ञान निकेतन के निदेशक अमित सिंह उर्फ बाबुल ने बताया कि साकेत काफी मेधावी छात्र था। वह इस बार आठवीं बोर्ड का परीक्षा दिया था जिसमे बढ़िया अंक लाकर उत्तीर्ण हुआ था।

### सोशल मीडिया और असामाजिक तत्व पर विशेष नजर रहेगी : थाना प्रभारी



मोहम्मदगंज पलामू। मुहर्रम को लेकर बुधवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी नारायण सोरेन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। संचालन एएसआई शेख अमानुल्लाह ने किया। बैठक में पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया और असमाजिक सांप्रदायिक तत्वों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। मौके पर एसआई सुबीर किस्कू, एएसआई सुरेन्द्र तिवारी, हरेराम सिंह, अनिल नायक, मो कयामुद्दीन अंसारी, सी बी रमण सिंह, उदय सिंह, महेन्द्र प्रसाद सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, परशुराम सिंह, रविन्द्र सिंह, मुखिया उमेश राम, दिनेश राम, रौशन कुमार उपस्थित थे।

### नव पदस्थापित थाना प्रभारी से मिला व्यवसायी संघ का प्रतिनिधिमंडल



विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पंकज लाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को नव पदस्थापित थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने श्री दुबे को पुष्पगुच्छ वहीं अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। संघ ने थाना प्रभारी को अपनी समस्याओं से अवगत भी कराया। थाना प्रभारी श्री दुबे ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि व्यवसायियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान किया जायेगा। मौके पर संतोष गुप्ता, गोपाल सोनी, बिट्टू चंद्रवंशी, कमलेश गुप्ता आदि शामिल थे।

### सीता +2 उवि में प्रतिभा सम्मान समारोह



हरिहरगंज पलामू। स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बीईईओ राकेश सिंह, धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय पिपरा के पूर्व प्राचार्य कृष्णदेव सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक मृत्युंजय सिंह मौजूद थे। इस दौरान अतिथियों ने वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट 2025 की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वालों विद्यालय के विद्यार्थियों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रधानाचार्य डॉ अजय राय, शिक्षक डॉ ओरेंद्र यादव, राबर्ट गुप्ता, नागदेव यादव, गोपाल शरण राणा, नीरज सिंह, कन्हैया सिंह आदि उपस्थित थे।

### संविधान का गला घोंटनेवाली दादी का पोता आज उसकी प्रति लेकर घूम रहा



मेदिनीनगर। 25 जून 1975 को तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने अपना वर्चस्व बनाये रखने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलते हुए देश में आपातकाल घोषित कर न्याय पालिका, कार्यपालिका, विधायिका व देश के चौथे स्तंभ पत्रकारिता पर मनमानी करते हुए मीसा कानून के तहत समाज के प्रहरियों को जेल में डाला। उक्त बातें पलामू दौरे पर आये भाजपा अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कही। उन्होंने कहा कि आपातकाल जैसा काला कानून देश की जनता पर थोपा था आज उनके पोता राहुल गांधी संविधान के पुस्तक लेकर घूम रहे हैं। उन्हें दादी के कारनामे को याद कर शर्म आनी चाहिए। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, ज्योति पांडेय, दुर्गा जौहरी, अविनाश वर्मा, नंदलाल गुप्ता, शिव कुमार मिश्रा, विजय ठाकुर भी थे।

### जिलावासी नशा से न रखें सरोकार : डीसी



मेदिनीनगर। पलामू में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चल रहा है। 10 जून से 26 जून तक यह अभियान चलेगा। जागरूकता अभियान के तहत पलामू उपायुक्त समीरा एस० ने नशे की रोकथाम को लेकर समेकित पहल करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि व्यक्ति स्वयं मादक पदार्थों का सेवन नहीं करें। नशे से कोई सरोकार नहीं रखें। इससे समाज में बदनामी के साथ-साथ पूरा परिवार बर्बाद होता है। मादक द्रव्यों के सेवन से भविष्य अंधकारमय हो जाता है। पलामू उपायुक्त समीरा एस० के निदेशानुसार तिथिवार जारी कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न पंचायतों के गांवों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के एलईडी वैन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर मंगलवार की शाम रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।

पलामू डीआइजी ने किया रेहला थाना का औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

## लंबित मामलों का करें त्वरित निष्पादन : नौशाद आलम

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। पलामू डीआईजी नौशाद आलम ने आज रेहला थाने का औचक निरीक्षण किया। थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीआईजी के थाना परिसर पहुंचते ही रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरवा द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद डीआईजी नौशाद आलम को थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। श्री आलम ने थाना में पदस्थापित पदाधिकारी व जवानों के टर्न आउट का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना सिरिस्ता में संधारित अभिलेखों का अवलोकन करते हुये त्रुटियों में सुधार करने का निर्देश दिया।



डीआइजी का स्वागत करते पुलिस पदाधिकारी।

उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी आम जनता के शिकायतों का ईमानदारी से समाधान करने का प्रयास करें। आम लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें। लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करें। डीआईजी ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण व विधि व्यवस्था बनाये रखने, पुलिस मुख्यालय व वरीय पदाधिकारी से प्राप्त आदेश-निर्देश संबंधित पत्रों को पदाधिकारी एवं कर्मियों को अवगत कराते हुए अलग से गार्ड फाइल में रक्षित करने का भी आदेश दिया। इसके अलावा स्कूल-कॉलेज सहित वैसे स्थान जहां महिलाओं-लड़कियों का आना-जाना हो या ज्यादा अड्डा बाजी वाले क्षेत्रों में कारगर पेट्रोलिंग करने, मादक पदार्थों के विरुद्ध छापामारी, नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने सहित कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीआईजी नौशाद आलम ने निरीक्षण के दौरान थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी व जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया। मौके पर पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान सहित कई पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

नावाटोली में द वे ऑफ वेलनेस क्लब का उद्घाटन

## फिटनेस के साथ सही पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करेगा क्लब : सीनियर मेंबर राजन

■ मोटापे से जूझ रहे लोगों के लिए वरदान साबित होगा वेलनेस क्लब : सोनू सिंह नामधारी



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। नावाटोली नामधारी रोड में द वे ऑफ वेलनेस क्लब का उद्घाटन सिनियर मेंबर राजन, संपा, राकेश, सोनू सिंह नामधारी, सपना सोरेन, अविनाश वर्मा, अंजली, उमेश व अन्य ने किया। मौके पर सोनू सिंह नामधारी ने रांची से आये अतिथियों का बुके व शॉल देकर स्वागत किया। सीनियर मेंबर राजन ने कहा कि द वे ऑफ वेलनेस क्लब लोगों को फिटनेस के साथ सही पोषण के दिशा में जागरूक करेगा। जिससे लोग सेहत मंद जीवन शैली को अपनाकर कई गंभीर रोगों से मुक्ति पा सकते हैं। डालटनगंज जैसे छोटे शहर में ऐसे क्लब का खुलना बहुत बड़ी बात है।

वर्तमान समय में व्यक्ति अपने दूषित खानपान या व्यस्त दिनचर्या के कारण मोटापे के शिकार हो जा रहे हैं। इससे वे निजात पाना चाहते हैं लेकिन वे चाहकर भी कुछ नहीं कर पाते हैं। वैसे लोगों के लिए द वे ऑफ वेलनेस क्लब वरदान साबित होगा। मौके पर सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषित वातावरण, मिलावटी खानपान, जीवन शैली तथा लोगों के तनाव एवं व्यस्त जीवन शैली के कारण लोग अपने सेहत पर ध्यान नहीं दे पाते हैं जिस कारण वे मोटापे के शिकार हो जाते हैं। जिससे उन्हें कई गंभीर रोग ग्रसित कर लेता है। उन्होंने कहा कि लोग अपने कार्यशैली में थोड़ा परिवर्तन करते हुए द वे ऑफ वेलनेस क्लब के नियमों को अपनायें या इससे जुड़ें तो उनको सिर्फ मोटापे ही नहीं बल्कि कई रोगों से निजात पा सकते हैं। इस शहर के लिए यह क्लब वरदान साबित होगा।

पलामू डीडीसी ने की मेदिनीनगर नगर निगम, नगर पंचायत और नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा

# सभी को इंटरनल रेवेन्यू सोर्स जेनरेट करने पर दिया गया बल

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को जिले के विभिन्न नगर पंचायत, नगर परिषद व मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा संचालित कार्यों की अद्यतन जानकरी ली गयी एवं आवश्यकता के अनुसार विभिन्न निर्देश दिये गये। इस दौरान श्री हुसैन ने विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी को स्थानीय लोगों के बेहतरी के मद्देनजर योजनाओं को क्रियान्वित करने की बात कही। उन्होंने सभी को इंटरनल रेवेन्यू सोर्स जेनेरेट करने पर बल दिया। उन्होंने सभी को मॉनसून के मद्देनजर ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त रखने को लेकर सभी जरूरी उपाय करने की बात कही। मेदिनीनगर नगर निगम की समीक्षा के दौरान उन्होंने वार्ड 23 में निर्माण किये जा रहे इंडोर स्टेडियम के प्रगति की जानकारी ली। बताया गया कि कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कुछ पेड़ काटने की आवश्यकता बताया गयी जिसे लेकर डीएफओ से पत्राचार किया गया है। इस दौरान स्टेडियम के चारों ओर पाथ वे निर्माण पर चर्चा की गयी।



समीक्षा बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य पदाधिकारी।

इसी तरह उन्होंने कोयल रिवर पॉइंट पर टूटे हुए जाली को ठीक कराने, स्ट्रीट लाइटिंग को दुरुस्त कराने की भी बात कही। वहीं सभी दुकान संचालित हो, यह सुनिश्चित करने की बात कही। इसके अलावे वार्ड 13 अंतर्गत बनने वाले वेंडर मार्केट में पार्किंग की सुगम व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य कराने की बात कही। साथ ही अंबेडकर पार्क में स्टील रेलिंग के कार्य को ससमय पूर्ण कराने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। इसी तरह शिवाजी मैदान में ग्रीन जोन व अमृत योजना अंतर्गत योजनाओं की भौतिक एवं वित्तिय प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गयी। इसी तरह छत्तरपुर, हुसैनाबाद व हरिहरगंज नगर पंचायत में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी।

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, एसडीओ बोले

## निर्धारित मार्गों से ही गुजरेगा मुहर्रम जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। स्थानीय थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीएम छतरपुर आशिष गंगवार ने की तथा संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया।

एसडीओ ने कहा कि पूर्व निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकाली जायेगी। वहीं ड्रोन कैमरा से जुलूस पर नजर रखी जाएगी। जुलूस में किसी दूसरे देश तथा प्रतिबंधित संस्था का निशान अथवा झंडा नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना, विवादित विडियो, मैसेज की जानकारी होने पर पुलिस को तत्काल सूचना दें। उपस्थित लोगों ने जुलूस मार्ग की सफाई कराने की मांग किया।



शांति समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

इस अवसर पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, एसआई रंजीत कुमार सिंह, अविनाश कुमार, धनंजय गोप, हेमंती बास्की, एएसआई एके त्रिपाठी, मुन्ना राम, समाजसेवी भोला गुप्ता, गंगा जायसवाल, राजीव रंजन, इरफान शाहिद, तस्लीम अंसारी, शमशाद अंसारी, माहताब शाहिद, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, ए अजय सिंह, अरुणजय ठाकुर, बुधन सिंह यादव, प्रमोद रवि, महादेव यादव, अनिल राम, पंसस शैलेंद्र उर्फ शीलू सिंह, उदय सिंह, गुप्ता पासवान, अशोक जायसवाल, भीमसेन शर्मा, अमित सिंह, सत्येंद्र पासवान, अजय सिंह, अरविंद पासवान, मुन्ना विश्वकर्मा, अनवर हुसैन, आलमगीर आलम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अंगरा में लगा जनभागीदारी अभियान का शिविर



पाटन पलामू। धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत शिविर का आयोजन लोइंगा पंचायत के अंगरा ग्राम में किया गया। शिविर में मुखिया रंजीत कुमार, पंचायत सचिव गिरवर उरांव, कल्याण पदाधिकारी अजीत मिश्रा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। शिविर में आधार, आपूर्ति, स्वास्थ्य सहित कई विभाग ने स्टॉल लगाये थे। शिविर में आये लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड स्वास्थ्य सहित कई जनोपयोगी कार्य किये गये। मौके पर मुखिया रंजीत यादव ने सभी लोगों को शिविर में आकर अपनी समस्या के समाधन कराने व लाभ लेने को कहा। कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन भागीदारी अभियान योजना से लोगों का कल्याण होगा।

### अग्रगति संस्था ने बसरिया और भड़गांवा पंचायत में लगाया वित्तीय जागरूकता शिविर



चैनपुर (पलामू)। अग्रगति संस्था ने चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बसरिया कला पंचायत के टोला डोकरा व भड़गांवा पंचायत के कुर्का में एमएसएमई लोन के लिए वित्तीय जागरूकता शिविर लगाया। जिसकी अध्यक्षता सीएफएल ट्रेनर दीपमाला कुमारी ने की। शिविर में आरबीआई प्रोजेक्ट के तहत चैनपुर प्रखंड सीएफएल ट्रेनर दीपमाला कुमारी और कॉर्डिनेटर तरुण कुमार ने लोगों को प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जन धन खाता और फ्रॉड काल्स के संबंधित जानकारी दी। साथ ही उन्होंने महिलाओं को बताया कि कुटीर उद्योग, सिलाई-कढ़ाई, बकरी पालन, दुग्ध उत्पादन जैसे कई छोटे बड़े व्यवसायों के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकती हैं।

## सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक ने डीडीसी से की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के शिक्षक अभिषेक तिवारी ने पलामू डीडीसी मो जावेद हुसैन से मुलाकात कर बधाई दी और उम्मीद जताई कि डीडीसी के नेतृत्व में पलामू का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने सर्वोदय विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न जरूरत पर चर्चा की। अभिषेक तिवारी ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार ने उक्त विद्यालय को प्रखंड आदर्श विद्यालय के रूप में मान्यता दी है। साथ ही विद्यालय पोषक क्षेत्र से औसतन प्रतिवर्ष 2000 विद्यार्थियों का नामांकन वर्ग 9 से 12वीं में होता है और विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं विद्यालय प्रशिक्षित मानव संसाधनों की कमी नहीं है परंतु बाह्य आधारभूत संसाधन के अभाव में शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है प्रखंड तथा विद्यालय स्तरीय विभिन्न गतिविधियां, प्रशिक्षण व वार्षिक एवं संयुक्त परीक्षा तथा सामुदायिक बैठक हेतु बहुउद्देशीय भवन के निर्माण हो जाने से उपरोक्त आवश्यकताओं को पूर्ति संभव है।

## विश्रामपुर और हुसैनाबाद अनुमंडल में हुई दो महत्वपूर्ण सुरक्षा समन्वय बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



विश्रामपुर पलामू। विश्रामपुर अनुमंडल में नावाबाजार थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ, विश्रामपुर आलोक कुमार टूटी ने की। इस बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना/ ओपी प्रभारी एवं पुलिस निरीक्षक रेहला की उपस्थिति रही। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यो से जुड़े संवेदक, ठेकेदार, क्रेशर माइंस संचालक एवं पेट्रोल पंप संचालकों के साथ विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधियों को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सूचना देने एवं पुलिस के सहयोग से कार्य करने की अपील की गयी। वहीं हुसैनाबाद अनुमंडल में एसडीपीओ कार्यालय परिसर में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित विकास योजनाओं से जुड़े संवेदकों, ठेकेदारों, माइंस ओनर्स, क्रेशर संचालकों एवं पेट्रोल पंप संचालकों के साथ सुरक्षा बैठक हुई। बैठक में स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य स्थल पर सतर्कता, निगरानी एवं सुरक्षा के उपाय अपनाने पर बल दिया गया।

## पंससों की बैठक में उठा चिकित्सकों के समय पर नहीं आने का मामला

नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता



हैदरनगर पलामू। हैदरनगर प्रखंड कार्यालय के प्रखंड सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक प्रखंड प्रमुख कलावती देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जबकि बैठक का संचालन बीडीओ विश्व प्रताप सिंह मालवा ने की। बैठक में सदस्यों ने कहा कि हैदरनगर अस्पताल में डॉक्टर समय पर कार्यालय में नहीं बैठते हैं। गरीब लोगों को इलाज नहीं होता है। सदस्यों ने कहा कि बैठक में स्वास्थ्य पदाधिकारी नहीं आते हैं। उन्होंने स्वास्थ विभाग पर काफी नाराजगी व्यक्त की। सदस्यो ने कहा कि जो योजनाएं बैठक ली जाती है उस पर अमल नहीं किया जाता है। बीडीओ विश्व प्रताप सिंह मालवा ने कहा कि प्रखंड कार्यालय से कल्याण कारी योजनाएं चल रही है वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का सरकार प्रयास कर रही है।

### टुसरा-निमियां में पोल लगाने में बरती गयी अनियमितता

पाटन पलामू। प्रखंड के ग्राम टुसरा एवं निमियां में विद्युत विभाग के द्वारा पोल लगाने में घोर अनियमितता बरती जाने का आरोप किसानों ने लगाया है। पोल आवश्यकता के अनुसार नहीं लगाया जा रहा है। कनेक्शनधारी किसान डीकु सिंह उर्फ अजय सिंह ने बताया कि मोटर पंप के कार्डधारी होने बावजूद मेरे कुआं तक पोल नहीं गाड़ा गया है। संवेदक पोल गाड़ने के एवज में पैसे मांग रहा है। वहीं जहां पोल की जरूरत नहीं है वहां पैसे लेकर पोल लगा दिया जा रहा है।

## पुलिस ने स्कूली बच्चों को नशा मुक्ति अभियान की जानकारी दी

खबर मन्त्र संवाददाता



हरिहरगंज पलामू। सरकार द्वारा निर्देशित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हरिहरगंज पुलिस ने बुधवार को स्थानीय बालिका उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों को नशा से बचाव का जागरूकता कार्यक्रम किया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर एसआइ रंजीत सिंह ने विद्यालय के 9वीं तथा 10वीं की छात्राओं से कहा कि नशा करने वाले खुद को समाज से दूर कर देता है। इससे न केवल शारीरिक रूप से मनुष्य अक्षम होता है, बल्कि मानसिक स्थिति भी खराब होती है। उन्होंने बच्चों से नशा करने वाले या इसे फैलाने वालों की सूचना टोल फ्री नंबर 112 पर देने की अपील की। मौके पर प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह, शिक्षक अनुप कुमार, रंजीत कुमार, केदारनाथ मौर्य, शिक्षिका अर्पणा कुमारी व विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

### विधायक-मंत्री कार्यकर्ताओं की भावनाओं का रखें ख्याल : बिट्टू पाठक



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का आयोजन लेस्लीगंज नीलांबर पितांबरपुर में किया गया। कार्यक्रम में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर पासवान, मिट्टू खान, जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू, डॉ कृष्णकांत दुबे, जिला सचिव नन्द किशोर मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों को माला पहनकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि लेस्लीगंज में कांग्रेस की जड़े बहुत गहरी है लेकिन वर्तमान समय में आवश्यकता है अपने संगठन को मजबूत करना। आगे उन्होंने कहा कि पार्टी के ऑक्सीजन होते हैं।

# तरहसी : नशा मुक्ति अभियान के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

तरहसी पलामू। सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज ने नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। रैली कॉलेज से निकल कर मुकुंदपुर तरहसी ब्लॉक, तरहसी बाजार, तरहसी, थाना की ओर से होते हुए वापस कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुआ। मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रभाकर ओझा ने कहा कि नशा से जीवन का नाश होता है। यह आदत नशा सेवन करने वाले तथा परिवार जनों को भी नुकसान पहुंचता है, इससे मुक्ति पाने की जरूरत है। खाने -पीने में जो राशि खर्च की जाती है उससे पौष्टिक तत्व वाले भोजन करने में पैसा खर्च करने से फायदेमंद साबित हो सकता है। इतना ही नहीं नशा करने से असाध्य रोग रोग से भी लोग ग्रसित हो जाते हैं और कष्टदायी जीवन जीने को विवश हो जाते हैं। आजकल के बच्चे भी इस आदत का शिकार हो रहे हैं इससे इसपर अभिभावक का भी पैनी नजर होनी चाहिए ताकि बच्चे इस आदत से बच सके। मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी प्रोफेसर विनीत चंद्र पांडे, प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार, महाविद्यालय के लिपिक प्रशांत सिंह, राहुल रजक, नवीन पांडे, लड्डु रजक, रामप्रवेश पांडे, नीतीश पांडे, सरजू राम, अर्जुन राम, हेमंत कुमार, जितेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थी।



नशा मुक्ति को लेकर निकली जागरूकता रैली में शामिल लोग।

रथ यात्रा और मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# सरकार के गाइड लाइन का पालन कर मनायें सभी पर्व त्योहार : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। पाटन थाना में रथ यात्रा एवं मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पाटन प्रमुख शोभा देवी ने की तथा संचालन पाटन थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय ने किया। बैठक में पाटन बीडीओ अमित झा, पाटन सीओ राकेश श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मुखिया हित नारायण सिंह, मुखिया प्रतिमा देवी, जयशंकर प्रसाद, जैनुल सिद्दीकी, शक्ति शंकर गुप्ता, मुस्तकीम अंसारी, रहमतुल्लाह अंसारी, रवानी अंसारी, शमीम अंसारी, उमेश सिंह, एसआई जितेन्द्र यादव, एएसआई धर्मेंद्र सिंह, बिष्णु कुजुर, कृष्ण प्रजापति, अंबिका सिंह, हेमंत नारायण पासवान, पूर्व जिप सदस्य मुक्तेश्वर पांडेय, शिक्षक रविन्द्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में दोनों समुदायों के लोग उपस्थित थे। बैठक में पाटन बीडीओ ने कहा कि सरकार के गाइड लाइन का पालन करते हुए पर्व आपसी भाईचारा के साथ मनायें। बीडीओ ने सभी ताजिया कमीटी के लोगों को दस दस लोगों का वोलेंटियर बनाकर थाना में देने का निर्देश दिया। कहा कि कोई भी व्यक्ति पर्व के दौरान आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे जिससे पर्व में बाधा उत्पन्न हो।



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व उपस्थित अन्य।

## दुमका डीसी ने जामा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, कहा
# बच्चों का केरियर काउंसलिंग करायें अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निरीक्षण करते डीसी अभिजीत सिन्हा व अन्य।

**दुमका।** डीसी अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को जामा अंचल सह प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवास योजना, पंचायत के विकास कार्यों, आंगनबाड़ी, दीदी की दुकान, मनरेगा के कार्यों की जानकारी लेने के बाद अन्य जरूरी अभिलेख की जांच की। इस दौरान योजना को सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों का कार्य समय पर हो। प्रखंड परिसर में पानी, बिजली, शौचालय एवं साफ-सफाई पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। बीडीओ डॉ विवेक किशोर को निर्देशित किया कि एक हेल्प डेस्क बनाए जिसमें मईया योजना सहित अन्य योजना संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सके। सूचना पट पर जानकारी प्रेषित करें कि किन कारणों से मंईयां सम्मान योजना की राशि रुक सकती है और उसके समाधान के लिए क्या करना है। प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के उपरांत डीसी ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जामा का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने शैक्षणिक व्यवस्था, भोजन, पेयजल, सीसीटीवी, स्वच्छता और सुरक्षा की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने कक्षा नौ एवं दस की छात्राओं से मिले। उनसे उन्हें मिलने वाली सुविधा जैसे भोजन, शिक्षक की उपलब्धता, साइंस लैब, करियर काउंसलिंग, किताबें आदि की जानकारी ली। जिसमें संतोषजनक जवाब प्राप्त हुए। डीसी ने संबंधित को कहा कि बच्चों का केरियर काउंसलिंग कराए। लैब को बड़े कमरे में शिफ्ट करें। खेलने वाले मैदान की साफ सफाई करें। झूला की मरम्मती करे। हॉकी के लिए मैदान तैयार करायें। चिकित्सक की नियमित विजिट करायें। मौके पर सीओ अशोक बड़ाईक, सीडीपीओ कुमारी रितु सहित अंचलकर्मी उपस्थित थे।

# चास प्रखंड मुख्यालय में भाजपा का प्रदर्शन

**प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर की नारेबाजी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार में कथित तौर पर व्याप्त भ्रष्टाचार ध्वस्त कानून व्यवस्था लचर बिजली पानी की व्यवस्था नगर निकाय चुनाव अवैध बालू, पत्थर कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत चास प्रखंड मुख्यालय पर एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का आक्रोश चरम पर दिखा। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी क्रम में प्रखंड कार्यालय के ग्रिल गेट को उन्होंने हिला-हिलाकर तोड़ दिया। मौके पर बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि कानून व्यवस्था चरमरा गई है और सरकारी योजनाओं को लेकर सरकार विफल है।

वृद्धा व विधवा सहित सभी पेंशन बंद है। बालू का अवैध खनन कर तस्करी की जा रही है। सरकार एक भी बालू घाट की नीलामी नहीं कर पाई। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बेरोजगारी बढ़ गई है। बिजली पानी की लचर व्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश है। रोज अबुआ राज में जनता लूट का शिकार होती जा रही है। अपराधी बेखौफ है दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे रहे है।

मौके पर रोहित लाल सिंह शशि भूषण ओझा मुकुल धीरज झा संजय त्यागी मुकेश राय कमलेश राय दिलीप श्रीवास्तव अर्चना सिंह रामलाल सोरेन मथुर मंडल मनोज सिंह हरीश चंद्र सिंह विनय किशोर पन्ना लाल कांदु धनंजय चौबे अविनाश सिंह अनिल सिंह बिक्की राय हरिपद गोप बाटुल प्रामाणिक अमर स्वर्णकार ऋषभ राय मंतोष ठाकुर रघुनाथ टुडू सुभाष उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में

### बीडीओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण



दुमका। डीसी अभिजीत सिन्हा के निर्देशानुसार बुधवार को रानेश्वर प्रखंड के बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा द्वारा प्रखण्ड परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानेश्वर का औचक निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा था। इस संबंध में स्वास्थ्य केन्द्र के प्रधान सहायक विश्वजीत गोराई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि इस विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। स्वास्थ्य केन्द्र के ही डिलींग क्लर्क मोनिका मुर्मू से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि इस विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। रंगाई-पुताई का कार्य किस फंड से किया जा रहा है। कितनी राशि का यह कार्य है। और किस एजेंसी को वर्क ऑर्डर निर्गत किया गया है। इस संबंध में भी किसी के द्वारा कोई जानकारी नहीं दिया गया। स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित कर्मियों द्वारा बताया गया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विभागीय कार्य से रांची गये है। रंगाई-पुताई का कार्य करवा रहे मुज्जफर अंसारी नामक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि विगत 15 दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का साफ-सफाई, दों कोट कलर आदि का कार्य उनके द्वारा कराया जा रहा है। और यह कार्य कराने का निर्देश उन्हें दुमका के सोनू नाम के व्यक्ति द्वारा दिया गया है। जब सोनू नामक व्यक्ति से मोबाईल पर सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि उनके पास कोई वर्क ऑर्डर नहीं है, बिमल कुमार गुप्ता नामक व्यक्ति के कहने पर यह कार्य उनके द्वारा कराया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रानेश्वर से जानकारी कार्यालय पत्रांक के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विगत दो वित्तीय वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रानेश्वर को प्राप्त सभी प्रकार के आवंटनों की जानकारी और किये गये व्यय की जानकारी भी मांगा जा रहा है। जानकारी प्राप्त होने के उपरान्त अग्रतर कारवाई किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उपस्थिति पंजी का निरीक्षण करने पर परिवार कल्याण कार्यकर्ता जयदीप कुमार गुप्ता 21 जून से अनुपस्थित पाये गये। गुप्ता की अनुपस्थिति के संबंध में भी किसी भी कर्मी के द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रानेश्वर की अनुपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को देख-रेख करने के लिए किस चिकित्सा पदाधिकारी को प्रभारी बनाया गया है। इस विषय में भी प्रधान सहायक विश्वजीत गोराई द्वारा कोई जानकारी नहीं दिया गया। इस संबंध में भी अनुपस्थित कर्मी जयदीप कुमार गुप्ता को स्पष्टीकरण करने के साथ-साथ अन्य विषयों की भी जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से मांगा जा रहा है।

### गोमिया के आंदोलनकारियों ने धनबाद डीआरएम से किया भेंट, सौपा मांग पत्र



बेरमो। धनबाद मंडल रेल यात्री कल्याण संघ ने डीआरएम कार्यालय मे, बुधवार को, धनवाद रेल मंडल रेल यात्री कल्याण संघ के अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधि मंडल डीआरएम अखिलेश मिश्रा से मिला। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने एक स्मार पत्र सौंपते हुये कहा कि बरकाकाना से भाया गोमो कोयलांचल क्षेत्र के दर्जनों औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ा है, इस रुट से बिहार (पटना) जाने के लिए एक भी ट्रेन नहीं चलती है जिससे यात्रियों व आम लोगों को पटना एवं बिहार(पटना) के अन्य क्षेत्र में आवागमन के लिए भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है बरकाकाना से भाया गोमो एक्सप्रेस ट्रेन अविलंब दोनों ओर से चलाया जाए। इसके अलावा 19607 /08 हावड़ा अजमेर एक्सप्रेस तथा 19413/14 अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव गोमिया में निर्धारित करने का मामला काफी दिनों से लंबित है उक्त मामला मुख्य कमर्शियल मैनेजर हाजीपुर के पास लंबित है। उपर्युक्त दोनों ट्रेन का गोमिया स्टेशन में ठहराव निर्धारित किया जाए, पत्र के माध्यम से यह भी कहा गया है कि डुमरी बिहार.और दनिया रेलवे स्टेशन के बीच विरहोर डेरा पैसेंजर ट्रेन का ठहराव के लिए हाल्ट की सुविधा बहाल किया जाए तथा गोमिया बैंक मोड़ से गोमिया स्टेशन तक जो लिंक रोड है काफी जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उक्त पथ को अविलंब जीर्णोद्धार किया जाए एवं पथ के दोनों ओर स्ट्रीट लाइट की सुविधा बहाल किया जाए। प्रतिनिधिमंडल से डीआरएम श्री मिश्रा ने आश्वस्थ किया कि बरकाकाना से भाया गोमो एक्सप्रेस पटना के लिए वरीय पदाधिकारी को पत्र अग्रसारित कर जल्द बरकाकाना से पटना भाया गोमो एक्सप्रेस संचालन पर बल देने की बात कही, उन्होंने यह भी कहा कि दोनों ट्रेन की ठहराव की जो मांगे हैं उस पर भी विचार कर पहल करने की बात कही। विरोहर डेरा में ट्रेन ठहरा व के लिए हाल्ट निर्माण के संबंध में पदाधिकारी से बात कर हल करने का प्रयास किया जाएगा तथा रेलवे स्टेशन से बैंक मोड़ तक जो पथ काफी जर्जर अवस्था में है उसे पर अभिलंब जीर्णोद्धार करने की बात कही। इस मौके पर रेल यात्री कल्याण संघ के महासचिव सह राजद श्रमिक प्रकोष्ठ बोकारो जिला अध्यक्ष अरुण यादव, उपाध्यक्ष शाहजहां एवं पत्रकार मो इस्पतियाक अहमद उस्थित थे।

## स्पीड न्यूज


### दुमका : रेलवे ट्रैक से युवक का शव बरामद

शिकारीपाड़ा। रेलवे ट्रैक पर शिकारीपाड़ा पुलिस ने बुधवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि दुमका-रामपुरहाट मार्ग पर रेलवे ट्रैक हरिनसिंघा गांव के पास पर ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा था। मृतक का पहचान थाना क्षेत्र जगतपुर गांव निवासी रविन्द्र हांसदा 20 के रूप में हुई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी गई। पुलिस हरिनसिंघा पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पाई थी।

### शादी का प्रलोभन देकर विधवा का यौन शोषण, मामला दर्ज

दुमका। शादी का प्रलोभन देकर विधवा से यौन शोषण करने का मामला बुधवार को सामने आया। मामले में नगर थाना पुलिस पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस शहर के शिवपहाड़ निवासी राज कुमार साह नामक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कई साल पहले पति की मृत्यु हो गई। एक बच्चा भी है। विधवा होने का नाजायज फायदा उठाते हुए राज कुमार साह उसके घर आने जाने लगा। युवक ने शादी करने का वादा किया और कई वर्षो तक शारीरिक संबंध बनाया। जब शादी करने के लिए दबाव बनाया तो साफ इंकार कर दिया। आना-जाना करना भी बंद कर दिया। कई बार युवक से मिलकर शादी करने के लिए दबाव बनाया। लेकिन वह तैयार नहीं हुआ। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर पीड़िता का न्यायालय में बयान दर्ज करा अनुसंधान में जुट गई है।

### झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता हेतु बोकारो टीम का सिलेक्शन 29 को



बोकारो। 12-13 जुलाई को जमशेदपुर स्थित जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में आयोजित 15वीं जूनियर एवं सब जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता हेतु झारखंड तैराकी संघ के अधीन पूर्वी सिंहभूम जिला तैराकी संघ की ओर से होने वाले उक्त स्टेट चैंपियनशिप के लिए बोकारो जिले की टीम गठित की जानी है। इस निमित्त 29 जून को बोकारो जिला तैराकी संघ की ओर से सेक्टर-4 स्थित डीपीएस बोकारो में सेलेक्शन ट्रायल रखा गया है। टीम के लिए तैराकों का चयन डीपीएस के स्विमिंग पूल एरिया में किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए बोकारो जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बताया कि सेलेक्शन ट्रायल ओपन है। इसमें जिले के किसी भी विद्यालय क्लब ग्रामीण क्षेत्रों एवं अन्य जगहों के स्वतंत्र प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। चयन ट्रायल में शामिल होने को इच्छुक प्रतिभागी को अपने पहचान-पत्र एवं एड्रेस प्रूफ के साथ अपना स्विमिंग कॉस्ट्यूम लेकर आना अनिवार्य होगा। ट्रायल के तहत विभिन्न स्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले चयनित तैराकों को बोकारो टीम में शामिल होने का अवसर मिलेगा और वे जमशेदपुर में होने वाली राज्यस्तरीय उक्त प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

# गोड्डा में ब्राउन शुगर के साथ चार युवक गिरफ्तार

**पुलिस ने युवकों के पास से 4.51 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय जेपीएन चौधरी

**गोड्डा।** पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय जेपीएन चौधरी ने एक प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि जिले में मादक द्रव्य पदार्थ के विरुद्ध एक अभियान छेड़ कर पुलिस अधीक्षक गोड्डा मनोज कुमार ने नशा सेवन करने वाले और इसके व्यवसाय करने वालों के लिए एक जाल सा फैला कर रखा है। जिसमें नित्य कोई न कोई नशे का शिकार फसता जा रहा है। इसी क्रम में डीएसपी प्रशिक्षु कुमार गौरव के नेतृत्व में गोड्डा नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने अपनी टीम के साथ बैथेल मिशन स्कूल के पीछे छापेमारी कर चार युवकों को अपने कब्जे में लिया और उनके पास से 4,51 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया जो सिल्वर पेपर में लपेटा हुआ था। 1 अमन मेहरा उम्र 20 वर्ष गांगटा गोड्डा नगर थाना, 2 किशोर कुमार उम्र 29 वर्ष साकेत पूरी गोड्डा नगर थाना, 3 मोनू कुमार उम्र 20 वर्ष गांगटा नगर थाना गोड्डा, 4 आशीष बास्की उम्र 24 वर्ष सुंदमारा देवदांड थाना सभी आरोपी जिला गोड्डा के निवासी हैं। अमन कुमार मेहरा का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके विरुद्ध 2022 में इसी एक मामले में प्राथमिकी भी दर्ज है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रेसवार्ता में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के अलावे कुमार गौरव डीएसपी प्रशिक्षु ,गोड्डा नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, थे छापेमारी में रामदेव वर्मा, भोला दास, गौरव कुमार, द्वारिका प्रसाद सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

# संयंत्र की प्रगति में प्रबंध प्रशिक्षुओं की भूमिका अपेक्षित है : राजश्री



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में 14 प्रबंध प्रशिक्षुओं के नए बैच के प्लांट/लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में प्रारम्भ हुआ। इससे पहले इन प्रशिक्षुओं का सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक-मानव संसाधन राजश्री बनर्जी तथा कार्यकारी अधिशासी निदेशक-संकार्य पीके बैसाखिया उपस्थित थे। सीजीएम नीता बा ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया। सभी प्रबंध प्रशिक्षुओं ने बनर्जी के साथ सुरक्षा की शपथ ली। ईडी बनर्जी ने प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बोकारो स्टील प्लांट निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है जिसे और आगे ले जाने में आप लोगों की भूमिका भी अपेक्षित है। सीजीएम बैसाखिया ने कहा कि उन्हें सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण की दृष्टिकोण से जीरो कार्बन इमिशन स्टील बनाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभानी है। जीएम देवा रानी टोप्पो ने प्रशिक्षुओं का बोकारो स्टील प्लांट में स्वागत किया।

### राज्यपाल संतोष गंगवार से मिले अनिल अग्रवाल



बेरमो। बेरमो विधान सभा क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी समाज सेवी सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल राज्यपाल संतोष गंगवार से रांची के राज भवन में मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया। इसी क्रम में महामहिम को अवगत कराते हुए बताया कि प्रक्रिया त्रुटि होने के कारण पिछले कुछ वर्षों से अग्रवाल समाज का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है जिससे समाज के लोगों को काफी परेशानी हो रही है प्रमाण पत्र नहीं बनने को लेकर ज्ञापन सौंपा तथा जरीडीह बाजार में 23 .11 .25 को होने वाले 21 जोड़ के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की भी जानकारी दी।

# दिव्यांगजनों के बीच बीएसएल ने बैटरी चलित ट्राई साइकिल का किया वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा अपने निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से आशालता विकलांग विकास केंद्र में आयोजित एक विशेष शिविर में 42 दिव्यांग लाभार्थियों को निःशुल्क बैटरी चालित ट्राईसाइकिल प्रदान की गईं। इस मौके पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ईडी-वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी-मानव संसाधन राजश्री बनर्जी ईडी-एमएम सीआर मिश्रा सीजीएम लक्ष्मी दास सीएमओ डॉ आनंद कुमार आशालता केंद्र के निदेशक बीएस जायसवाल एलिम्को के प्रतिनिधि जीएम बी बनर्जी वरीय प्रबंधक एनके त्रिपाठी सहित बीएसएल व आशालता केंद्र एवं एलिम्को के अधिकारी कर्मचारी लाभार्थी व उनके परिजन उपस्थित रहे। मौके पर निदेशक प्रभारी तिवारी ने कहा कि बोकारो इस्पात संयंत्र न केवल इस्पात निर्माण में अग्रणी है बल्कि जरूरतमंद वर्गों के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। आशालता केंद्र के निदेशक जयसवाल ने आशा लता केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद सिंह वं धन्यवाद ज्ञापन जीएम बी बनर्जी द्वारा किया गया।

## कथारा : सलाहकार समिति और प्रबंधन के बीच बैठक में जीएम ने कहा
# कोयल का उत्पादन 6 लाख 28 हजार 300 टन हुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कथारा।** कथारा स्थित ऑफिसर क्लब में क्षेत्रीय सलाहकार समिति और सीसीएल प्रबंधन के बीच बैठक बुधवार को आयोजित की गई हैं। जिसकी अध्यक्षता कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार और संचालन सुर्य प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि कोयल का उत्पादन 6 लाख 28 हजार 300 टन, ओसीआर 18 लाख 39 हजार, डिस्पैच कोयला का 5 लाख 40 हजार, कोयले की धुलाई 156 रैक किया गया। जिसमें 19% ग्रोथ कथारा क्षेत्र ने बीते वर्ष किया जबकि इस वर्ष लक्ष्य 100 लाख टन कोयला का है। इसमें कोयले का उत्पादन 44 लाख टन ओबीआर 44 लाख टन का है। कहा कि अभी तक जो बारिश हुआ है उस हालत ठीक है आने वाले दिनों के हालात खराब ना हो इसकी देखरेख सही तरीके से करें। हमारे क्षेत्र में तीन नदियां हैं जिसमें बहुत सारे काम किए गए हैं और बारिश के मौसम है तो उत्पादन में अभी तक कोई कमी नहीं देखी है। लेकिन आने वाले समय पर हल्का-फुल्का दिक्कत का सामना हो सकता है। इस मौके पर सलाहकार समिति की ओर से मो इकबाल अहमद व कामोद ने कहा कि कथारा क्षेत्र में पानी की सप्लाई की समस्या सेंसिटिव पद पर ध्यान देने की जरूरत है। कहा कि विगत 12 साल से लगातार एक ही पद पर पड़ा कर्मियों का प्रमोशन सीसीएल के कर्मी के क्वार्टर में कार्य सही तरह से ठेकेदार द्वारा नहीं किया जाना पूरे क्षेत्र में रिटायर पेंशन रिवीजन पर ध्यान देना सहित अन्य मांगों को प्रबंधन के समक्ष रखा। कमोद प्रसाद ने भी प्रबंधक के समक्ष एसीसी की पॉलिसी प्रत्येक 4 माह में बैठक करने पानी की सप्लाई कथारा क्षेत्र में ठीक तरह से नहीं होना फिल्टर प्लांट में सिर्फ हाजिरी बनाकर घूमना सेंसिटिव पद पर ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर बालेश्वर गोप, पीके विश्वास, मथुरा प्रसाद सिंह, सचिन कुमार,पी के जयसवाल, राजु स्वामी, विजय कुमार सिंह, वहीं अधिकारीयों से सीबी तिवारी, अर्जून प्रसाद, एसओपी माधुरी मांड़के, जीएम उत्खनन अभिजीत दत्ता, जीएम विधूत विपीन कुमार, कथारा वाशरी पीओ अमरेन्द्र कुमार, कृष्ण मुरारी, विपीन चन्दन कुमार, डॉ एम एन राम, समविराज सिंह, गुरु प्रसाद मंडल, संजय सिंह, मो फिरदौस, जेपी एन सिंह आदि उपस्थित थे।

### तेनुघाट-गोमिया मुख्य मार्ग पर खतरे की घंटी: बिजली पोल गिरने के कगार पर, हो सकता है बड़ा हादसा



बेरमो/तेनुघाट/गोमिया। तेनुघाट-गोमिया मुख्य मार्ग भारत माता तेनुघाट दो नंबर पर बिजली के पोल जर्जर हालत में हैं और किसी भी समय गिर सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग से की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस मार्ग पर कई बिजली के पोल पुराने और कमजोर हो चुके हैं, जो हल्की आंधी या बारिश में भी हिलने लगते हैं। कुछ पोल तो इस कदर झुके हुए हैं कि वे सड़क पर गिरने की कगार पर हैं। यह मार्ग तेनुघाट और गोमिया को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां रोजाना सैकड़ों वाहन और पैदल यात्री गुजरते हैं। जर्जर पोल और उनसे जुड़े बिजली के तारों के टूटने से न केवल बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है, बल्कि जानमाल का भी गंभीर खतरा है।

### नगर थाना के समीप चलाया गया जांच अभियान



गोड्डा। जिले में बढ़ते सड़क हादसों और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से नगर थाना क्षेत्र के समीप बुधवार को जिला परिवहन एवं नगर थाना कि पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। उक्त विशेष अभियान नगर थाना चौक के समीप दोपहर से शाम तक चलाया गया, जिसमें दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। थाना प्रभारी के नेतृत्व में चले इस अभियान में वाहन चालकों के लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाणपत्र की जांच की गई। इस दौरान मौके पर कई चालकों को नियमों के उल्लंघन पर जुमार्ना भी लगाया। कहा गया कि लोगों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। वाहन चालन के दौरान नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यह अभियान आगे भी लगातार चलते रहेंगे। इस जांच अभियान के दौरान आम नागरिकों को भी सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूक किया गया।

# दुमकाः अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने किया पौधरोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मसलिया।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ओर से मसलिया प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय में ग्राहक जागरूकता एवं पौधरोपण कार्यक्रम बुधवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख बिशु टुडू ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत सचिव डॉ अमुलय कुमार पाल ने कहा कि आज के दौर में उपभोक्ता हर कदम पर ठगी का शिकार हो रहा है। यदि उपभोक्ता सजग नहीं होगा, तो उसका शोषण लगातार होता रहेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने पर्यावरण पर बल देते हुए कहा कि आज पर्यावरण हमारे जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। जिसे संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पर्यावरण प्रमुख स्वपन दत्ता ने कहा कि वर्षा ऋतु के इस अवसर पर हर व्यक्ति को कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कोषाध्यक्ष ऋषभ कुमार गण ने पौधरोपण को मानव धर्म की संज्ञा देते हुए कहा कि वृक्ष लगाना नहीं केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि यह हमारा नैतिक दायित्व भी है। इस अवसर पर प्रमुख बिशु टुडू ने प्रत्येक बच्चे को अपने अपने घरों में कम से कम एक पेड़ लगाने और उसका देखभाल करने को प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में पौधरोपण करते हुए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण व उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में भाषण एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता प्रथम स्थान शिवम दत्ता, द्वितीय स्थान अदिति नंदी एवं तृतीय स्थान बेबी दे प्राप्त की। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गोपल सेन, द्वितीय स्थान प्रिया किस्कू एवं तृतीय स्थान किया नंदी ने प्राप्त की। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रमुख स्वपन कुमार दत्ता, षष्ठी पद नंदी, दिनेश दत्ता, खुदीराम नंदी, कौशल, धनंजय पाल, बंकिम चंद्र दत्ता, प्रधानाचार्य रूपेश मिश्रा समेत शिक्षक व छात्र आदि उपस्थित रहे।

# बोकारो : सेक्टर-12 थाना क्षेत्र के 84 दुकानों में छापेमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सिंह के सहयोग से तंबाकू उत्पाद अधिनियम-के तहत सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन एलएच रोड एवं बारी कोऑपरेटिव की कुल 84 दुकानों की जांच की गई जिसमें 26 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लंघन करते हुए पाया गया। जिनसे अर्थदंड के रूप में कुल 4200 रुपये की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम के द्वारा बताया गया कि छापामारी के दौरान विशेष रूप से स्कूल के आसपास यानी स्कूल के 100 मीटर के दायरे में आने वाले सभी दुकानों की जांच की गई। साथ ही सभी दुकानदारों को सुझाव दिया गया कि शिक्षण संस्थान/सरकार कार्यालय/अस्पताल एवं कोर्ट परिसर के 100 मीटर के दायरे में धूम्रपान/तम्बाकू उत्पाद का उपयोग एवं तम्बाकू खाकर थूकने पर 1000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। छापामारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग से जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सेक्टर 12 थाना से छापामारी दल के सदस्य प्रवीन सांगा व उनका दल उपस्थित रहा।

### महिला समिति ने विद्यार्थियों के बीच पाठ्य-सामग्री व परिधान किया वितरित



बोकारो। महिला समिति बोकारो द्वारा संचालित विद्यालय बाल मंदिर व सौरभ शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक व बैग और स्कूल ड्रेस का वितरण समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी की अगुवाई तथा विद्यालय प्रभारी ऋचा प्रियदर्शिनी के समन्वय में किया गया। तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर तबके के बच्चों को शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि महिला समिति सदैव समाज के संसाधन विहीन वर्ग की मदद के लिए प्रयासरत रहती है। बीएसएल के सीएसआर विभाग की मदद से हर वर्ष इन विद्यालयों में यह वितरण संपन्न हो पाता है। मौके पर समिति की उपाध्यक्ष देवजानी मिश्रा तथा अल्का मनवटी सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया सुरभि प्रभारी अनीशा झा सिलाई व सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश समिता मोहंती तथा विद्यालय प्रभारी आशा राज उपस्थित थीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सबिता प्रमाणिक व रीता शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं खुशबू रंजू लक्ष्मी कंचन मुस्कान बालमंदिर से तथा राहुल सुमन पांडे सुनंदा सरिता प्रियंका मून सौरभ शिशु मंदिर से यहां की गतिविधियों में भागीदारी दर्ज कराई है।

स्पीड न्यूज

## पुणे मेट्रो के विस्तार को कैबिनेट की मुहर

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र के पुणे में मेट्रो रेल नेटवर्क में दूसरे कॉरीडोर के विस्तार की 3626.24 करोड़ रुपये की परियोजना को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की गुरुवार को हुई बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि चरण-1 के तहत मौजूदा वनाज-रामवाड़ी कॉरिडोर का विस्तार है। ये दो एलिवेटेड कॉरिडोर 12.75 किलोमीटर तक फैले होंगे और इनमें 13 स्टेशन शामिल होंगे।

## अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र आगरा में खुलेगा

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि गेहूं और चावल के बाद उपभोग के लिहाज से आलू का स्थान तीसरे नंबर पर आता है। चीन के बाद भारत आलू उत्पादन में तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने कहा कि आलू प्रमुख फसल है एवं खाद्य सुरक्षा के लिहाज से बेहद जरूरी है लेकिन भारत में मुख्यतः आलू की टेबल वेरायटी का उत्पादन होता है, निर्यात बाजार में प्रोसेस करने योग्य किस्मों की मांग होती है।इसमें जर्म प्लाज्म का भंडार होगा, जिसका उपयोग उत्पादकता वाले बीज तैयार किए जाएंगे।

## इजरायली हमलों में 70 फिलिस्तीनी मरे

**गाजा।** गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबारी और हवाई हमलों में कम से कम 70 फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकौश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की और 70 लोगों की मौत हो गई।

## कोलंबिया में भूस्खलन से आठ लोगों की मौत

**बोगोटा।** उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन से आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मेयर लोरेना गोंजालेज ने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन ने 10 घरों को प्रभावित किया।

## मणिपुर में हथियार तस्करी का भंडाफोड़

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने ग्रेटर इंफाल क्षेत्र में गुप्त रूप से काम कर रहे हथियार तस्करों और डीलरों के एक अंतर-राज्यीय नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक उग्रवादी संगठन के कमांडर को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि चार तस्करों को गिरफ्तार किया।

## अपोलो कैंसर सेंटर ने लांच किया कैनविन

**नयी दिल्ली।** अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी) ने नेशनल कैंसर सर्वाइवर्स माह के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को कैनविन कैंसर सहायता समूह के शुभारंभ की घोषणा की। कैनविन जैसी पहल कैंसर विजेताओं को अपनी कहानियां साझा करने, विचार करने और ठीक होने के लिए एक मंच प्रदान करके उस अंतर को पाटती है, जहां डॉक्टर और देखभाल प्रदाता एकजुटता से खड़े हैं।

## सात दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी

**नयी दिल्ली।** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरी तरह सक्रिय है। अब राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 7 दिनों तक देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर हिस्सों में भारी से भारी बारिश की संभावना है। 24 घंटों के दौरान गुजरात व मध्य प्रदेश में कई जगहों पर भारी बारिश दर्ज की गई।

# आपातकाल में कांग्रेस ने प्रेस की आजादी छीनी थी : मोदी

**एजेंसी**

▸▸ प्रधानमंत्री ने आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर लोकतांत्रिक इतिहास का काला अध्याय बताया

▸▸ संविधान हत्या दिवस नाम कठोर, लेकिन तानाशाह सरकार के अत्याचार के अनुरूप: अमित शाह



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय और संविधान हत्या दिवस बताया और आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम किया। मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक, आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे हो गए हैं। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन, भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित , प्रेस की आजादी को खत्म कर दिया गया था और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया था। ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि द इमरजेंसी डायरीज में आपातकाल के वर्षों के दौरान मेरी यात्रा का वर्णन है। इसने उस समय की कई यादें ताजा कर दीं। मोदी ने कहा कि मैं उन सभी लोगों से अपील करता हूँ जो आपातकाल के उन काले दिनों को याद करते हैं या जिनके परिवारों ने उस दौरान कष्ट झेले हैं, वे अपने अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे युवाओं में 1975 से 1977 तक के शर्मनाक समय के बारे में जागरूकता पैदा होगी। उन्होंने आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम किया, जिनकी सामूहिक लड़ाई ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करने और चुनाव कराने पर मजबूर किया। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक ज्वलंत उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई। मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित देश के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को साकार करें। यही हमारी प्रतिबद्धता है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश के इतिहास के काले अध्याय यानी आपातकाल लागू करने के दिन का नाम संविधान हत्या दिवस सुनने में भले ही कठोर लगे लेकिन यह नामकरण सोच समझकर किया गया है क्योंकि उस कालखंड में पूरे देश को ही जेल बनाकर स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति का गला दबा दिया गया था। शाह ने देश में आपातकाल लगाये जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य देशवासियों विशेष रूप से युवाओं और भविष्य की पीढ़ियों को तत्कालीन तानाशाह सरकार के अत्याचार और अन्याय से अवगत कराना है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आपातकाल पर पुस्तक द इमरजेंसी डायरीज का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक श्री मोदी के 25 वर्ष की उम्र में आपातकाल के दौरान भूमिगत रहकर कार्य करने के अनुभव और उस समय देश के माहौल पर आधारित है। उन्होंने कहा कि जब संविधान हत्या दिवस नाम तय किया जा रहा था तो लगा था कि यह बहुत कठोर है लेकिन यह सोच समझकर रखा गया क्योंकि उस समय देश को ही जेल बना दिया गया था और संविधान की हत्या कर दी गयी थी। उन्होंने कहा कि द्यद इमरजेंसी डायरीजद्य नाम की इस पुस्तक में उस कालखंड के संघर्ष को प्रकट किया गया है। उस समय श्री मोदी भूमिगत रहकर काम करते थे और आपातकाल के विरोध में तानाशाह विचारों का विरोध कर रहे थे। वह वेश बदलकर अलग अलग जगहों पर छोटे मोटे काम करते थे और आपातकाल के पीड़ितों की हरसंभव मदद करते थे। युवाओं से आग्रह है कि वे इस पुस्तक को जरूर पढें।

# 2026 से अब साल में दो बार होगी 10वीं की परीक्षा

## सीबीएसइ बोर्ड : पहला चरण अनिवार्य, दूसरा होगा वैकल्पिक

**एजेंसी**

▸▸ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप लिया गया है यह निर्णय : भारद्वाज

▸▸ पहली परीक्षा फरवरी के मध्य में और दूसरी मई में आयोजित की जायेगी

▸▸ प्रथम का रिजल्ट अप्रैल में और द्वितीय का जून में घोषित किया जायेगा



नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026 से कक्षा 10वीं में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने की घोषणा की है। पहली बोर्ड परीक्षा फरवरी में आयोजित की जाएगी और सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होगी, जबकि मई माह में होने वाली दूसरी बोर्ड परीक्षा उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगी जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं।

सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बुधवार को बताया कि यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की सिफारिशों के अनुरूप लिया गया है। इसका उद्देश्य छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम करना और उन्हें सुधार का अवसर देना है। इस नई व्यवस्था से परीक्षा की हाई स्टेक्स प्रकृति को कम किया जाएगा और छात्रों को अधिक लचीलापन मिलेगा। बोर्ड ने यह निर्णय व्यापक विचार-विमर्श और हितधारकों की राय के बाद लिया है।

नई योजना के तहत पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होगी, जबकि दूसरी परीक्षा इच्छुक छात्रों के लिए सुधार का अवसर प्रदान करेगी। छात्र विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में प्रदर्शन सुधारने के लिए दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

हालांकि, अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में तीन या अधिक विषयों में शामिल नहीं होता है, तो उसे दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे छात्रों को आवश्यक पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा और उसे अगले साल फरवरी में दोबारा परीक्षा देनी होगी। खेल में हिस्सा लेने वाले छात्र, जिनकी परीक्षाएं खेल आयोजनों से टकराती हैं, उन्हें दूसरी परीक्षा में बैठने की सुविधा मिलेगी। वहीं, सर्दी-प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों के छात्र पहली या दूसरी परीक्षा का विकल्प चुन सकते हैं। सीडब्ल्यूएसएन (दिव्यांग) छात्रों को दोनों परीक्षाओं में विशेष सुविधाएं जारी रहेंगी। पहली बोर्ड परीक्षा फरवरी के मध्य में और दूसरी मई में आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाएं पूरे सत्र के पाठ्यक्रम पर आधारित होंगी। हालांकि, आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार मुख्य परीक्षा से पहले किया जाएगा।

प्रथम परीक्षा का परिणाम अप्रैल में तथा द्वितीय परीक्षा का परिणाम जून में घोषित किया जाएगा। प्रथम परीक्षा के आधार पर डिजीलॉकर से डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त कर छात्र 11वीं में अनंतिम रूप से प्रवेश ले सकेंगे।

## लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए भूकंप जैसा था आपातकाल : धनखड़

**नैनीताल।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज से पचास वर्ष पूर्व, इसी दिन लोकतंत्र को नष्ट कर देने वाला आपातकाल थोप दिया गया था, जो लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए भूकंप से कम नहीं था। उन्होंने इस कालखंड को भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय समय बताया। उन्होंने कहा कि उस समय की प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत हितों को सर्वोपरि रखते हुए कैबिनेट को दरकिनार कर राष्ट्रव्यापी आपातकाल की घोषणा करवाई और राष्ट्रपति ने संवैधानिक मयार्दाओं की उपेक्षा कर इस पर हस्ताक्षर कर दिये। धनखड़ बुधवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में छात्रों व प्राध्यापकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान लगभग 1.4 लाख लोगों को जेलों में डाल दिया गया था। उस दौरान नौ उच्च न्यायालयों ने मौलिक अधिकारों की स्थिरता पर बल दिया, लेकिन दुर्भाग्यवश सर्वोच्च न्यायालय ने इन निर्णयों को पलट दिया और कहा कि कार्यपालिका के निर्णय न्यायिक समीक्षा से परे हैं। इससे लोकतंत्र को भारी आघात लगा।

# संविधान की धज्जियां उड़ा रहे मोदी : खड़गे

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद की गरिमा घटाई है और देश के संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं और अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संविधान बचाओ अभियान की लोकप्रियता से घबराकर आपातकाल की बात कर अपनी सरकार की विफलता को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। खड़गे ने बुधवार को पार्टी के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी देश में संघवाद की बात कर सभी राज्यों के साथ समानता की बात करते हैं, लेकिन सच यह है कि भाजपा और गैर-भाजपा शासित राज्यों के प्रति उनका नजरिया भिन्न-भिन्न होता है। मोदी और उनकी सरकार संविधान और लोकतंत्र की सुरक्षा करने में असफल रही है और विपक्ष के साथ जबरदस्त भेदभाव कर देश को बर्बाद करने का काम कर रही है। उनका कहना था कि जब पूरा देश पहलगाम हमले के बाद एकजुट था और कांग्रेस सहित सारे विपक्ष ने सरकार के हर फैसले में उसका साथ दिया तो जवाब में मोदी सरकार जनता और लोकतंत्र के हितों को महत्व देने की बजाय आपातकाल की बात कर विपक्ष के खिलाफ साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी कह रहे हैं कि आपातकाल में देश के लोकतंत्र को खत्म कर दिया गया था और अब उसे बहाल किया जा रहा है। कमाल यह है कि संविधान बचाने की बात वे कर रहे हैं जिनका देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। जिन लोगों ने इस संविधान को बनाने में सहयोग नहीं दिया, हमेशा संविधान के खिलाफ बात करते रहे, जिस संविधान को बाबा साहेब अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी और संविधान सभा ने तैयार किया उसे आरएसएस के लोगों ने रामलीला मैदान में जलाया।

# बिहार में पंचायत जन प्रतिनिधियों को मिलेगा जल्द शस्त्र लाइसेंस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ गृह विभाग ने सभी जिलों के डीएम-एसपी को जारी किया विशेष आदेश

**पटना।** बिहार के जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुखिया, सरपंच जैसे पंचायती राज से जुड़े जन-प्रतिनिधियों को अब शस्त्र लाइसेंस के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। विधानसभा चुनाव से पहले ऐसे इच्छुक जन-प्रतिनिधियों को शस्त्र लाइसेंस जारी करने की तैयारी है। गृह विभाग ने इस बाबत सभी जिलों के डीएम-एसपी को विशेष आदेश जारी किया है। गृह विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार सिन्हा की ओर से जिलों को जारी आदेश में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा का हवाला देते हुए कहा गया है कि पंचायत प्रतिनधियों के शस्त्र लाइसेंस के आवेदन को जिला पदाधिकारी निर्धारित समय-सीमा के अंदर नियमानुसार निष्पादित करने की कार्रवाई करेंगे। राज्य में पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े करीब ढाई लाख जन-प्रतिनिधि हैं। इनमें बड़ी संख्या में पंचायत एवं ग्राम कचहरी के प्रतिनिधि लंबे समय से सुरक्षा का हवाला देते हुए शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग राज्य सरकार से करते आ रहे हैं। जन-प्रतिनिधियों की मांग को देखते हुए पिछले दिनों नीतीश कुमार ने नियमानुसार शस्त्र लाइसेंस का निष्पादन करने का निर्देश दिया था।

## ईरान पर हिरोशिमा और नागासाकी जैसा हमला : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हाल ही में किए गए अमेरिकी हमलों की तुलना करते हुये बुधवार को कहा कि ये हमले जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर 1945 में की गई बमबारी के समान हैं। ट्रंप ने हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान कहा कि मैं नागासाकी का उदाहरण नहीं देना चाहता, लेकिन वही बात इस युद्ध को खत्म करने वाली थी। इसने इजराइल-ईरान युद्ध को खत्म किया। अगर हमने ऐसा नहीं किया होता, तो वे अभी भी लड़ रहे होते।

# टीडीपी के साथ मुठभेड़ में पाक का मेजर मारा गया

**एजेंसी**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी स्पेशल सर्विस ग्रुप का मेजर सैयद मोइज अब्बास शाह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीडीपी) के आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। यह वही अफसर बताया जा रहा है, जिसने बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान भारतीय वायु सेना के तत्कालीन विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को फाइटर जेट क्रैश होने के बाद पकड़ लिया था। यह मुठभेड़ मंगलवार को दक्षिणी वजीरिस्तान में हुई। पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया और जनसंपर्क शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण वजीरिस्तान जिले के सरोगा क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान 11 आतंकवादियों को मार गिराया। भीषण गोलीबारी के दौरान मेजर सैयद मोइज अब्बास शाह और लांस नायक जिब्रान उल्लाह की की मौत हो गई।






# युद्ध विराम से शेयर बाजार ने लगायी लंबी छलांग

**एजेंसी**

## सेंसेक्स 700 और निफ्टी 200 अंक उछला



सेंसेक्स 85 प्रतिशत की तेजी के साथ 82755 निफ्टी 0.80 प्रतिशत उछलकर 25244 अंक पर हुआ बंद

**मुंबई।** इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम समझौते होने से एशियाई बाजारों में जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन लंबी छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक अर्थात 0.85 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 82755.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 200.40 अंक यानी 0.80 प्रतिशत उछलकर 25244.75 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.63 प्रतिशत मजबूत होकर 46,106.45 और स्मॉलकैप 1.59 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 53,897.25 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4162 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2821 में लिवाली जबकि 1207 में बिकवाली वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2990 कंपनियों के शेयरो में से 2135 में तेजी जबकि 776 में गिरावट रही वहीं 79 में टिकाव रहा। बीएसई में तेल एवं गैस और कैपिटल गुड्स की 0.54 प्रतिशत तक की गिरवट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.99, सीडी 1.26, ऊर्जा 0.27, एफएमसीजी 0.85, वित्तीय सेवाएं 0.48, हेल्थकेयर 1.11, इंडस्ट्रियल्स 0.24, आईटी 1.68, दूरसंचार 1.42, यूटिलिटीज 0.95, ऑटो 1.00, बैंकिंग 0.11, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.26, धातु 0.37, पावर 0.54, रियल्टी 0.58, टेक 1.69, सर्विसेज 0.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.69 प्रतिशत उछल गए।

## निवेशकों को 3.88 लाख करोड़ फायदा

शेयर बाजार में मजबूती से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने चार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ कर 453.96 लाख करोड़ रुपये हो गया। मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 450.08 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 3.88 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

## ये हैं टॉप गेनर्स

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाइटन 3.61, इंफोसिस 2.15, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.13, भारती एयरटेल 1.69, टीसीएस 1.68, टेक महिंद्रा 1.59, पावरग्रिड 1.59, अल्ट्रासिम्को 1.56, एचसीएल टेक 1.49, इटरनल 1.45, बजाज फाइनेंस 1.33, मारुति 1.27, रिलायंस 1.19, ट्रेंट 1.13, टाटा स्टील 1.03, एचडीएफसी बैंक 0.99, एसबीआई 0.61, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.53, एलटी 0.47, अदानी पोर्ट्स 0.23, टाटा मोटर्स 0.13 और आईसीआईसीआई बैंक 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, बीईएल 3.06, कोटक बैंक 1.14 और एक्सिस बैंक के शेयर 0.66 प्रतिशत गिर गए।